Love All Serve All

RNI No. RAJBIL/2013/53515
डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी/403/2020-22

# महावीर प्रवाह

## MAHAVIR PRAVAH

(महावीर इन्टरनेशनल की मासिक पत्रिका)

Live And Let Live

A Non Religious Social Service Organization

जयपुर

Publication Date: 28th Per Month • Year 8th, August 2021, Issue 08 • Despatch Date: 28th Per Month • Total Pages: 60 • Rate: 5/-



# लहू का रंग एक - देशभक्ति के रंग अनेक




महावीर इंटरनेशनल
के दानवीर
रक्तवीरा एवं रक्तवीर





# GLIMPSES OF ACTIVITIES







**International President**
**Vir Shanti K. Jain, IPS (Retd)**
president@mahavir.international

**International Secretary General**
**Vir CA Anil Jain**
sg@mahavir.international

**Editor**
**Vir Mahendra K. Chopra**
J-149, Adrash Nagar, Jaipur
Mob.: +91 9414069756
editor@mahavir.international

**Co-Editor :**
**Vira Dr. Rashmi Saraswat**
Mob. : +91 6376968501
dir.wc@mahavir.international

**Vir Sandeep Dangi**
Mob. : +91 9824113571
dangisandeep@gmail.com

**Vir Rakesh Jain Godika**
Mob. 9414078380
rakeshgodika@gmail.com

**Bank Details :**
**Mahavir International Foundation Trust**
Saving Account No. 61062861475
**Mahavir International Apex**
Saving Account No. 61085014726
IFS Code : SBIN0031033
STATE BANK OF INDIA
Branch : Tilak Nagar, Jaipur

**Website :**
www.mahavir.international

**For sending reports :**
reports@mahavir.international

**To communicate with Jaipur Office :**
office@mahavir.international

**Facebook :**
**Page :** https://www.facebook.com/mahavirinternationalapex
**Group :** https://www.facebook.com/mahavirintnlapex

**Instagram link :**
https://www.instagram.com/miapex/

**Layout & Designer :**
**SJ Creations**
+91 9911278543
sarika1_designer@yahoo.co.in

**Printer :**
Ashoka Offset, Jaipur
+91 9982292263

# Contents

संदेश वीर शांति कुमार जैन, वीर अनिल जैन ........ 04
वीर उमेश अरोड़ा ........ 05
75वें स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को समर्पित रक्तदान सप्ताह महावीर इंटरनेशनल के दानवीर रक्तवीरा एवं रक्तवीर ........ 06
स्लोगन प्रतियोगिता विजेता ........ 11
Blood Donation Collection Winners ........ 13
शान्ति, अमन और अहिंसा बनाये रखने में सबसे बड़ा योगदान एक सैनिक का: लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र प्रताप पांडे, सम्मान समारोह का आयोजन ........ 15
महावीर इंटरनेशनल अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोधपुर दौरा ........ 17
संगठन को सेवा की नयी ऊंचाईयों पर ले जाना ही हमारा लक्ष्य - वीर अनिल जैन सफल व ऐतिहासिक रहा सेक्रेटरी जनरल का सूरत दौरा ........ 19
अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव का बीकानेर एवं नोखा केंद्रों का दौरा ........ 23

**रीजन-1**
- नार्थ-1 संभाग ........ 24
- नार्थ-2 जोन ........ 27

**रीजन-2**
- जयपुर जोन ........ 28
- सीकर-झुंझुनू जोन ........ 32

**रीजन-3**
- अजमेर जोन ........ 33
- बिजयनगर-ब्यावर जोन ........ 36
- भीलवाड़ा जोन ........ 37
- चित्तौड़गढ़ जोन ........ 39

**रीजन-4**
- डूँगरपुर-बासवाड़ा जोन ........ 41
- राजसमंद जोन ........ 43
- उदयपुर जोन ........ 45

**रीजन-5**
- बीकानेर जोन ........ 45
- जोधपुर जोन ........ 46
- नार्थ ईस्ट बिहार, झारखण्ड एवं पश्चिमी बंगाल जोन ........ 49

**रीजन-6**
- बाड़मेर-बालोतरा जोन ........ 50
- जालोर-सिरोही जोन ........ 51

**रीजन-7**
- रतलाम-नीमच जोन ........ 51
- इन्दौर-उज्जैन जोन, भोपाल जोन ........ 52

**रीजन-8**
- औरगांबाद - अहमदनगर जोन ........ 53
- गुजरात जोन ........ 54
- मुंबई जोन ........ 55

**रीजन-9**
- छत्तीसगढ़ जोन ........ 55
- महाकौशल जोन, विदर्भ जोन ........ 56

**रीजन-10**
- कर्नाटक जोन ........ 57
- तमिलनाडू-केरला जोन ........ 58
- तेलंगाना जोन ........ 59

1. पत्रिका में समाहित सामग्री महावीर इन्टरनेशनल केन्द्रों से प्राप्त सूचनाओं पर आधारित है।
2. पत्रिका में मुद्रित लेख आदि के लिए शीर्ष एवं संपादक मंडल का सहमत होना अनिवार्य नहीं है।
3. किसी सामग्री को प्रकाशित करना या नहीं करना शीर्ष एवं संपादक मंडल के विवेकाधीन है।
4. अगले महीने का विषय: **'सामाजिक सेवा का नया मंत्र: किफायत और गुणवत्ता'** कृपया लेख एवं कविता भेजें।



**वीर शांति कुमार जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष



**वीर अनिल जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव

**सम्मानीय वीर एवं वीरा**
**जय महावीर**

दान करना बहुत पुण्यकारी कार्य माना गया है। कहा जाता है दान पुण्य और परोपकार करने से ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। हर व्यक्ति दान पुण्य के महत्व को समझता है, जिसे देने से जरूरत मंद व्यक्ति और दानदाता को संतुष्टि और खुशी मिलती है।

पुण्य हर इंसान अपने-अपने ढंग से कमाना चाहता है, जिस कार्य को करने से कर्ता को जितना अधिक कष्ट होता है पुण्य की मात्रा उतनी अधिक मानी जाती है। कई बार हम देना बहुत कुछ चाहते है लेकिन ज्ञान व जागरुकता अभाव, क्षमता व आर्थिक परिस्थितियां हमारी बाधक बन जाती है और हम दे नही पाते, लेकिन बहुदा हम यह भूल जाते है कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जिसे कर सकता है हर साधारण इंसान।

**रक्तदान जिंदगी कि सबसे बड़ी कमाई है। जिसे हर इंसान दान देकर किसी की टूटती साँसे बचा सकता है।**

**वह ईश्वरीय वरदान, हुनर, दौलत सबसे बड़ा महादान जिसे ना खुद ईश्वर, ना कोई मशीन, ना कोई संस्थान उत्पादित कर सकता है। यह वह जीवन जड़ी बूटी है जिसकी पूर्ति व उत्पादन मानव शरीर से ही संभव है।**

**एक ऐसा जीवन-ईंधन जिससे कई जीवनयान चलाये जा सकते है।**

रक्तदान वह अमूल्य आदान-प्रदान है जिसको पाने, देने, और उत्पादन का कोई मूल्य नही आँका जा सकता है ना ही कोई मूल्य चुकाना पड़ता है। यह वह अमृत है जो निरंतर व्यक्तियों मे निर्मित होता रहता है, जो ना केवल जरूरतमंद को जीवन देता है साथ ही रक्तदाता को भी एक स्वस्थ व दीर्घायु लाभ से धनी बना देता है। जिसके देने से ना केवल लेने वाले कि जान बचाई जाती है बल्कि अपने जीवन मे भी स्फुर्ति और अनेक प्राण घातक बीमारियों को आने से रोका जाता है।

यह परोपकार का वह अवसर व रास्ता है जहॉं से "एक पंथ-अनेक पुण्य लाभ" बिना किसी धन संसाधन के भी इंसान दान कर सकता है, जैसे एक बार गंगा स्नान करके सारे पाप धूल जाने के महत्व का वर्णन है।

कई अधिक पुण्य लाभ व रक्त एकत्रीकरण व किसी के जीवन दान का मात्र एक माध्यम है रक्तदान शिविर व स्व जागरुकता अभियान। जिसे महावीर इंटरनेशनल समय-समय पर अपने केंद्रों के माध्यम से करता आ रहा है। हाल ही मे 75वें आजादी महोत्सव मे साप्ताहिक रक्तदान अभियान पूरे देश मे अपने केंद्रों के माध्यम से आयोजित किया और देश के क्षेत्रीय ब्लड बैंकों से अनुबंध करके रक्तदान हेतु जागरुकता एवं प्रेरणा की दिशा में प्रेरित करते हुए अधिकतम रक्त एकत्र कर जनसेवा मे अपना कीर्तिमान स्थापित किया।

रक्तवीरा, रक्तवीर, और युथ वीर-वीरा समूह बनाकर एक विशाल स्तरीय शिविर के माध्यम से अनेकता मे एकता का यह संदेश दिया कि चाहे रंग- रूप, वेष-भूषा सभी अनेक है लेकिन सबके लहू का रंग एक है। जो कभी भी किसी भी व्यक्ति की जरूरत और जीवन धारा बन कर किसी भी अन्य व्यक्ति की रगों मे बह सकता है।

सभी वीर-वीराओं ने इस सराहनीय कार्य को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस अनुपम व निरंतर चलने वाले मिशन को जन जागरुकता अभियान बनाने का अनोखा कदम उठाया और अपने इर्द-गिर्द देश के हर शहर मे एक प्रेरणा की मिसाल कायम की है।

सनातन परम्परा से चले आ रहे दान के महत्व को हम सभी स्व जागरुकता व जिम्मेदारी माने और रक्त दान कर एक ऐसा कार्य करे जिसके जरिये हम न केवल धर्म का ठीक-ठीक पालन करे बल्कि एक शिक्षित, जागरुक और विज्ञान के अनुसार भी इस मिशन को अधिक से अधिक निरंतरता देकर अपने जीवन की तमाम समस्याओं से मुक्त हो। आयु, रक्षा व अच्छी सेहत व जीवनदाता के रूप में अपने आप को एक अलग पहचान दे। तो जितनी आवश्यकता है उससे अधिक मात्रा मे सचेत, सजग व जागरुक होकर बनाएं रक्तदान को जन जन का अभियान और बचाएं जरूरतमंदों की जान।

जीवन को ये अवसर दुबारा नही मिलेगा।

**खुद भी स्वस्थ रहे और देश को भी स्वस्थ रखने के अभियान मे मदद करे।**

हम तमाम घटनाओं और लगातार बदलते मौसम और प्रकृति के इशारों को देखते हुए यह नियम और निर्णय ले। सब कुछ ठीक नहीं है, यदि सब कुछ ठीक होना है तो हमें आज और अभी से गंभीर होना पड़ेगा। हमारे पास अभी भी समय है कि हम संभलें। रक्त दान को हम एक जन आंदोलन बनाए ताकि आने वाली पीढ़ी को एक सुंदर दुनिया दे सकें।

**"कुछ अच्छा और अलग करना है तो आओ मिलकर रक्तदान करे"।**

**सम्मानीय वीर-वीरायें**
**जय महावीर।**



**वीर उमेश अरोड़ा**
अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक
(ब्लड एंड थैलेसीमिया)

75वें स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को समर्पित रक्तदान सप्ताह 8 से 15 अगस्त के समापन पर आयोजित अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में **मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र प्रताप पांडे जी**, जुईरी के सदस्य: डॉ नरेश भाटिया जी, प्रोफेसर अनामिका जी जैन अम्बर, अदिति अग्रवाल जी, अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर एस के जैन जी, अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन जी, अन्तर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जी जैन और सभी सीनियर मेंबर्स का अभिनन्दन एवं आभार।

महावीर इंटरनेशनल के जीओं और जीने दो सिद्धांत के अंतर्गत रक्तदान सप्ताह में जो कि 08 अगस्त 2021 से 15 अगस्त 2021 तक पूरे भारत वर्ष में महावीर इंटरनेशनल के सभी रक्तवीरा और रक्तवीरों के सहयोग से मनाया गया। उसके लिए सभी केन्द्र, रीजन और जोन अध्यक्षों के द्वारा अपना पूरा प्रयास किया। सभी का साधुवाद एवं अभिनन्दन।

महावीर इंटरनेशनल अपने अन्तर्राष्ट्रीय प्रॉजेक्ट ब्लड एवं थैलासीमिया के अंतर्गत निरंतर पिछले कई वर्षों से रक्तदान जागरूकता अभियान, रक्तदान शिविर, थैलासीमिया जागरूकता अभियान देश भर के सभी केंद्रों के सहयोग से चला रहा है। जिस के अंतर्गत देश भर में हर वर्ष महावीर इंटरनेशनल के सभी केन्द्रों के सहयोग से लगभग 25000 यूनिट रक्त एकत्रित किया जाता रहा है, जिससे कि थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों और अन्य एक्सीडेंट केस या सर्जरी के लिए हमारे ब्लड बैंकों में ब्लड की कोई कमी न रहे।

इस कार्यक्रम में मेरे लिए विशेष तौर पर सौभाग्य की बात है कि रक्तदान में पिछले लगभग 10 सालों में हर पल टेक्निकली सही राह दिखाने और साथ ही प्रेरित करने वाले मेरे गुरु श्री नरेश कुमार भाटिया जी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें। उन्होंने हमेशा से यही सिखाया कि स्व इच्छा से दिया गया रक्तदान ही हमेशा सेफ ब्लड होता है जो कि नियमित रक्तदान शिविरों के माध्यम एकत्रित किया जा सकता है इसीलिए हम फरीदाबाद में और हमारे कई केंद्र लगभग महीने में 3-4 शिविर लगा के सेफ और फ्रेश ब्लड एकत्रित करते है।

जैसे कि वीर अनिल जैन जी ने बताया कि इस रक्तदान सप्ताह में हमारे सभी रीजन और जोन ने किसी न किसी रूप में अपना सहयोग दिया ही है और एक मुहीम की तरह सभी ने पार्टिसिपेट किया है जिससे सभी में एक जुटता से सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

रक्तदान सप्ताह में लगभग 70 से ज्यादा शहरों में 75 से ज्यादा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें सभी के सहयोग से 3888 ब्लड यूनिट एकत्रित किये गए

जिसमें वीर केन्द्रों के द्वारा 2873 यूनिट
वीरा केन्द्रों के द्वारा- 779 यूनिट्स
युथ केन्द्रों के द्वारा- 207 यूनिट्स
संयुक्त वीर एवं वीरा केंद्र- 29 यूनिट
कुल 3888 यूनिट रक्त एक सप्ताह में ब्लड बैंकों के सहयोग से एकत्रित किया गय।

विशेषकर हम आभारी है नेशनल हेल्थ मिशन राजस्थान सरकार से श्री मनीष जी के जिन्होंने अपना पूरा सहयोग और साथ दिया सभी सरकारी और गैर सरकारी ब्लड बैंकों को सुनियोजित किया।

कोरोना काल में रक्तदान के प्रति वीरा केन्द्रों का सहयोग बहुत ही प्रशंसनीय है।

इसी के साथ रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन बहुत से वीर और वीरा केन्द्रों द्वारा ऑफलाइन और ऑनलाइन किया गया जिससे बच्चों में रक्तदान के लिए जागरूकता आये और समय पर वो रक्तदान कर इस नेक कार्य में सहयोग दे।

रक्तदान सप्ताह कार्यक्रम में सबसे ज्यादा रक्त संग्रहित कार्य करने वाले वीरा केंद्र, वीर और युथ केन्द्रों को उनके द्वारा किये गए कार्य के लिए इस अवार्ड सेरेमनी में प्रोत्साहित किया जायेगा परन्तु जिन भी केंद्रों द्वारा इस रक्तदान कार्यक्रम में सहभागिता की है उन केंद्रों ने निश्चित रूप से जरूरतमंद का जीवन बचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है, मैं उनके इस सरहानीय प्रयास के लिए उनका तहेदिल से शुक्रिया अदा करता हूँ।

इस पूरे कार्यक्रम में अपना पूरा सहयोग और साथ देने के लिए वीरा डॉ रश्मि सारस्वत जी, इंटरनेशनल डायरेक्टर वीमेन-चाइल्ड वेलफेयर, वीर संदीप डांगी जी, इंटरनेशनल डायरेक्टर युथ डेवलपमेंट और हमारी अपेक्स ऑफिस की पूरी टीम जिसमें अशोक जी, प्रकाश जी, जया जी, दीपक जी आदि सभी साथियों से पूरा सहयोग मिला।



# 75वें स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को समर्पित रक्तदान सप्ताह

## महावीर इंटरनेशनल के दानवीर रक्तवीरा एवं रक्तवीर

> **चलो फिर से वो नजारा याद कर लें,**
> **शहीदों के दिल में थी जो ज्वाला वो याद कर लें।**
> **जिसमें बहकर आजादी पहुंची थीं किनारे पर,**
> **बलिदानियों के खून की वो धारा याद कर लें।।**

15 अगस्त 2021 को हमारे देश भारत ने अपनी आजादी के 75 साल पूरे किए। देशभर में स्वतंत्रता का जश्न सबने अपने अनुसार मनाया। लेकिन इस बार महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि देने का निर्णय लिया। इस साल कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के चलते अत्यंत सतर्कता से काम किया जाए यह भी सुनिश्चित करना था। 8 से 15 अगस्त के मध्य चलने वाले इस सेवा सप्ताह के लिए एक विशेष योजना बनाई गई जिसमें सदस्यों एवं केंद्रों को प्रोत्साहन हेतु आकर्षक इनामी राशि की घोषणा की गई। जिसके अंतर्गत बेस्ट वीर केंद्र, वीरा केंद्र, यूथ केंद्र के लिए 11,000 रु की इनामी राशि की घोषणा अपेक्स की ओर से की गई। अत्यंत जोश से केंद्रों ने अपनी सहभागिता की घोषणा शुरू की और कुछ ही दिनों में 60 से अधिक केंद्र रक्तदान सप्ताह में कैम्प लगाने के लिए अपनी तारीखे, स्थान सुनिश्चित कर चुके थे। इस सेवा सप्ताह में कौन-कौन सा केंद्र भागीदारी कर रहा है इस बात की जानकारी जूम मीटिंग के माध्यम से वीरा डॉ रश्मि सारस्वत द्वारा दी गई। वही वीर उमेश अरोड़ा द्वारा विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी रक्तदान बैंकों की व्यवस्था, रक्तदान में भाग लेने वाले केंद्रों के लिए करवाई गई। साथ ही वीर संदीप डांगी ने पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का कार्य भार संभाला और अनेकों केंद्रों पर सर्टिफिकेट, गिफ्ट व रिफ्रेशमेंट्स ब्लड बैंक द्वारा प्रदान किये जायेंगें इसकी जानकारी दी। इसके अलावा सभी केंद्रों को रक्तदान की पुष्टि हेतु ब्लड बैंक का सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया। आयोजित सेवा सप्ताह में 60 से अधिक केंद्रों जिसमे 41 वीर केंद्र, 16 वीरा एवं 5 यूथ केंद्रों ने भाग लिया और 3,888 यूनिट रक्त एकत्रित किया। सभी केंद्रों, पदाधिकारियों की एकजुट एवं टीम भावना से कार्य करने के कारण ही देशव्यापी सामूहिक रक्तदान का यह विशेष कार्यक्रम सम्भव हो सका। किसी ने सही कहा है जहाँ पर टीमवर्क और एकता होती है, वहाँ पर कोई भी चीज असाधारण नही रहती है। इन सभी रक्त वीराओं व रक्त वीरों का सम्मान व विजेताओं के नाम की घोषणा 23 अगस्त 2021 को लहू का रंग एक व देश भक्ति के रंग अनेक कार्यक्रम में की गई।

अवार्ड कमेटी का मनोयन किया गया जिसमें 3 सदस्य मनोनीत किये गए।

1. डॉ नरेश कुमार भाटिया जी मिशन जन जागृति एनजीओ के संस्थापक है और फ़ेडरेशन ऑफ़ ब्लड डोनर आर्गेनाईजेशन ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष है। जिन्होंने 240 बार अपना रक्तदान करने का पुण्यकार्य किया है
2. श्रीमती डॉ अनामिका जैन अम्बर राष्ट्रीय कवियत्री है अनेकों टीवी चैनल पर एंकर की भूमिका निभा रही हैं और अनेकों बार लाल किले की प्राचीर से कविता पाठ कर चुकी है
3. अदिति अग्रवाल जी अर्थशास्त्र और ड्राइंग और पेंटिंग में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उनके पास औद्योगिक सूक्ष्म जीव विज्ञान में स्नातक, प्राकृतिक चिकित्सा में डॉक्टरेट और इंटीरियर डिजाइनिंग और वास्तुकला में डिप्लोमा जैसी शैक्षिक योग्यताएं भी हैं। अनेकों कला शिविरों में हजारों लोगों को पंखों में पेंटिंग की विशेष कला सीखा चुकी है और विभिन्न कला दीर्घाओं व प्रदर्शनियों से कला जगत में प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी है।

पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता हेतु आप तीनो ने 30 मार्क्स मे से अपने अंक दिए जिनके कुल जोड़ से विजेताओं की पेंटिंग व स्लोगन का चयन किया गया। रक्तदान संग्रहण सर्टिफिकेट, सदस्यों की उपस्थिति के आधार पर विजेता केंद्र, जोन व रिजन का आंकड़ा एकत्रित किया। अपेक्स ऑफिस से प्रकाश जी, अशोक जी व जया जी की मदद से यह सभी आंकड़े एकत्रित कर निर्णायक मंडल को प्रदान किये और उन्होंने गहन जांच व चर्चा करके रिजल्ट तैयार किया जो निम्नानुसार रहा:-

**A. बेस्ट वीर केंद्र मेट्रो एवम A+ सिटी:**
**महावीर इंटरनेशनल वाशी नवी मुंबई**
चेयरमैन : वीर डॉ अनिल छाजेड़
सचिव : वीर नरेश एच. सिंघवी
एकत्रित ब्लड यूनिट – 541

**B. वीरा सेंटर मेट्रो, A+ सिटी**
**महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा, औरंगाबाद**
चेयरपर्सन : वीरा संगीता ए. ओसवाल
सचिव : वीरा दीपिका बड़जाते
एकत्रित ब्लड यूनिट – 153

**C. वीर सेंटर शहरी, B+ सिटी**
**महावीर इंटरनेशनल मकराना केंद्र**
चेयरमैन : वीर जब्बार चंद खाबिया
सचिव : वीर नंद किशोर मोदानी
एकत्रित ब्लड यूनिट – 214

**D. वीरा सेंटर शहरी, B+ सिटी**
**महावीर इंटरनेशनल वामा सगवाड़ा डूंगरपुर**
चेयरपर्सन : वीरा तिलकानंदिनी शाह
सचिव : वीरा नीलम सोमपुरा
एकत्रित ब्लड यूनिट – 87 यूनिट

**E. यूथ सेंटर शहरी, B+ सिटी**
**महावीर इंटरनेशनल युवा बिजयनगर केंद्र**
चेयरमैन : वीर विकास चौरड़िया
सचिव : वीर ज्ञान चंद खाबिया
एकत्रित ब्लड यूनिट 111 यूनिट

**F. बेस्ट जोन मेट्रो, A+ सिटी**
**मुंबई (पश्चिमी महाराष्ट्र) - प्रथम**
जोन चेयरपर्सन : वीरा सुमन जैन
जोन सचिव : वीरा ज्योति श्रीपाल जैन मुणोत
जोन में एकत्रित ब्लड यूनिट – 811

**गुजरात जोन - द्वितीय**
जोन चेयरमैन : वीर डॉ अजीत कुमार शाह
जोन सचिव : वीर रमेश कुमार बोहरा
जोन में एकत्रित ब्लड यूनिट – 226

**औरंगाबाद-अहमदनगर जोन - तृतीय**
जोन चेयरमैन : वीर राज कुमार जैन (बांठिया)
जोन सचिव : वीर सतीश सी चौपड़ा
जोन में एकत्रित ब्लड यूनिट – 191

**G. बेस्ट जोन शहरी, B+ सिटी**
**अजमेर जोन - प्रथम**
जोन चेयरमैन : वीर नरेंद्र कुमार रांका
जोन सचिव वीरा स्नेह लता मेहता
जोन में एकत्रित ब्लड यूनिट – 374

**चित्तौड़गढ़ जोन - द्वितीय**
जोन चेयरपर्सन : वीरा सरोज ढेलावत
जोन सचिव : वीर अवंत कुमार पोखरना
जोन में एकत्रित ब्लड यूनिट – 333

**राजसमन्द जोन - तृतीय**
जोन चेयरमैन : वीर राजेन्द्र पोखरना
जोन सचिव : वीर विजय सिंह सुराणा
जोन में एकत्रित ब्लड यूनिट – 238

**H. सर्वश्रेष्ठ रीजन**
**रीजन -8 (जोन औरंगाबाद-अहमदनगर, गुजरात, मुंबई (पश्चिमी महाराष्ट्र) - प्रथम**
अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष : वीर गणपत भंसाली
रीजनल सेक्रेट्री : वीर डॉ. अनिल छाजेड़
रीजन में एकत्रित ब्लड यूनिट – 1363

**पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेताओं के नाम**
**18 वर्ष से अधिक उम्र वर्ग में:**
1. वीरा प्रीति बोहरा, भीलवाड़ा

**18 वर्ष से कम उम्र वर्ग में:**
1. वरुण, औरंगाबाद – **प्रथम**
2. सृष्टि कुकरेती, फरीदाबाद - **द्वितीय**
3. यश संदीप महस्के, औरंगाबाद - **द्वितीय**
4. याशिका ग्रोवर, फरीदाबाद – **तृतीय**
5. कादरी जबरीन आयशा : **विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार**

**स्लोगन प्रतियोगिता में विजेताओं के नाम**
1. वीरा रुचिका गुप्ता, उर्वीजा वीरा, दिल्ली - **प्रथम**
2. वीरा संगीता ओसवाल, औरंगाबाद - **द्वितीय**
3. वीर प्रतीक पाठक, नाथद्वारा - **तृतीय**

## BLOOD COLLECTION DETAILS

| Sr. N. | Region | Zone | Center | Category | Dist. | State | Category City Wise | Unit Collect |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 | Norht Zone-1 | MI Vira Faridabad | Vira | Faridabad | Haryana | Urban, B+ | 82 |
| 2. | 1 | Norht Zone-1 | MI Urvija Vira Delhi | Vira | Delhi | Delhi | Metro, A+ | 18 |
| 3. | 1 | Norht Zone-2 | MI Malerkotla | Vir | Sangrur | Punjab | Urban, B+ | 52 |
| 4. | 1 | Norht Zone-2 | MI Jammu Tawi | Vir | Jammu | Jammu & Kashmir | Urban, B+ | 40 |

| Sr. N. | Region | Zone | Center | Category | Dist. | State | Category City Wise | Unit Collect |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | 2 | Jaipur | MI Vibrant | Vira | Jaipur | Rajasthan | Metro, A+ | 26 |
| 6. | 2 | Jaipur | MI Youth Kota | Youth | Kota | Rajasthan | Urban, B+ | 25 |
| 7. | 2 | Sikar-jhunjhunu | MI Churu | Vir | Churu | Rajasthan | Urban, B+ | 71 |
| 8. | 2 | Sikar-jhunjhunu | MI Jhunjhunu | Vir | Jhunjhunu | Rajasthan | Urban, B+ | 56 |
| 9. | 2 | Sikar-jhunjhunu | MI Islaampur Center | Vir | Jhunjhunu | Rajasthan | Urban, B+ | 39 |
| 10. | 2 | Sikar-jhunjhunu | MI Navalgarh | Vir | Jhunjhunu | Rajasthan | Urban, B+ | 35 |
| 11. | 3 | Ajmer | MI Makrana | Vir | Ajmer | Rajasthan | Urban, B+ | 214 |
| 12. | 3 | Ajmer | MI Vikekanand Ajmer | Youth | Ajmer | Rajasthan | Urban, B+ | 30 |
| 13. | 3 | Ajmer | MI Sunanda Vira Ajmer | Vira | Ajmer | Rajasthan | Urban, B+ | 30 |
| 14. | 3 | Ajmer | MI Ajmer Sparsh | Vira | Ajmer | Rajasthan | Urban, B+ | 5 |
| 15. | 3 | Ajmer | MI Phulera | Vir | Jaipur | Rajasthan | Urban, B+ | 95 |
| 16. | 3 | Bhilwara | MI Yuva Pratap | Youth | Bhilwara | Rajasthan | Urban, B+ | 41 |
| 17. | 3 | Bijay Nagar-Beawar | MI Yuva Bijaynagar | Youth | Ajmer | Rajasthan | Urban, B+ | 111 |
| 18. | 3 | Bijay Nagar-Beawar | MI Beawar | Vir | Ajmer | Rajasthan | Urban, B+ | 51 |
| 19. | 3 | Bijay Nagar-Beawar | MI Aasind & MI Chandbala Center | Vir & Vira | Bhilwara | Rajasthan | Urban, B+ | 29 |
| 20. | 3 | Chittorgarh | MI Pahuna | Vir | Chittorgarh | Rajasthan | Urban, B+ | 103 |
| 21. | 3 | Chittorgarh | MI Padmini Nimbahera | Vira | Chittorgarh | Rajasthan | Urban, B+ | 85 |
| 22. | 3 | Chittorgarh | Deshna Vira | Vira | Chittorgarh | Rajasthan | Urban, B+ | 60 |
| 23. | 3 | Chittorgarh | MI Aakola Center | Vir | Chittorgarh | Rajasthan | Urban, B+ | 60 |
| 24. | 3 | Chittorgarh | MI Begun | Vir | Chittorgarh | Rajasthan | Urban, B+ | 25 |
| 25. | 4 | Dungarpur-Banswara | MI Vama Sagwara | Vira | Dungarpur | Rajasthan | Urban, B+ | 87 |
| 26. | 4 | Dungarpur-Banswara | MI Dungarpur Priyadarshani | Vira | Dungarpur | Rajasthan | Urban, B+ | 5 |
| 27. | 4 | Dungarpur-Banswara | MI Dungarpur | Vir | Dungarpur | Rajasthan | Urban, B+ | 12 |

| Sr. N. | Region | Zone | Center | Category | Dist. | State | Category City Wise | Unit Collect |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28. | 4 | Rajsamand | MI Rajsamand | Vir | Rajsamand | Rajasthan | Urban, B+ | 25 |
| 29. | 4 | Rajsamband | MI Banediya | Vir | Rajsamand | Rajasthan | Urban, B+ | 72 |
| 30. | 4 | Rajsamband | MI Amet | Vir | Rajsamand | Rajasthan | Urban, B+ | 50 |
| 31. | 4 | Rajsamband | MI Gaonguda | Vir | Rajsamand | Rajasthan | Urban, B+ | 35 |
| 32. | 4 | Rajsamband | MI Nathdwara | Vir | Rajsamand | Rajasthan | Urban, B+ | 31 |
| 33. | 4 | Rajsamband | MI Kunwariya | Vir | Rajsamand | Rajasthan | Urban, B+ | 25 |
| 34. | 5 | Bikaner | MI Suratgarh Vira | Vira | Ganganagar | Rajasthan | Urban, B+ | 65 |
| 35. | 5 | Bikaner | MI Suratgarh | Vir | Ganganagar | Rajasthan | Urban, B+ | 60 |
| 36. | 5 | Bikaner | MI Bikana Vira | Vira | Bikaner | Rajasthan | Urban, B+ | 35 |
| 37. | 5 | Bikaner | MI Nokha Vira | Vira | Bikaner | Rajasthan | Urban, B+ | 32 |
| 38. | 5 | Jodhpur | MI Jodhabai | Vira | Jodhpur | Rajasthan | Urban, B+ | 36 |
| 39. | 6 | Barmer-Balotra | MI Balotra | Vir | Barmer | Rajasthan | Urban, B+ | 102 |
| 40. | 6 | Barmer-Balotra | MI Barmer | Vir | Barmer | Rajasthan | Urban, B+ | 33 |
| 41. | 7 | Bhopal | MI Snakalp Betul | Vira | Betul | M.P. | Urban, B+ | 30 |
| 42. | 7 | Bhopal | MI Vidisha | Vir | Vidisha | M.P. | Urban, B+ | 30 |
| 43. | 7 | Ratlam-Neemuch | MI Priyadarshni Neemuch | Vira | Neemuch | M.P. | Urban, B+ | 30 |
| 44. | 8 | Ahemad Nagar-Aurangabad | MI Magic Vira, Aurangabad | Vira | Aurangabad | Maharahstra | Metro, A+ | 153 |
| 45. | 8 | Ahemad Nagar-Aurangabad | MI Ahmeadnagar | Vir | Ahmednagar | Maharahstra | Urban, B+ | 57 |
| 46. | 8 | Ahemad Nagar-Aurangabad | MI Aurangabad Center | Vir | Aurangabad | Maharahstra | Metro, A+ | 38 |
| 47. | 8 | Gujrat | MI Model Town Surat | Vir | Surat | Gujrat | Metro, A+ | 103 |
| 48. | 8 | Gujrat | MI Bharuch | Vir | Bharuch | Gujrat | Urban, B+ | 78 |
| 49. | 8 | Gujrat | MI Surat | Vir | Surat | Gujrat | Metro, A+ | 68 |
| 50. | 8 | Gujrat | Surat South-West | Vir | Surat | Gujrat | Metro, A+ | 55 |
| 51. | 8 | Mumbai | MI Vashi Navi Mumbai | Vir | Thane | Maharahstra | Metro, A+ | 541 |

| Sr. N. | Region | Zone | Center | Category | Dist. | State | Category City Wise | Unit Collect |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52. | 8 | Mumbai | MI Mumbai Center | Vir | Mumbai | Maharahstra | Metro, A+ | 270 |
| 53. | 9 | Mahakoushal | MI Changotola | Vir | Balaghat | MP | Urban, B+ | 41 |
| 54. | 9 | Mahakoushal | MI Lanji | Vir | Balaghat | MP | Urban, B+ | 41 |
| 55. | 9 | Mahakoushal | MI Katngi | Vir | Balaghat | MP | Urban, B+ | 31 |
| 56. | 9 | Mahakoushal | MI Balaghat | Vir | Balaghat | MP | Urban, B+ | 25 |
| 57. | 9 | Vidarbha | MI Yavatmal | Vir | Yavatmal | Maharahstra | Urban, B+ | 31 |
| 58. | 10 | Telangana | MI Udaan | Vir | Hyderadbad | Telangana | Metro, A+ | 155 |
| 59. | 10 | Telangana | MI Hyderabad Center | Vir | Hyderadbad | Telangana | Metro, A+ | 23 |

## ज्यूरी मेंबर्स



**डॉ नरेश कुमार भाटिया**
अध्यक्ष
फ़ेडरेशन ऑफ़ ब्लड डोनर
आर्गेनाईजेशन ऑफ़ इंडिया



**अदिति अग्रवाल**
प्रसिद्ध चित्रकार
भारत की प्रथम पंख चित्रकार
विशेषज्ञ



**डॉ अनामिका जैन अम्बर**
सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवयित्री
जी टीवी, सब टीवी, दूरदर्शन पर
एंकर

## सहयोगी टीम



**वीर उमेश अरोड़ा**
अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक
ब्लड एंड थैलासीमिया



**वीरा डॉ रश्मि सारस्वत**
अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक
वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर
"वात्सल्य"



**वीर संदीप डांगी**
अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक
युथ डेवलपमेंट

# स्लोगन प्रतियोगिता विजेता

## 1st Prize

Vira Ruchika Gupta
New Delhi

1 आपके दिए रक्त की हर बूँद का मोल,
किसी की जीवन रक्षा हेतु है अनमोल।

.......................

2 आपका कतरा-कतरा रक्तदान,
बचा सकता है किसी के अपने की जान

## 3rd Prize

Vir Prateek Pathak
Nathdwara

"चल दान कर अपना रक्त,
आज ही है सही वक़्त।
अब हृदय को कर दे व्यक्त,
दानवीर ही परमभक्त।।
ज़िंदगियॉं बचेंगी पलटेगा तख़्त,
कर महादान हो जा सख़्त।
चल दान कर अपना रक्त,
बस यही है सही वक़्त।।

## 2nd Prize

Vira Sangeeta Ostwal
Aurangabad

"आओ करें रक्तदान, अपने देश भारत को दिलाएँ विश्व में स्वस्थ देश की पहचान"
"वीरों ने किया अपनी मातृभूमि के लिए जीवन बलिदान जीवन ना सही,
हम देशवासियों के लिए करें अपना रक्त ही दान"




# पेंटिंग प्रतियोगिता विजेता


## 18 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग श्रेणी

Vira Priti Bohra
Bhilwara

# पेंटिंग प्रतियोगिता विजेता
## 18 वर्ष से कम के आयु वर्ग श्रेणी


**1st Prize**

Varun
Aurangabad




**2nd Prize**

Yash Sandeep Mhaske
Aurangabad



**3rd Prize**

Yashika Grover
Faridabad





**2nd Prize**

Srishti Kukreti, Faridabad




## स्पेशल श्रेणी

Quadri Zabreen Aisha



# Blood Donation Collection Winners

## Center Level
## (Metro, A+ City)







## Urban (B+ City)










## Region Level



# Zone Level

## (Metro, A+ City)










## (Urban, B+ City)









# शान्ति, अमन और अहिंसा बनाये रखने में सबसे बड़ा योगदान एक सैनिक का: लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र प्रताप पांडे

## सम्मान समारोह का आयोजन



लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र प्रताप पांडे

शान्ति, अमन और अहिंसा बनाये रखने में सबसे बड़ा योगदान एक सैनिक का होता है यह कहना है लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र प्रताप पांडे जी का। मौका था सबको प्यार- सबकी सेवा और जीओ और जीने दो को अपना ध्येय एवं आदर्श मानते हुए पीड़ित एवं जरूरतमंदों के लिए अग्रसर महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा संस्था के 47वें स्थापना दिवस पर्व और 75वें स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को समर्पित रक्तदान सप्ताह की अवार्ड सेरेमनी के आयोजन का। जिसमे मेट्रो A+ और सिटी B+ में वीर, वीरा और यूथ को ग्यारह ग्यारह हजार रूपये प्रत्येक श्रेणी को नगद पुरस्कार दिया गया। वही पेंटिंग प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार वीरा प्रीति बोहरा को और अंडर 18 में पहला पुरस्कार वरुण दूसरा सृष्टि कुकरेती व यश संदीप को, तीसरा याशिका ग्रोवर को और स्पेशल केटेगरी का पुरस्कार कादरी जबरीन को दिया गया। शाम 7 बजे ऑनलाइन वेबिनार जूम के माध्यम से शुरू हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र प्रताप पांडे रहे।


संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन और महासचिव वीर अनिल जैन द्वारा लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र प्रताप पांडे का स्वागत किया गया। इसके बाद अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन ने समारोह में उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यो पर प्रकाश डाला। संस्था के अन्तर्राष्टीय महासचिव वीर अनिल जैन ने अपने उदबोधन में कहा कि संस्था के 60 केन्द्रों ने 8 अगस्त से 15 अगस्त के बीच में रक्तदान करके राष्ट्र को एक सच्ची श्रद्धांजलि दी है और 3888 यूनिट रक्त संग्रहित कर सफलता हासिल की। एकत्रित रक्त यूनिट से करीब दस हजार से अधिक लोग लाभान्वित होंगें। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना बहुत जरुरी है क्योकि रक्तदान केवल दूसरो की सेहत के लिए नहीं बल्कि खुद की सेहत के लिए भी जरुरी होता है, जब हम रक्त दान करते है तो हमारे शरीर में नया रक्त बनता है जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। जिन केन्द्रों ने अच्छा काम किया उन केन्द्रों को बधाई दी।

इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र प्रताप पांडे ने अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन और महासचिव वीर अनिल जैन का आभार प्रकट करते हुए रक्तवीर और रक्तवीरा के कार्यो की सरहाना और प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को आयोजित करना आपकी संस्था









और मैनेजमेंट कमेटी की देशप्रेम की भावना को दर्शाता है। भगवान महावीर के अहिंसा और सत्य के उपदेश भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शांति के प्रतीक माने जाते है। महावीर इंटरनेशनल द्वारा किये गए बेहतरीन सामाजिक सेवा कार्यो की प्रशंसा की। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने बताया कि शान्ति, अमन और अहिंसा बनाये रखने में सबसे बड़ा योगदान एक सैनिक का होता है वह बाहरी दुश्मनों से ही नहीं बल्कि आंतरिक खतरों से भी देश को बचाने के लिए सदैव सतर्क रहता है, अपनी जान की बाजी लगा देता है, तब जाकर देश का आम नागरिक चैन की नींद सोता है। इसके साथ ही उन्होंने सेना के मानवीय व सामाजिक पहलुओं से परिचित कराया और बताया कि किस तरह सेना समाज के उत्थान के लिए काम करती है। इसके अलावा उन्होंने सेना के अनेकों खूबियों के बारे में विस्तार से बताया तथा दो लघु वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से सेना द्वारा समाज हित में किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

इस अवसर पर सहयोगी टीम से अन्तर्राष्टीय निदेशक वीर उमेश अरोड़ा ने विस्तार पूर्वक ब्लड डोनेशन क्यों और किस लिए किया जाना चाहिए पर जानकारी दी। पेंटिंग एवं स्लोगन के परिणाम बताते हुए वीर संदीप डांगी ज्यूरी मेंबर्स का परिचय करवाया जिसमे फेडरेशन ऑफ ब्लड डोनर ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार भाटिया, प्रसिद्ध चित्रकार अदिति अग्रवाल, सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवित्री डॉ. अनामिका जैन अम्बर ने प्राप्त पेंटिंग एवं स्लोगन का बारीकी से निरीक्षण एवं अध्ययन कर परिणाम बनाये। वीर डांगी ने पेटिंग एवं स्लोगन के परिणाम घोषित किये इसके बाद वीरा डॉ रश्मि सारस्वत ने सर्वश्रेष्ठ केंद्र वीर, वीरा, युथ एवं जोन तथा रीजन के परिणाम घोषित किये। इस अवसर पर संस्था के केन्द्रों के वीर-वीराओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की प्रार्थना भावना दिन रात मेरी सब सुखी संसार हो.... से की गई। आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ वीरा रश्मि सारस्वत ने किया।











# महावीर इंटरनेशनल अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोधपुर दौरा



अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन व अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन 5 वीर अनिल कुमार बाँठिया के जोधपुर आगमन पर महावीर इंटरनेशनल जोधपुर द्वारा एक संगोष्ठी व विभिन्न सेवा प्रकल्प पूर्ण किए। संगोष्ठी में मंचासीन मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर विधायक माननीया मनीषा पवार जोधपुर, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, जोधपुर डॉ एस एस राठौड़, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन 5 वीर अनिल कुमार बाँठिया, संभागीय चेयरमैन वीर मधुकर मौका, जोधपुर रीजन कोषाध्यक्ष वीरा वंदना बक्शी GCM, केंद्र अध्यक्ष वीर डॉ जे सी गांधी व केंद्र सचिव वीर सुरेंद्र राज मेहता थे। दीप प्रज्वलन व प्रार्थना के बाद स्वागत भाषण रीजन 5 के उपाध्यक्ष वीर अनिल कुमार बाँठिया ने दिया जिसमें उन्होंने कहा कि इस सेवा के विभिन्न प्रकल्पों से जुड़कर मानव को अपने मानवता का परिचय देना चाहिए। संस्था द्वारा विभिन्न सेवा प्रकल्प जो पूर्ण किए गए उसकी जानकारी भी उन्होंने उपलब्ध










कराई जिसमें ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर, मास्क, सैनिटरी नैपकिंस निशुल्क उपलब्ध करवाना संस्था की बड़ी उपलब्धि रही। साथ ही उन्होंने कहा कि सेवा की कोई उम्र नहीं होती है। संभागीय अध्यक्ष वीर मधुकर मौका ने कहा कि सेवा के प्रकल्प से मनुष्य को आत्म सन्तुष्टि मिलती है और सेवा का फल अवश्य ही मिलता है।

शहर विधायक माननीया मनीषा पंवार ने विस्तार से समझाते हुए कहा कि महावीर इंटरनेशनल संस्था इस दिशा में बहुत ही उच्च स्तरीय सेवा कार्य कर रही है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एस एस राठौड़ ने संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई दो डायलिसिस मशीनों के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन ने संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्प की विस्तार से जानकारी दी। अपेक्स द्वारा सीएसआर फंड के द्वारा हुए विभिन्न सेवा कार्यों की भी जानकारी दी। कोरोना के संकट काल में महावीर इंटरनेशनल संस्था द्वारा विभिन्न सेवा प्रकल्प के मार्फत लगभग 22 लाख लोगों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर जोधपुर के सभी केंद्रों के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। और उनकी जिज्ञासाओं को भी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन ने शांत किया। इस कार्यक्रम के लिए वीर अनिल बाँठिया और वीर डॉ जे सी गांधी का आभार व्यक्त किया गया। वीर डॉ जे सी गांधी, अध्यक्ष महावीर इंटरनेशनल जोधपुर, वीरा अलका भंडारी अध्यक्ष, जोधा बाई वीरा सेंटर जोधपुर, वीर जे सी कुंभट अध्यक्ष ब्लू सिटी जोधपुर, वीर प्रसन्न चंद्र सिंघवी अध्यक्ष सन सिटी जोधपुर, वीरा वंदना बक्शी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र द्वारा इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं माननीय विधायक महोदया के कर कमलों से जरूरतमंदों को 8 खाद्य सामग्री किट्स, चार कृत्रिम पैर, कैलीबर वितरण के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया तथा दो डायलिसिस मशीनें चिकित्सा विभाग को भेंट की गई। जोधाबाई केन्द्र द्वारा 300 परिंडों का वितरण करवाया गया। ब्लू सिटी जोधपुर द्वारा बेबी किट वितरण का कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। कार्यक्रम का संचालन अद्वितीय ढंग तथा बहुत ही प्रभावित शैली से केंद्र सचिव वीर सुरेंद्र राज मेहता ने किया। जिसकी सबने दिल से सराहना की।






# संगठन को सेवा की नयी ऊंचाईयों पर ले जाना ही हमारा लक्ष्य - वीर अनिल जैन

## सफल व ऐतिहासिक रहा सेकेट्री जनरल का सूरत दौरा

## वीर गणपत भंसाली, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (रिजन-8)




महावीर इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन दो दिवसीय दौरे पर सूरत महानगर में पहुंचें, जहां गुजरात जोन के जोन सेक्रेट्री वीर रमेश वोहरा व मॉडल टाउन शाखा सूरत के चेयरमैन वीर भरत संघवी ने स्वागत किया। वीर अनिल जैन की उपस्थिति में शनिवार 24 जुलाई को शाम 5 बजे 'सफरनामा 46 वर्षों का, प्रगति के पथ पर महावीर इंटरनेशनल अपेक्स' विषय पर शहर के वेसु विस्तार में स्थित भगवान महावीर यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में एक टॉक शो का आयोजन हुआ। महावीर इंटरनेशनल सूरत शाखा, मॉडल टाउन शाखा, साउथ वेस्ट शाखा व अभिलाषा वीरा शाखा के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित इस टॉक






शो में वीर अनिल जैन ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल पिछले 46 वर्षो से लगातार सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न लोगों और कई अन्य संस्थाओं के साथ कार्य करती आ रही है, परन्तु आज तक इस संस्था द्वारा किए गए कार्यों, संस्था की आर्थिक स्थिति, मैनेजमेंट आदि पर किसी ने प्रश्न नहीं उठाया। वीर जैन ने 'सफरनामा 46 वर्षों का, प्रगति के पथ पर महावीर इंटरनेशनल अपेक्स.... विषय पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि सबको प्यार-सबकी सेवा और जीओं और जीने दो को अपना ब्रम्हवाक्य मानते हुए 1975 से यह संस्था सबको एक साथ जोड़कर कार्य कर रहीं है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह संस्था कई उतार-चढ़ाव, बहुत सारी बाधाएं, संघर्ष को पार करते हुए कई प्रकार की सफलताओं को गले लगाकर यहां तक पहुंची हैं। इसलिए इसकी जितनी तारीफ की जाए कम है, इस संस्था में बुराईयां ढूंढ़ने से भी नहीं मिलेंगी। इस संस्था में बुराई नाम की चीज ही नहीं, यह बात गर्व के साथ कह सकता हूँ, क्योंकि इस तरह का कोई भी केस कोई भी प्रश्न पिछले 46 वर्षों में नहीं हुआ, यह इस संस्था की बहुत बड़ी ताकत है। आगे वीर जैन ने बताया कि मैं महावीर इंटरनेशनल के साथ 1990 से जुड़ा हुआ हूँ, और मैंने इस संस्था को बहुत करीब से देखा है कैसे संस्था के वीर-वीराओं को इकट्ठा करके कार्य करते है। हमको इस संस्था में लंबी यात्रा तय करनी है तो इसके लिए सोचना पड़ता है कि प्लेन कैसा है, उसकी कंडीशन कैसी है, उसके पहिये आदि सभी चीजों को चैक करना पड़ता हैं। लंबी यात्रा के लिए आपको हौंसला चाहिए और हौंसले के साथ व्हीकल भी अच्छा चाहिए, और साथ ही पायलट और यात्री भी अच्छे होने चाहिए। जब हम इन सब चीजों को देखते हैं और उनका टेस्ट देखते है तो बहुत सारी कमियों की तरफ ध्यान जाता है मैं आपको एक-एक करके बताता हूं। महावीर इंटरनेशनल को बहुत ही जल्द ऊंचाईयों पर लेकर जाना हैं, क्योंकि इसके पास वर्षों का बेस है, इसके परिवार में दस हजार वीर-वीराएं जो पूरे देशभर में 310 केन्द्रों के माध्यम से फैले हुए हैं। इस संस्था के सभी कार्यकर्ता तन मन और धन के साथ कार्य करते हैं इसका मतलब किसी चीज की कमी तो नहीं हैं फिर भी इस संस्था को लंबी दूरी पर ले जाना चाहता हूँ। इसलिए मेरा कर्त्तव्य हैं कि उस गाड़ी उस प्लेन को अच्छे से चैक करें, उसमें बैंठे हुए यात्रियों को चैक करे कहीं कोई गलत यात्री तो नहीं बैठा, जो रास्ते में तंग करेगा। यह सभी चीजे समय समय पर देखकर ठीक और चैक करे ताकि प्लेन को जल्द से जल्द ऊंचाईयों पर लेकर जाया जा सके। टॉक शो में बतौर अतिथि श्री अनिल जैन (प्रबंधक-भगवान महावीर यूनिवर्सिटी, सूरत) उपस्थित थे। इस अवसर पर रिजन-8 के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली, ग्रीन एंड क्लीन इंडिया के प्रॉजेक्ट डायरेक्टर वीर सुरेन्द्र मरोठी, यूथ डेवलपमेंट के डायरेक्टर वीर सन्दीप डाँगी तथा गवर्निंग काउंसिल के सदस्य वीर मुकेश जैन की भी मौजूदगी रही।

कार्यक्रम का आग़ाज वीरा पुष्पा मरोठी द्वारा प्रस्तुत की गई प्रार्थना से हुआ व तत्पश्चात वीरा अभिलाषा की वीराओं ने नारी शक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। अगली कड़ी में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली ने स्वागत भाषण दिया। वीर अनिल जैन का चारों शाखाओं द्वारा राजस्थानी आन बान व शान का प्रतीक केशरिया साफा पहना कर सम्मान किया गया तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। उसके

पश्चात इंटरनेशनल डायरेक्टर वीर सन्दीप डाँगी ने अपनी लिखी एक पुस्तक प्रदान की व ग्रीन एंड क्लीन इंडिया के डायरेक्टर वीर सुरेन्द्र मरोठी ने वीर अनिल जैन, अतिथि एवं भगवान महावीर यूनिवर्सिटी के प्रबन्धक श्री अनिल जैन एवं रिजन उपाध्यक्ष वीर गणपत भन्साली को आचार्य महाप्रज्ञ स्मृति ग्रन्थ प्रदान किए। दोनों डायरेक्टर वीर सुरेन्द्र मरोठी व वीर सन्दीप डाँगी तथा गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर मुकेश जैन ने अपने उद्गार व्यक्त किए तथा सूरत शाखा के चेयरमैन वीर राकेश श्रीश्रीमाल, मॉडल टाउन शाखा के चेयरमैन वीर भरत संघवी, साउथ-वेस्ट शाखा के चेयरमैन वीर सुशील लूणिया व वीरा अभिलाषा की सेक्रेट्री वीरा ममता विसलोत ने अपनी शाखाओं की गति-प्रगति पर वक्तव्य दिया। वीर अनिल जैन का परिचय सूरत शाखा के सेक्रेट्री वीर हस्तीमल बांठिया व अतिथि श्री अनिल जैन का परिचय साउथ-वेस्ट शाखा के सेक्रेट्री वीर राजेन्द्र बरड़िया ने दिया। उसके पश्चात जिज्ञासा-समाधान के तहत अनेक वीर-वीराओं ने प्रश्न पूछे जिसके जवाब श्री अनिल जैन ने दिए। इस अवसर पर नवगठित महावीर इंटरनेशनल अहमदाबाद मरुधर शाखा के चेयरमैन वीर श्री राकेश ओस्तवाल ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। सेक्रेट्री जनरल वीर अनिल जैन का ट्रैफिक एवेयरनेस ग्रुप के अध्यक्ष डॉ श्री अरुण लाहोटी, सदस्य श्री मुकेश जैन, डु बिफोर डाई संगठन के सीए श्री पंकज माहेश्वरी तथा समाजसेवी श्री अतुल मोहता ने दुपट्टे से वीर श्री अनिल जैन का सम्मान किया। टॉक शो में कोटा राजस्थान से आए मोटिवेटर श्री प्रीतम गोस्वामी की भी उपस्थिति रही। राष्ट्रगान के साथ ही टॉक शो का समापन हो गया। टॉक शो का संचालन वीरा प्रो अनामिका तलेसरा ने किया व आभार ज्ञापन जोन सेक्रेट्री वीर रमेश वोहरा ने किया। कार्यक्रम की परिसम्पन्नता पश्चात सभी वीर-वीराओं ने स्वरूचि भोज ग्रहण किया।






### संगीतमयी सुर-सरिता का हुआ आयोजन

महवीर इंटरनेशनल सूरत शाखा, मॉडल टाउन शाखा, साउथ-वेस्ट शाखा एवं वीरा अभिलाषा के संयुक्त तत्वाधान में 24 जुलाई की रात्रि 8 बजे भगवान महावीर यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव की उपस्थिति एवं उनके सम्मान में संगीतमयी सुर-सरिता का आयोजन किया गया। सुर-सरिता में महावीर इंटरनेशनल की वीरा पुष्पा मरोठी, वीरा अभिलाषा की वीराओं, इंटरनेशनल डायरेक्टर वीर सन्दीप डाँगी, मुख्य शाखा के उपाध्यक्ष वीर सीए दिनेश जैन तथा मशहूर दिव्यांग सिंगर प्रिया दुबे, युवा सिंगर तानिष संकलेचा, कोकिल कंठी गायिका जिनल जैन आदि ने नए-पुराने सदाबहार नगमों से गजब का समा बांधा। समाजसेवी श्री पुखराज संकलेचा ने मां पर अद्वितीय प्रस्तुति दी। संगीतकार रिंकेश की ऑर्केस्ट्रा टीम ने साज-वाज के साथ बेहतरीन प्रस्तुति दी। संगीतमयी सुर-सरिता का कुशल संचालन वीरा प्रो अनामिका तलेसरा ने किया।





**उपलब्धि पूर्ण रहा सेक्रेट्री जनरल का दौरा**

महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के सेक्रेट्री जनरल वीर अनिल जैन का दो दिवसीय दौरा उपलब्धि भरा रहा। पहले दिन टॉक शो एवं संगीतमयी सुर सरिता का सफल आयोजन हुआ व दूसरे दिन रविवार 25 जुलाई को प्रात: 8 बजे सूरत के सम्मिमेर हॉस्पिटल में महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन शाखा द्वारा अनुकम्पा प्रसादी का वितरण वीर अनिल जैन, रिजन उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली, ग्रीन एंड क्लीन इंडिया के डायरेक्टर वीर सुरेन्द्र मरोठी, गुजरात जोन के जोन सेक्रेट्री वीर रमेश वोहरा, मॉडल टाउन शाखा के चेयरमैन वीर भरत संघवी, सचिव वीर नरेश वोहरा तथा मॉडल टाउन शाखाओं के उपस्थित वीर-वीराओं द्वारा किया गया। उसके पश्चात वीर अनिल जैन के हाथों सूरत के पॉश विस्तार सिटीलाइट स्थित सब्जी मंडी में पौधारोपण किया गया व ब्यूटीफिकेशन के मद्देनजर सब्जी मंडी में अनेक गमले रखे गए। इस अवसर पर पर्यावरण प्रहरी श्री बसन्त खेतान तथा सब्जी मंडी के इंचार्ज श्री रमेश राजपूत तथा वीर अपेक्स पदाधिकारी भी उपस्थित थे। अगले पड़ाव में वीर अनिल जैन तथा एयरपोर्ट डायरेक्टर अमन सैनी की मौजूदगी में सूरत एयरपोर्ट परिसर में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण अभियान में पर्यावरण प्रहरी श्री बसन्त खैतान, श्री रमेश राजपूत, एक सोच एनजीओ की फाउंडर रितु राठी, दीपिका क्लन्त्री धुत, समाजसेवी श्री संजय जैन चावत, एयरपोर्ट के श्री सुनील कुमार तथा महावीर इंटरनेशनल के अपेक्स पदाधिकारी वीर गणपत भन्साली, वीर सुरेन्द्र मरोठी, वीर सन्दीप डाँगी, वीर मुकेश जैन तथा एम आई मुख्य शाखा के चेयरमैन वीर राकेश श्रीश्रीमाल, सचिव वीर श्री हस्तीमल बांठिया आदि पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे। उसके पश्चात वीर अनिल जैन मरोली उभराट स्थित ग्रीन पेरेडाइज रिसॉर्ट पहुंचे जहां रिसोर्ट के प्रबन्धक श्री राजीव कोठारी ने स्वागत किया, उल्लेखनीय है कि आगामी 24-25 दिसम्बर को प्रस्तावित रिजन-8 की कॉन्फ्रेंस के मद्देनजर उक्त रिसॉर्ट का मुआयना किया गया। वीर अनिल जैन ने इंटरनेशनल डायरेक्टर वीर संदीप डाँगी, वीर सुरेन्द्र मरोठी, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली, सूरत शाखा के उपाध्यक्ष वीर डॉ प्रो श्री संजय जैन के निवास पर पहुंच कर पारिवारिक मुलाकात की। वीर अनिल जैन के साथ कोटा के मोटिवेटर श्री प्रीतम गोस्वामी भी उपस्थित थे। अपने व्यस्तम दो दिवसीय शेड्यूल के पश्चात वीर अनिल जैन रात्रि में राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली लौट गए।



# अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव का बीकानेर एवं नोखा केंद्रों का दौरा

## वीरा चारु नाहटा, क्षेत्रीय सचिव (रीजन-5)






12 एवं 13 अगस्त को बीकानेर में अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन का आगमन हुआ। आगमन पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम बीकानेर केंद्र की प्रॉपर्टी विवाद पर था। 12 तारीख को लगातार तीन मीटिंग आयोजित की गयी। जिसमें सबसे पहले 9:30 बजे निवर्तमान केंद्र अध्यक्ष और उनकी टीम से मीटिंग की गई और 3:00 बजे वर्तमान केंद्र अध्यक्ष एवं उनकी टीम से मीटिंग की गई उसके उपरांत दोनों तरफ के तीन तीन सदस्य के द्वारा एक मीटिंग रखी गई। यह मीटिंग्स लगभग 14 घंटे चली और बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों पक्षों के वैचारिक मतभेद को समाप्त करने का सारगर्भित प्रयास किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव द्वारा अगले दिन 13 तारीख को बीकाणा वीरा केंद्र द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। फिर अश्व अनुसंधान केंद्र में जाकर पौधारोपण किया गया व अन्य कई सेवा कार्य के स्थानों की विजिट की।

उसके बाद महासचिव द्वारा नोखा केंद्र की विजिट क्षेत्रीय सचिव वीरा चारु नाहटा एवं सह निदेशक डॉ आशु मलिक के सानिध्य में की गई।

**महावीर इंटरनेशनल सात्विक विचारों के लोगों का एक ऐसा संगठन है जो निःस्वार्थ भाव से सेवा प्रकल्प संचालित करता है तथा आज विश्व में सेवा का पर्याय बन चुका है। यह विचार महावीर इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल कुमार जैन ने नोखा केंद्र पर अपने प्रवास के दौरान उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहे।**

नोखा केंद्र के चेयरमैन वीर राजेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने स्वागत भाषण में केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी तथा अपेक्स महासचिव के नोखा प्रवास को केंद्र के लिए नई ऊर्जा का संचार करने वाला कार्यक्रम बताया। केंद्र के संस्थापक चेयरमैन डॉ. सुन्दरलाल सुराणा, पूर्व जोन चेयरमैन वीर किशनलाल कांकरिया व गवर्निंग काउंसिल सदस्य डॉ एम.पी. तिवाड़ी ने अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

रीजन-5 की क्षेत्रीय सचिव वीरा चारु नाहटा, सह निदेशक वीरा डॉ.आशु मलिक व जोन चेयरपर्सन वीरा सरोज मरोठी का वीरा केंद्र की चेयरपर्सन वीरा सुषमा बजाज, केंद्र सचिव वीरा सरला अग्रवाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

जोन चेयरपर्सन वीरा सरोज मरोठी ने अपने संबोधन में केंद्रों से नए सदस्य बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्र अध्यक्ष वीर मांगीलाल संचेती, उपाध्यक्ष वीर सुरेंद्र हीरावत, वीर ईश्वरचन्द दुगड़, केंद्र सचिव वीर अनिल जैन, केंद्र कोषाध्यक्ष वीर बाबूलाल कांकरिया, वीर निर्मल कुमार भूरा, वीर पुरुषोत्तम तापड़िया, वीर महावीर सुराणा, वीर कन्हैयालाल सुराणा, वीर शिखर चंद पींचा, वीर बछराज पारख, वीर कमलकिशोर अंचलिया, वीर भंवर लाल पींचा, यूथ केंद्र के चेयरमैन वीर गजेंद्र पारख, केंद्र सचिव वीर संजय बुच्चा, उपाध्यक्ष वीर चंद्रप्रकाश डेलू, वीर जितेंद्र कांकरिया, वीरा केंद्र से वीरा प्रिया राठी, वीरा सुनीता खीचड़, वीरा चंदा लखोटिया, वीरा निर्मला पेड़ीवाल, वीरा मंजू हीरावत, वीरा सुंदर डागा, वीरा जय श्री भूरा, वीरा शारदा दुगड़, वीरा मीनू शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके अलावा महासचिव वीर अनिलकुमार जैन ने केन्द्र के कार्यालय भवन व फीजियोथेरेपी सेन्टर का अवलोकन भी किया।
कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।




## रीजन-1

### नार्थ -1 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र, अलवर (राजस्थान)
### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र द्वारा 17 जुलाई को आचार्य हस्ती चिकित्सालय शांतिकुंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



**स्वास्थ्य जाँच शिविर**

जिसमें ब्लड शुगर, कोलस्ट्रोल, हिमोग्लोबिन व रियायती दरों पर थायराइड की जांच की गयी। यह परामर्श डॉ सुरेंद्र जैन द्वारा दिया गया। इस शिविर में 44 मरीज लाभान्वित हुए।

### महावीर इंटरनेशनल ऋषिकेश केंद्र
### मासिक बैठक का आयोजन



**मासिक बैठक**

महावीर इंटरनेशनल ऋषिकेश केंद्र द्वारा 15 अगस्त को नए सत्र की चतुर्थ मासिक बैठक कृष्णा मिष्ठान भंडार (श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के बाहर) हरिद्वार रोड पर की गई। जिसमे सेवा गतिविधियों पर चर्चा के साथ एवं गेम आदि, जलपान के साथ 6:00 बजे बैठक का समापन किया गया। आयोजित बैठक में वीर एवं वीराओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र, दिल्ली (दिल्ली)
### नियमित वेक्सिनेशन कैम्प एवं सबको भोजन सेवा का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र द्वारा 'संजीवनी परियोजना' के तहत सीवीसी केंद्र, राजधानी अस्पताल, नबी करीम में प्रतिदिन करीब 200 व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा रहा है। जिसमें अब तक 4720 व्यक्तियों को टीका लगाया जा चुका है।

दिल्ली केंद्र के वीरा विजन ग्रुप की ओर से "सब को भोजन" कार्यक्रम के अंतर्गत राजधानी अस्पताल, हौजरानी अस्पताल, नबी करीम अस्पताल के बाहर आर्थिक रूप से परेशान 250 लोगों को नियमित भोजन परोसा गया।

23 जुलाई को वीरा विजन ग्रुप द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के तहत लाल कुआं, झुग्गी झोपड़ी कॉलोनी के 85 परिवारों को 85 राशन बैग और 1000 सैनिटरी पैड वितरित किए। इस अवसर पर वीरा विजन ग्रुप की अध्यक्ष वीरा अलका जैन, वीरा वीरस अंजना जैन, वीरा सपना कला, वीरा वनिता बिलाला द्वारा किया गया।

केंद्र द्वारा 6 अगस्त को SPYM रैन बसेरा, मीना बाजार, जामा मस्जिद के जरूतमंद के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में 197 लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर में नेत्र जाँच: 79, सामान्य चिकित्सा: 79, बीपी: 26, ब्लड शुगर: 13, मोतियाबिंद: 2 जाँच की गयी।




**राशन बैग एवं सेनेटरी नैपकिंस वितरण**



**वेक्सिनेशन कैंप का आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल, फरीदाबाद केंद्र
## विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल, फरीदाबाद केंद्र द्वारा भगवान महावीर अस्पताल में जुलाई माह में आंखों की जांच-445, आंखों का ऑपरेशन-13, डेंटल चेकअप-74, डेंटल सर्जरी-45, एक्यूप्रेशर उपचार-89, होम्योपैथी उपचार-324, न्यूरोथेरेपी उपचार-306, कम्प्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास केंद्र-160 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। केंद्र द्वारा वरिष्ठ सदस्य वीर महेंद्र कुमार जैन के जन्म दिवस पर उनके सौजन्य से 200 भोजन के पैकेट वितरित किए गए। माह के दौरान तीन नए सदस्य जोड़े गए।



**स्वतंत्रता दिवस समारोह**

केंद्र द्वारा निदेशक (रक्त और थेलेसीमिया) वीरा निधि जैन के सहयोग से ओमेक्स हाइट्स में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कुल 31 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शशि अग्रवाल, एमडी, शिवालिक फैशन प्राइवेट लिमिटेड मुख्य अतिथि थी तथा Rtn. श्रीमती मीनू गुप्ता, स्काइपमैप फाउंडेशन विशिष्ट अतिथि थी। कार्यक्रम में केंद्र अध्यक्ष वीर एल.सी. मेहता, सचिव वीर अजय कुमार जैन, वीर एम.के. जैन, वीर सुशील कुमार जैन (मॉर्डन स्कूल) निदेशक, वीर आर.सी. जैन एवं अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए ओमेक्स हाइट्स और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

केंद्र द्वारा 15 अगस्त को 75वां स्वतंत्रता दिवस भगवान महावीर अस्पताल में ध्वज फहराकर मिठाइयां, अल्पाहार का वितरण कर मनाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में केंद्र अध्यक्ष वीर एल.सी. मेहता, उपाध्यक्ष वीर प्रवीण रांका, सचिव वीर अजय कुमार जैन, निदेशक वीर एम.के. जैन, निदेशक वीर डॉ. पंकज कटारिया की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल उमंग वीरा गुरुग्राम केंद्र, गुरुग्राम (हरियाणा)
## सेनेटरी नैपकिंस वितरण

महावीर इंटरनेशनल उमंग वीरा गुरुग्राम केंद्र द्वारा 26 जुलाई को गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के अंतर्गत महिलाओं को 1000 सेनेटरी नैपकिंस वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में वीरा हेमा जैन (अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र 1), वीरा सरोज सालगिया (जोन सचिव नार्थ जोन 1), वीरा निधि जैन (अध्यक्ष), वीरा मीना जैन (संयुक्त सचिव), वीरा विनीता जी, वीरा अंजलि जी उपस्थित रहे।

केंद्र द्वारा 5 अगस्त को गुरुग्राम में 300 गरीब और जरूरतमंद लोगों



**सेनेटरी नैपकिंस वितरण**

को चावल, कड़ी, चपाती, सब्जी एवं खीर सहित भोजन बांटा। इस कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर हेमा जैन, केंद्र सचिव वीरा रिनू जैन, संयुक्त सचिव वीरा मीना जैन, वीरा विनीता एवं वीरा नीलम उपस्थित थे।



**चित्रकारी प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता**

केंद्र द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 अगस्त को बच्चों के लिए FUN Filled कार्यक्रम का आयोजन किया। कोविड नियमों का पालन करते हुए सुबह 11 बजे सामुदायिक केंद्र सेक्टर 4 में रक्तदान और स्वतंत्रता दिवस पर चित्रकारी प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा हेमा जैन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। वही जोन सचिव वीरा सरोज सालगिया और वीर मनोज को न्यायाधीश के रूप में आमंत्रित किया गया और क्षेत्रीय संयुक्त सचिव वीर संजय जैन को विशेष रूप में आमंत्रित किया गया। सभी बच्चों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट, स्नैक्स और गिफ्ट्स दिए गए। इस अवसर पर उमंग वीरा गुरुग्राम ने सभी मेहमानों को प्यार की छोटी सी निशानी दी। उन्होंने माता-पिता के लिए तंबोला का आयोजन किया और उन्हें उपहार दिए।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा फरीदाबाद केंद्र, फरीदाबाद (हरियाणा)

## मेडिसिन बैंक एवं रक्तदान शिविरों का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल वीरा फरीदाबाद केंद्र द्वारा स्थापित मेडिसिन बैंक में दवाईयां एकत्रित की गयी। जिसमें जेनेरिक मेडिसिन, कैंसर की मेडिसिन, कोविड-19 की मेडिसिन और अन्य बीमारियों के मेडिसिन को एकत्रित कर सेक्टर 8 सीही गांव स्थित चैरिटेबल डिस्पेंसरी जो



मेडिसिन बैंक में निःशुल्क दवाइयां वितरण

वही के सीनियर सिटीजन ग्रुप द्वारा चलाई जाती है जिसमें आने वाले सभी मरीजों को मेट्रो हॉस्पिटल के डॉक्टर्स द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं दवाईयां दी जाती है। यह दवाइयां डॉक्टर के लिखने पर ही निःशुल्क वितरित की जायेगी। केंद्र ने अलग-अलग स्थानों पर मेडिसन कलेक्शन




रक्तदान शिविरों का आयोजन

बॉक्स रखे है, जिसमें प्राप्त होने वाली मेडिसिंस अलग-अलग संस्थाओं को निःशुल्क दी जाएंगी।

केंद्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन एन आई टी 2 फरीदाबाद स्थित लखानी धर्मशाला में किया गया, इस कैम्प का आयोजन महावीर इंटरनेशनल के पैट्रन वरिष्ठ समाजसेवी वीर अजीत सिंह पटवा के 78वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इस रक्तदान शिविर में बहुत सी संस्थाओं के पदाधिकारियों और समाज सेवियों ने श्री पटवा को उनकी निरंतर सेवा प्रकल्पों के लिए बधाई दी और अपनी तरफ से पुष्प गुच्छ भेंट किये। बड़कल विधान सभा की विधायक श्रीमती सीमा अश्वनी त्रिखा ने भी पहुंच कर अपनी शुभकामनाएँ दी और सभी डोनर्स को आशीर्वाद दिया। अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक ब्लड और थैलेसेमिया वीर उमेश अरोड़ा ने आये हुए सभी समाज सेवियों का स्वागत किया उन्होंने बताया कि वीर अजीत सिंह पटवा जी से सदा दूसरो की सेवा करनी सीखी है उनकी प्रेरणा से लगातार सेवा प्रक्रम चल रहे है इस समय हर एक ब्लड बैंक में ब्लड की बहुत कमी है और महावीर इंटरनेशनल की टीम इन बच्चों के लिए निरंतर ब्लड डोनेशन कैम्प लगा कर सुनिश्चित करती है कि इन बच्चों को रक्त की कमी न रहे। महावीर इंटरनेशनल वीरा की चेयरपर्सन वीरा शिखा अरोड़ा ने बताया कि आज का रक्तदान शिविर युवा टीम के सहयोग से लगाया है जिसमे जै सागर अहूजा और दीक्षा हिमांशु इत्यादि 25 युवाओं ने अपना सहयोग दिया। ये बच्चे अपने स्कूल टाइम से हमारी टीम के साथ मिल कर रक्तदान शिविर का आयोजन करते है।

केंद्र द्वारा फरीदाबाद में रक्तदान सप्ताह के अंतर्गत सैनिक कॉलोनी शिव मंदिर में 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर

लगाया गया। जिसमे विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अपना सहयोग दिया और 51 यूनिट रक्तदान थैलासीमिया और गर्भवती महिलाओं के लिए एकत्रित किया गया। शिविर में सबसे पहले रक्तदान सर्वोदय हॉस्पिटल के कैंसर विशषज्ञ डॉ सुमंत गुप्ता ने अपना रक्तदान कर कैम्प की शुरुआत की और कहा कि सभी को कैंसर और थैलासीमिया बच्चों के लिए निरंतर रक्तदान करते रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य अतिथि पूर्व स्पेशल चीफ सेक्रेट्री हरियाणा सरकार आईएएस डॉ सुनील गुलाटी द्वारा ध्वजारोहण किया गया और उसके बाद उन्होंने भी अपना 63वां रक्तदान कर सभी को प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्तदान से बड़ा दान और कोई नहीं है रक्तदान कर हम थैलासीमिया और अन्य बहुत से बीमार व्यक्तियों को जीवन दान दे सकते है। रक्तदान सप्ताह में केंद्र द्वारा 82 यूनिट संग्रहित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल उर्वीजा वीरा केंद्र (दिल्ली)

महावीर इंटरनेशनल उर्वीजा वीरा केंद्र दिल्ली द्वारा नोएडा, 15 ए में शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए उर्वीजा स्टडी सेंटर शुरू किया है। सेक्टर के रेजिडेंट ने केंद्र को शिक्षा केंद्र शुरू करने के लिए हॉल दान में दिया। इस स्टडी सेंटर में पहली से आठवीं तक के छात्र होंगे। दो बैच होंगे- पहली से पांचवीं और छठी से आठवीं। बच्चों की कुल संख्या अब तक 25 है। पढ़ाने के लिए विशेष शिक्षक की नियुक्ति की गई है। यह स्टडी केंद्र सप्ताह में 5 दिन खुलेगा। उद्घाटन के मौके पर नार्थ जोन चेयरपर्सन वीरा सुनीता जैन, केंद्र सचिव वीरा श्वेता जैन, वीरा रोमा कोचर, वीरा रिया बंसल मौजूद थीं। जोन चेयरपर्सन ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

केंद्र द्वारा 13 अगस्त को उर्वीजा स्टडी सेंटर में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को कक्षा पहली से चौथी और पांचवीं से आठवीं तक दो समूहों में बांटा गया और प्रत्येक समूह में तीन विजेता और दो सांत्वना पुरस्कारों की घोषणा की। आयोजित प्रतियोगिता में 26 बच्चों ने हिस्सा लिया सभी को फल, मिठाई और नींबू पेय वितरित किया गया।

केंद्र द्वारा स्टडी सेंटर के बच्चों के साथ 75वें स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों द्वारा नृत्य प्रदर्शन, समूह गीत और भाषण आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए तथा बच्चों को मिठाई बांटी।

केंद्र द्वारा एशियन गेम्स विलेज, दिल्ली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सौरभ भारद्वाज ने किया। इसी मौके पर लेफ्टिनेंट कर्नल आईटीबीपी डॉ दीप्ति वाही एवं उप निदेशक विदेश मंत्रालय गौतम वाही ने रक्तदान किया। शिविर में 18 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।



रक्तदान शिविर

## महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र अलवर

महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा अलवर द्वारा जैन दादाबाड़ी में 15 जरूरतमंद परिवारों को मासिक राशन वितरण किया गया।

# नार्थ -2 जोन

## महावीर इंटरनेशनल मालेरकोटला केंद्र रक्तदान कार्यक्रम



रक्तदान कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल मालेरकोटला केंद्र द्वारा सिविल अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम डॉ ज्योति कपूर की अगवाई में 52 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल जम्मू तवी केंद्र रक्तदान कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल जम्मू केंद्र द्वारा आयोजित रक्त शिविर में 40 यूनिट एकत्र किए गए। डॉक्टरों ने एवं उनकी टीम ने केंद्र द्वारा किए गए प्रयासों और प्रबंधन की सराहना की।



रक्तदान कार्यक्रम

## महावीर इंटरनेशनल वीरा पंचकुला केंद्र, पंचकुला (हरियाणा)

## विद्यालय में पानी की टंकी भेंट

महावीर इंटरनेशनल वीरा पंचकुला केंद्र द्वारा 24 जुलाई को पानी के भंडारण के लिए मोरनी में कोटि स्कूल को रूपये 22000/ की लागत



पानी की टंकी उपलब्ध



भोजन वितरण सेवा कार्य का आयोजन

से दो पानी की टंकी, 1 इलेक्ट्रिक मोटर और सभी फिटिंग्स उपलब्ध कराई गई।

केंद्र द्वारा 14 अगस्त को बुदानपुर पंचकुला के सामने सेक्टर 17 लेबर चौक में आर्थिक रूप से परेशान 500 लोगों को मिड डे मील में चावल, चपाती और सब्जी, खीर परोसा। इस अवसर पर केंद्र अध्यक्ष वीरा राजेश्वरी जैन, सचिव वीरा विजय जैन, वीरा शुभ किरण जैन, वीर सुदेश जैन, वीरा सुनीता जैन आदि ने सेवाएं प्रदान की।

## महावीर इंटरनेशनल दिशा वीरा चंडीगढ़ केंद्र (चंडीगढ़)

## पौधारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल दिशा वीरा चंडीगढ़ केंद्र द्वारा 27 जुलाई को सरकारी अस्पताल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पीपल, नीम, अशोक, गुलमोहर और कुछ जड़ी-बूटी के 100 पौधे लगाये गए एवं स्कूल के प्रधानाचार्य, कर्मचारियों और छात्र-छात्रों ने पौधों की अच्छी देखभाल का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में वीरा उषा जैन, वीरा शिल्पा जैन, वीर कमलेशजी, वीर बालेश जैन, वीरा निम्मी कपूर, वीरा शमा उपस्थित रहीं।

केंद्र द्वारा सरकारी अस्पताल सेक्टर 22 में जुलाई महीने में 20 बेबी




पौधारोपण कार्यक्रम


किट वितरित किए गए। कोविड मानदंड के अनुसार केंद्र द्वारा बेबी किट को अस्पताल बैंक में जमा करते हैं, जब भी आवश्यकता होती है वे शिशुओं के लिए जरूरतमंद माताओं को सौंप देते हैं। सीनियर नर्सिंग इंचार्ज पिंकी मराठा और एसएमओ डॉ. अनीता मोहिंद्रो केंद्र को वितरण की तस्वीरें भेजते हैं।

# रीजन-2

## जयपुर जोन

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर महिलाओं द्वारा 500 वटवृक्ष लगाकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी जयपुर और ग्राम पंचायत मण्डा भोपावास के तत्वावधान में मण्डा भोपावास में महिलाओं के द्वारा 500 वटवृक्ष के साथ 2500 अन्य पौधों का पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समारोह में महिलाओं द्वारा 500 बरगद के पौधे लगा कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित वीर हिम्मताराम भांभू नागौर ने बताया कि जीवन में सभी को हर वर्ष एक पौधा लगाने चाहिए। मानव जीवन की जन्म से मृत्यु तक का सफर लकड़ी से ही चलता है। वहीं पेड़ लगाने से जो पुण्य मिलता है वहीं पुण्य दूसरे कामों से नहीं मिल पाता है।



GOLDEN BOOK OF WORLD RECORDS

Certificate of Excellence

LARGEST BANYAN TREE SAPLINGS PLANTATION INITIATIVE

The World Record 'largest banyan tree saplings plantation initiative (single location)' has been jointly attempted by **Mahavir International Pinkcity** and **Gram Panchayat Manda Bhopawas** from Jaipur, Rajasthan, India.

On Aug 08, 2021, record breaking number of banyan tree saplings have been claimed to planted at Manda Bhopawas village.

*Provisional Certificate

Authorized Signatory
Golden Book of World Records

**गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड**

पेड़ हमारे जीवन में केवल देता ही देता है। जैसे कि पेड़ से ऑक्सीजन, लकड़ी, पत्ती, फल, फूल, औषधी के साथ पशु पक्षियों के लिए रहने की जगह भी पेड़ों से ही मिलती है। वहीं पद्मश्री हिम्मताराम भांभू ने बताया कि एक पेड़ की उम्र देखे तो सौ वर्ष, दो सौ वर्ष तक होती है वहीं एक वटवृक्ष की उम्र सात सौ वर्ष से भी अधिक होती है। इसलिए हमें अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए अगर कुछ करना है तो हमें हमारे जीवन में वटवृक्ष जरूर लगाना चाहिए। वहीं संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर शांति कुमार जैन ने बताया कि हम सभी को अपने जीवन में प्रकृति से कुछ ना कुछ लेते ही रहते हैं लेकिन जिस प्रकार विश्व में जो कोरोना महामारी आई है उसको देखते हुए अब हमें प्रकृति को भी कुछ देना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए हम कुछ कर सके एवं अब हमें अपने जीवन में हर साल एक पौधा लगाकर उसको बड़ा होने तक देखभाल करें ताकि कोरोना महामारी में जिस प्रकार ऑक्सीजन की कमी हुई वो आने वाली पीढ़ी को ना हो। इस दौरान केंद्र द्वारा किये गये इस कार्यक्रम मे मण्डा भोपावास ग्राम पंचायत ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पद्मश्री सम्मानित हिम्मताराम भांभू नागौर, वीर शांति कुमार जैन अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, वीर विमल रांका गवर्निंग काउंसिल मेंबर एवं पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय निर्देशक ग्रीन व क्लीन इंडिया महावीर इंटरनेशनल वीर मंदीप सिंह, पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वीर दिनेश मोहनोत, वीरा शिखा मंगल, वीरा मीना, वीरा माया बोथरा, केंद्र अध्यक्ष वीर राजीव अग्रवाल, वीर विमल जैन, सरपंच महेंद्र यादव, वीर पुष्प जैन एवं वीर धनकुमार कोठारी, पूर्व केंद्र अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।



**पौधारोपण कार्यक्रम**

महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र द्वारा स्थायी प्रकल्प के तहत श्याम नगर में नियमित रूप से संचालित होम्योपैथी अस्पताल के लिए केंद्र द्वारा चार हजार रुपए की राशि प्रति माह दी जा रही है। इस सेवा प्रकल्प के लिए संरक्षक वीर एम सी लोढ़ा का सहयोग रहता है। एक जल मंदिर मोहनोत परिवार के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। केंद्र द्वारा वीरा माया बोथरा के सहयोग एवं प्रयासों से जरूरतमंद मरीजों को 20 हजार की दवाईयां उपलब्ध करवाई गयी। अपना घर संस्था में 26,400 की राशन सामग्री उपलब्ध करवाई गयी। 3 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल एवं कालेज फीस जमा करवाई गयी। 135 पौधे मय गमले के लगवाए गए। समर्पण संस्था एवं जे के लॉन हॉस्पिटल में भोजन वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त पशु चिकित्सा एवं चारा के लिए 16 हजार खर्च किये गए।

## महावीर इंटरनेशनल निवाई केंद्र, टोंक (राजस्थान) वृक्षारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल निवाई केंद्र द्वारा 26 जुलाई को वीर बृजमोहन शर्मा के फार्म हाउस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार 101 पौधे एवं 40 पौधे बड़ी साइज के आंवला के लगाए गए।



**वृक्षारोपण कार्यक्रम**

## महावीर इंटरनेशनल वाईब्रेंट वींरा केंद्र, जयपुर (राजस्थान)
## सिलाई मशीन वितरण

महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र द्वारा 17 जुलाई को स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की गयी। जिसमें महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य की परिकल्पना करते हुए एवं सभी की देखरेख के लिए स्वास्थ्य मिशन



**सिलाई मशीन वितरण**

चालु किया गया। जिसके तहत अमरनाथ की बगीची में 20 महिलाओं को जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक है, उन सभी को कैल्शियम व विटामिन की दवाईयां वितरित की गयी है। उनका बीपी व स्वास्थ्य परीक्षण वीरा डॉ रश्मि सारस्वत जी द्वारा किया गया। अब हर 15 दिन में इन महिलाओं को ये दवाईयां उपलब्ध कराई जायेंगी व आगामी दिनों में नि:शुल्क शुगर जांच भी करवाई जाएगी। 22 जुलाई को केंद्र द्वारा महिला सशक्तिकरण प्रोजेक्ट के अंतर्गत सिलाई का 3 महीने का कोर्स पूरा होने पर संस्था द्वारा 6 विद्यार्थियों को सिलाई मशीन प्रदान की गयी। जिससे सभी विद्यार्थी अपने घर से रोजगार शुरू कर सकेंगे एवं स्वयं को सशक्त बना सकेंगे। 30 जुलाई को केंद्र द्वारा ग्रीन एंड क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें 5 पेड़ जनता कॉलोनी के सर्किल पर स्थित मैदान में लगाये गए। केंद्र द्वारा 2 अगस्त को राजा पार्क स्थित आर्य समाज प्रांगण में नि:शुल्क कोविशिल्ड वेक्सीन का कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें 386 सभी उम्र के व्यक्तियों को प्रथम व दूसरी डोज लगाई गई। इस कार्यक्रम के लिए सेवेक्स टेक्नोलॉजी की CSR टीम का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीरा डॉ रश्मि सारस्वत, चेयरपर्सन वीरा रश्मि आर्य व सचिव वीरा अल्पना ताम्बी ने सभी मेडिकल टीम सदस्यों का सराहनीय कार्य हेतु साधुवाद दिया व विशेष सहयोग के लिये वीरा मंजूषा गुलाटी, वीरा नंदिता व वीरा रुचि गुप्ता को सम्मानित किया। केंद्र द्वारा प्रेग्नेंसी टू इंफैन्सी प्रोजेक्ट के अंतर्गत अन्तर्राष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य पर 6 अगस्त को जयपुरिया राजकीय चिकित्सालय में 100 बेबी किट व 25 नवजात शिशुओं की माताओं को दलिया, दाल व ग्लूकोज बिस्किट के पोषण किट प्रदान किये। केंद्र द्वारा आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में 24 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। इस शिविर का आयोजन खंडेलवाल सेवा सदन में किया गया संघ के क्षेत्रीय प्रमुख श्री हरिशंकर जी कूलवाल की विशेष उपस्थिति रही। यशोदा परियोजना के अंतर्गत वाइब्रेंट वीराओं द्वारा एक 24 वर्षीय गर्भवती महिला की सम्पूर्ण देखभाल और भोजन की जिम्मेदारी वीरा अनीता गुप्ता ने सहर्ष ली हैं। जिसमे वह गर्भवती महिला के लिए मखाने, चावल, मूंग दाल, चना दाल, अरहर दाल, हरी दाल, दलिया, खिचड़ी, सूजी, पोहा, बिस्कुट, मुनक्का एवं प्रतिदिन आधा किलो दूध की भी व्यवस्था की गई है। गर्भस्थ शिशु व माता के उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ यह सहयोग निरंतर रहेगा।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती केंद्र, जयपुर (राजस्थान)
## बेबी किट वितरण

महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती केंद्र द्वारा 26 जुलाई को सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं की सुरक्षा के लिए 25 बेबी किट का वितरण किया गया। साथ ही महिलाओं में होने वाले संक्रमण व अन्य विभिन्न तरह की बीमारियों से बचाव के लिये 50 सेनेटरी नेपकिन्स का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में



**बेबी किट वितरण**

वीरा कुसुम, वीरा सुनीता, वीरा सुषमा उपस्थित रही।

केंद्र द्वारा मानव सेवा के तहत "अपना घर आश्रम" के 35 विमंदितजनों को खाना खिलाया गया। इस कार्यक्रम में चेयरपर्सन वीरा इंद्रा लोढ़ा, वीरा आशा खरेड़, वीरा रेखा लोढ़ा एवं महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र के वीर गौतम जी लोढ़ा की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा कोटा केंद्र, कोटा (राजस्थान)
## पौधारोपण एवं बेबी किट कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल सखी वीरा केंद्र कोटा द्वारा 21 जुलाई को शहरी चिकित्सा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तलवन्डी में पौधारोपण कार्यक्रम का



पौधारोपण कार्यक्रम

आयोजन किया गया। जिसमें 6 औषधीय पौधे लगाए गए। 30 जुलाई को नालंदा एकेडमी अनंतपुरा में पांच बड़े पौधे लगाए गए। केंद्र द्वारा 22 जुलाई को जीवदया सेवा कार्यक्रम के तहत बैराज व किशोर सागर तालाब पर पक्षियों को 15 किग्रा दाना डाला गया एवं 30 जुलाई को वीरा हेमा जी विजय (धर्मपत्नी पूर्व महापौर महेश जी विजय) के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कृष्ण मुरारी गौशाला दान बाड़ी के पास गायों को हरा चारा खिलाया गया। केंद्र द्वारा 29 जुलाई को बच्चों की सुरक्षा एवं स्वच्छता हेतु जेके लोन हॉस्पिटल में 55 बेबी किट का वितरण किया गया तथा हर एक बेबी किट मे बच्चों के लिये 7 आइटम्स दिए गए। यह कार्य पूर्व केंद्र अध्यक्ष एवं कोटा रीजन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर वीरा पूर्णिमा जैन के सौजन्य से किया गया। केंद्र द्वारा 30 जुलाई को गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के अंतर्गत सामूहिक भवन सरकारी स्कूल के सामने घोड़ा बस्ती में महिलाओं को 101 सेनेटरी नैपकिन्स का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष वीरा सुलोचना जैन द्वारा महिलाओं को मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से जागरूक किया गया। केंद्र द्वारा हरित क्रांति के तहत 1 अगस्त को मेनाल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बोरखेड़ा कोटा में 5 पौधों का रोपण किया गया। केंद्र द्वारा 8 अगस्त को वेध दाऊ दयाल जोशी औषधालय में जोन चेयरमैन वीर राजेंद्र जी ताथेडिया के सानिध्य में वीरा ज्योति जैन बगड़ा के सौजन्य से बच्चों की इम्युनिटी मजबूत करने के लिए स्वर्ण प्राशन दवाई पिलाई गई। केंद्र द्वारा 9 अगस्त को जोन चेयरमैन वीर राजेंद्र जी ताथेडिया के सानिध्य में वीरा हेमा जी विजय के सौजन्य से किशोरपुरा का कायन हाउस गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया गया। केंद्र अध्यक्ष वीरा सुलोचना जैन ने बताया उक्त कार्यक्रम में वीरा ज्योति जैन, वीरा प्रीति जैन एवं चेतन जी जैन उपस्थित थे।

## महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र कोटा रक्तदान एवं नेत्र शिविर का सयुंक्त आयोजन

महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र कोटा एवं निरामय हॉस्पिटल कोटा के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान सप्ताह 8 से 15 अगस्त 2021 की श्रृंखला में ब्लड डोनेशन, अस्थि घनत्व एवं नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन 15 अगस्त को नवनिर्मित निरामय हॉस्पिटल कोटा में संपन्न हुआ। केंद्र अध्यक्ष वीर अंकित जैन ने बताया की 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में डॉ नेहा जैन (नेत्र रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ अंकुर जैन (अस्थि रोग विशेषज्ञ) द्वारा नवनिर्मित निरामय हॉस्पिटल में 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। सचिव वीर अंकुर नागर ने बताया कि 45 लोगों का अस्थि एवं नेत्र परीक्षण किया गया। कोषाध्यक्ष वीर पराग जैन ने कहा कि कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं झंडा रोहण के साथ शुरू हुई तत्पश्चात नव निर्मित निरामय हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घाटन श्रीमती राखी गौतम (सचिव कांग्रेस कमिटी राजस्थान), श्री पवन मीणा (उपमहापौर, कोटा दक्षिण), श्री अंकित जैन (DYSP), श्री अनुराग गौतम (पार्षद), श्री प्रफुल्ल पाठक (पार्षद), श्री आर.पी मीणा (विभागाध्यक्ष, अस्थिरोग NMCH & MBS कोटा), श्री राकेश जैन (अध्यक्ष GMA, कोटा), श्री राजेंद्र ताथेडिया (जोन चेयरमैन) आदि द्वारा किया गया।




रक्तदान एवं नेत्र शिविर का सयुंक्त आयोजन

## महावीर इंटरनेशनल कोटा केंद्र पौधारोपण कर मनाया स्वतंत्रता दिवस

महावीर इंटरनेशनल कोटा केंद्र द्वारा 75वां स्वतंत्रता दिवस, केंद्र के भवन पर झंडारोहन कर नीम, पीपल, गिलोय के पौधों का रोपण कर मनाया गया।

## सीकर-झुंझुनू जोन

### महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र, झुंझुनू (राजस्थान) वृक्षारोपण एवं रक्तदान शिविर कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं केंद्र द्वारा 21 जुलाई को ग्रीन एंड क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम वर्कशॉप परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 150 वृक्ष छायादार एवं 8-10 फुट के वृक्ष जिला कलेक्टर श्रीमान जगदीश प्रसाद जी गौड़ साहब के सानिध्य में लगाए गये। इस कार्यक्रम में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम संस्था प्रबंधक गणेश शर्मा जी, महेंद्र जी डूडी, विक्रम जी सिंह महला, जयदीप बेनीवाल जी, संस्था अध्यक्ष डॉक्टर वीर एसएन शुक्ला, वीर नागर मल जांगिड़, वीर



वृक्षारोपण कार्यक्रम

श्याम सुंदर जालान, वीर महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, डॉक्टर उमेद सिंह, डॉक्टर जेपी बुगालिया, विमल जांगिड़ उपस्थित रहे।

75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर रक्तदान सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत शहीदों की याद में केंद्र द्वारा एवं शारदा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 56 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में सांसद श्रीमान नरेंद्र कुमार खींचड़ ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए महावीर इंटरनेशनल संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए संस्था का आभार प्रकट कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर केंद्र अध्यक्ष वीर डॉ एस एन शुक्ला, वीर नागर मल जांगिड़, जोन चेयरमैन वीर श्यामसुंदर जालान, क्षेत्रीय सचिव वीर जाकिर सिद्दीकी, वीर महेश कुमार मुंड, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर नितिन अग्रवाल, वीर पुष्कर दत्त जांगिड़, वीर डॉ उम्मेद सिंह शेखावत, वीर डॉ नरेंद्र सिंह नरूका, वीर गोविंद सिंह राठौड़, वीर देवेंद्र कुमार गौड़, वीर गोविंद कुमावत, वीर डॉक्टर शुभकरण बूरी, वीर राजेंद्र सिंह, वीरा सुमन चौधरी, डॉक्टर पूजा पूनिया, डॉ विनोद बूरी, डॉ शारदा बूरी, डॉ गौरव बूरी, वीर कालूराम खींची, वीर विकास मोटसरा, वीरा नीतू अग्रवाल, वीर रामगोपाल शर्मा, वीर रमेश चंद्र शर्मा, वीर ओमप्रकाश ककरानियां सहित जेजेटी यूनिवर्सिटी ब्लड बैंक टीम अरुण पांडे, कर्मवीर सिंह, रामनिवास शर्मा व टीम द्वारा रक्तदान संग्रहित किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल सीकर केंद्र, सीकर (राजस्थान) वृक्षारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल सीकर केंद्र द्वारा 24 जुलाई को ग्रीन एंड क्लीन



वृक्षारोपण कार्यक्रम

इंडिया प्रोजेक्ट के तहत रेलवे कॉलोनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया, जिसमें बड़ और पीपल के पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम संस्था के वरिष्ठ सदस्य वीर शिवकुमार शर्मा एवं वीरा शांति देवी शर्मा, वीर सुनील शर्मा, श्री शंकर लाल सोनी, रेलवे बालाजी मंदिर के पुजारी श्री श्याम सुंदर एवं श्री पूरण सिंह शेखावत के सौजन्य से किया गया। केन्द्र द्वारा द्वारा ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर श्री शंकर लाल पहाड़िया के सानिध्य में पहाड़िया कृषि फार्म में 101 विभिन्न प्रकार के छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में केंद्र अध्यक्ष वीर सुनील दीवान, सचिव वीर राजेंद्र पहाड़िया, वीर गौरी शंकर पारीक, वीर प्रभु दयाल रारा, वीर अनिल खेतान, वीर नवरतन सोनी, वीर राजीव खण्डेलवाल, वीर मनोज पंसारी, वीर अशोक पलासरा, वीर मयंक चतुर्वेदी, वीर घनश्याम अग्रवाल, वीर कैलाश लडानिया, वीरा संगीता पहाड़िया, वीरा कविता खंडेलवाल, वीरा तनिष पहाड़िया, वीरा काव्या खंडेलवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल नवलगढ़ केंद्र, झुंझुनू (राजस्थान) वृक्षारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल नवलगढ़ केंद्र द्वारा ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत वार्ड नंबर 1 के गार्डन में 60 छायादार वृक्ष लगाए

गए उपरोक्त कार्यक्रम में विधायक श्रीमान राजकुमार शर्मा, वीर श्रीमान कैलाश चोटिया, शोएब अली खत्री, दिनेश सुंडा, DFO जिला अधिकारी हुड्डा, ललित शर्मा, वीर मुरली, डीडवानिया एवं काफी संख्या में केंद्र के वीर एवं वीराएं उपस्थित रहे। केंद्र द्वारा बिरोल में नवलगढ़ स्काउट गाइड के संयोजन में 50 वृक्ष छायादार लगाए गए। उपरोक्त कार्यक्रम में गंगाधर जी सुंडा, राम अवतार जी सवलानियां, ओम प्रकाश जी आर्य, अंकित जी साखंनिया, वीर मुरली जी, मुरारी लाल जी, चंद्रप्रकाश जी, गोविंद सिंह जी एवं काफी संख्या में वीर वीराएं एवं ग्राम के गणमान्य जन उपस्थित रहे। केंद्र द्वारा जरूरतमंद गरीब परिवारों को खाद्य सामग्री की सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर केंद्र सचिव वीर मुरली मनोहर दुर्गा प्रसाद डीडवानिया, डॉक्टर विकास सैनी, विशाल पंडित रतन लाल शर्मा आदि उपस्थित थे। केंद्र एवं नगर पालिका नवलगढ़ द्वारा गेर मंदिर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष शोएब खत्री, केंद्र अध्यक्ष वीर कैलाश चोटिया, सचिव मुरली मनोहर चोबदार, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी राकेश रँगा, नगर पालिका के पार्षद मोहम्मद इरफान, वीर भूपेश पारीक, वीर दुर्गा प्रसाद डीडवानिया, वीर ओम पंडित पप्पू शर्मा, वीर घनश्याम शर्मा, वीर सुभाष सैनी, वीर राजीव शर्मा और मोहम्मद शाहिद आदि उपस्थित थे। केंद्र द्वारा रक्तदान शिविर में 35 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल चूरू केंद्र
### रक्तदान शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल चूरू केंद्र द्वारा रक्तदान शिविर में 71 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल इस्लामपुर केंद्र
### स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल इस्लामपुर केंद्र एवं आदित्य अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ वीर एसएन शुक्ला एवं सरपंच एवं केंद्र अध्यक्ष वीर आमीन मणियार के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि जोन चेयरमैन वीर श्यामसुंदर जालान थे। शिविर संयोजक वीर आबिद मणियार लखेरा ने बताया कि उपरोक्त शिविर में 39 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर में प्रथम रक्तदान केंद्र अध्यक्ष एवं ग्राम के सरपंच वीर आमीन मणियार द्वारा किया यह उनका सातवीं बार रक्तदान था। अप्रैल माह में 18 वर्ष कंप्लीट किए सुहेल ने भी शिविर में रक्तदान किया। वेटरनरी कंपाउंडर गजानंद ने शिविर में 18वीं बार रक्तदान किया। कार्यक्रम में डॉ रियाज, सुरेश, बाबूलाल, ईशान, फिरोज, रहमान, कुलदीप पाटिल, सुनील, शाहरुख मणीयार, शाहरुख कुरेशी, हसन पठान, सोहेल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। जेजेटी यूनिवर्सिटी ब्लड बैंक टीम अरुण पांडे, कर्मवीर सिंह, रामनिवास शर्मा, आदि ने ब्लड संग्रहित करने में सहयोग किया।

# रीजन-3

## अजमेर जोन

### महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र
### गौ सेवा प्रकल्प

महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र द्वारा 11 अगस्त को गौ सेवा प्रकल्प के अंतर्गत संस्था की ओर से श्री पुष्कर आदि पशु एवं गौशाला लोहागल अजमेर रोड पर गायों को एक टेंपो (600 किलो) हरा चारा उपलब्ध करवाया गया। साथ ही वहां की कृषि भूमि पर खेजड़ी के बीजों का रोपण भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में वीरा इंदु जैन, वीर पदम चंद जैन, वीर अशोक गोयल ने सहभागिता की।

### महावीर इंटरनेशनल कुचामनसिटी केंद्र, नागौर (राजस्थान)
### विभिन्न सेवा प्रकल्प

महावीर इंटरनेशनल कुचामनसिटी केंद्र द्वारा 17 जुलाई को स्वश्री प्रकाशचंद काला जीलिया की पुण्य स्मृति में श्रीमती मंजु देवी काला एवं श्री विमल-मुकेश-अमित काला द्वारा जिलिया के सेठ हनुमान




बेबी किट वितरण

बग्स काला राजकीय चिकित्सालय में मरीजों को प्रचन्ड गर्मी से राहत हेतु पांच पंखे व तीन कुलर भेंट किये गए। साथ ही नवजात बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए 11 हाईजेनिक बेबी किट दिए गए। इस कार्यक्रम में जोन कोषाध्यक्ष वीर सुभाष पहाड़ियां, केंद्र अध्यक्ष वीर कैलाश पांड्या, सचिव वीर रामावतार गोयल, वीर रितेश अजमेरा, वीर पंकज काला, वीर तेजकुमार बड़जात्या, बीएलओ वीर रामनिवास

कड़वा, वीर धनसुख माली, वीर सुभाष चौधरी उपस्थित रहे। केंद्र द्वारा हरियाली अमावस्या को जीवदया सेवा के तहत गौशाला में लापसी व दो ट्राली रिजका प्रदान किया गया।

केंद्र एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर अजमेर तथा भामाशाह रामअवतार हरीश डीडवानिया परिवार कुचामन सिटी द्वारा स्व. देवी प्रसादजी, स्व. दिनेशजी डीडवानिया की स्मृति में 8 अगस्त को जैन स्कूल पलटन गेट कुचामन सिटी में शिविर का शुभारंभ चंद्रप्रकाश, राम अवतार, हरीश डीडवानिया, जैन स्कूल के सचिव संतोष कुमार पहाड़िया, महावीर विकलांग समिति जयपुर अजमेर के प्रभारी सुरेश मेहरा ने भगवान महावीर के सामने दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में 160 दिव्यांगजनों को चिन्हित किया गया जिनको निम्न उपकरण निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। जिसमें ट्राई साइकिल 20, व्हीलचेयर 15, जयपुरफूट 15, कान की मशीन 55, सिलाई मशीन 5 एवं अन्य उपकरण का पात्रों के लिए चिन्हिकरण हुआ।

## महावीर इंटरनेशनल मकराना केंद्र रक्तदान सप्ताह आयोजित

महावीर इंटरनेशनल मकराना केंद्र द्वारा रक्तदान सप्ताह के अंतर्गत 214 यूनिट रक्त संग्रहण किया।

## महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा अजमेर केंद्र गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के चलते महिलाओं को समझाया गया कि मां के दूध का विकल्प नहीं एवं नवजात शिशु को 6 माह तक सिर्फ मां का दूध ही पिलाना है तथा यशोदा परियोजना के अंतर्गत 30 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित किया गया।

केंद्र द्वारा 8 अगस्त को रक्तदान शिविर व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 30 यूनिट ब्लड का कलेक्शन हुआ। शिविर का शुभारंभ विधायक श्री वासुदेव देवनानी, अन्तर्राष्ट्रीय डायरेक्टर वीर पदम चंद जैन, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अशोक गोयल, जोन चेयरमैन वीर नरेंद्र रांका, को-डायरेक्टर वीरा अलका दूधेडिया आदि की उपस्थिति में हुआ। चेयरपर्सन वीरा आभा लुणावत ने सभी रक्तदाताओं का स्वागत किया। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट गिफ्ट केंद्र की तरफ से प्रदान किए गये। सचिव वीरा कल्पना कांसवा ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सक टीम, नेत्र परीक्षण टीम को आभार एवं धन्यवाद दिया। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारतीय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष वीरा मीना शर्मा, वीरा डिंपल जैन, वीरा मधु बोथरा आदि सभी सदस्यों की सेवाएं सराहनीय रही। केंद्र की ओर से नेत्र परीक्षण भी करवाया गया जिसमें लगभग 80 लोगों की नेत्र जांच हुई व केंद्र की ओर से चश्में प्रदान किए गए। इस शिविर में 10 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प पत्र व दो लोगों ने देहदान का संकल्प पत्र भरा।

## महावीर इंटरनेशनल अजमेर विवेकानंद यूथ केंद्र रक्तदान शिविर का आयोजन

अपेक्स द्वारा आयोजित रक्तदान सप्ताह में 8 अगस्त से 15 अगस्त 2021 के अंतर्गत अजमेर संभाग के महावीर इंटरनेशनल विवेकानंद यूथ केंद्र ने 30 यूनिट रक्त संग्रहण किया।

## महावीर इंटरनेशनल फुलेरा केंद्र, जयपुर (राजस्थान) महावीर इंटरनेशनल फुलेरा केंद्र द्वारा सेनेटरी नैपकिन्स वितरण, रक्तदान कार्यक्रम एवं सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल फुलेरा केंद्र द्वारा 30 जुलाई को गरिमा प्रोजेक्ट



**सेनेटरी नैपकिन्स**

"झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के अंतर्गत आकोदा ग्राम, सामलपुरा ग्राम में जरूरतमंद महिलाओं और किशोरियों को 400 सेनेटरी नैपकिन्स वितरित किए गए। सभी वीराओं द्वारा मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से जागरूक किया।

केंद्र ने 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीदों को और वर्तमान के ओलंपिक विजेताओं को समर्पित करने के लिये फुलेरा तहसील के आकोदा ग्राम के लगरिया टीबा में जनहितार्थ महारक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। इसमे महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र से पधारे अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर पदम चंद जैन, सेक्रेट्री वीर प्रभात चंद सेठी व सदस्य वीर HN पनिहार एवं आकोदा के सुप्रसिद्ध समाजसेवी वीर धर्मचंद जैन ने दादू मंदिर में दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ सुमित दुलानी से मुफ्त सलाह की सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। रक्तदाता की ब्लड जांच कर कर रक्तदान करने वाले साथियों को अल्पाहार में कचौरी, जलेबी, सेब व कॉफी बिस्किट खिला कर रक्तदान करवाया गया एवं उपहार स्वरूप पारले जी के साथ 500 ML के सेनेटाइजर की बोतल एवं



रक्तदान शिविर

N-95 मास्क के साथ यादगार के रूप में स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिये गये। कुल 95 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। केंद्र का यह प्रथम प्रयास था जो की सराहनीय रहा। आयोजित कार्यक्रम में केंद्र के चेयरमैन वीर विशाल शर्मा, डायरेक्टर वीर चंद्र मोहन चौधरी, सचिव वीर संजय जैन, कोषाध्यक्ष वीर मनोज नागर, उपाध्यक्ष वीर दीनदयाल दाधिच, सह डायरेक्टर वीर नितेश जैन एवं अन्य सदस्य वीर राजेश शर्मा, वीर घनश्याम पडियार, वीर गोविंद शर्मा, वीर मनोज कुमावत, वीर सुरेश कुमावत, वीर हेमंत पारीक, विशेष सहयोग श्री गोविंद कुमावत, श्री कानाराम चौधरी, श्री सूरज चौधरी, श्री रमाकांत शर्मा, श्री विनोद कुमावत उपस्थित थे।

केंद्र द्वारा महावीर इंटरनेशनल के स्थापना माह में 6 परिवारों को सिलाई मशीन मय पैरदान का सहयोग किया। इसमें उन परिवारों के लोग शामिल है जिन्होंने कोरोना के कारण अपने परिवार के मुख्य सदस्य को खोया हैं।

## महावीर इंटरनेशनल राजश्री मकराना केंद्र, नागौर (राजस्थान)

## महावीर इंटरनेशनल वीरा राजश्री मकराना केंद्र द्वारा रोग निदान शिविर आयोजन

महावीर इंटरनेशनल वीरा राजश्री मकराना केंद्र द्वारा 29 जुलाई को विशाल नि:शुल्क मल्टी स्पेशियलिस्ट रोग निदान शिविर ईड्वा गांव में आयोजित किया गया। इस शिविर में हड्डी, हृदय, गुर्दा, अव उदर आदि रोगों की नि:शुल्क जांच कर दवाईयां वितरित की गई एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की टीम जयपुर रुंगटा हॉस्पिटल आई थी। जिसमें डॉ प्रमोद गर्ग, डॉ पूर्वा महेश्वरी, डॉ एस आर नेहरा, डॉ प्रगति चौधरी, सवरा जी मीणा, ऋषिकेश जी मीना, रेणु जी राय सभी ने अपनी सेवाएं दी। यह कार्यक्रम कमलादेवी कोठारी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सुपुत्र




रोग निदान शिविर आयोजन

महावीर जी कोठारी के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष वीर विजया बाफना, सचिव वीरा अल्का बम सहयोगी सदस्य वीरा कल्पना जैन, वीरा सुशीला गोधा, वीरा रीतू मेहता उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा स्पर्श केंद्र, भीलवाड़ा (राजस्थान)

## महावीर इंटरनेशनल वीरा स्पर्श केंद्र द्वारा सेनेटरी नैपकिन्स वितरण

महावीर इंटरनेशनल वीरा स्पर्श केंद्र द्वारा 28 जुलाई को संचालित गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को 50 सेनेटरी नैपकिन्स का वितरण किया गया। साथ ही चेयरपर्सन वीरा ऊषा जैन द्वारा महिलाओं को




सेनेटरी नैपकिन्स वितरण

मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के दृष्टि से जागरूक किया गया। केंद्र द्वारा आर एस हॉस्पिटल अजमेर में 25 नैपकिन्स का वितरण किया गया। उन्हें भविष्य में मासिक धर्म के समय जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन वीरा ऊषा जैन तथा आर एस हॉस्पिटल अजमेर के डॉक्टर एवं वहां का स्टाफ उपस्थित रहा।

## महावीर इंटरनेशनल बोरावड़ केंद्र एवं विजयश्री बोरावड़ केंद्र, नागौर (राजस्थान)
## महावीर इंटरनेशनल वीर व वीरा केंद्र का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

महावीर इंटरनेशनल वीर व वीरा केंद्र, बोरावड़ का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय अग्रवाल भवन में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अशोक गोयल, अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर पदमचन्द जैन व अजमेर जोन चेयरमैन वीर नरेंद्र राका के आतिथ्य में आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ महावीर प्रार्थना के साथ किया गया। इसके पश्चात आगन्तुक अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। तत्पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गोयल ने वीर व वीरा केंद्र के पदाधिकारियों व सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई। जोन चेयरमैन वीर रांका ने समारोह को संबोधित करते हुए महावीर इंटरनेशनल के बारे मे विस्तार से बताया व




शपथ ग्रहण कार्यक्रम

वीर व वीरा केंद्र को बधाई दी। समारोह का संचालन वीरा केंद्र सचिव सुमन लुणिया ने किया।

इस दौरान अजमेर संभाग के संयोजक व मिडिया प्रभारी वीर रायचन्द बोथरा, वीर केंद्र के अध्यक्ष वीर विजय चौरड़िया, सचिव वीर मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वीर अशोक लूणिया, वीर गंगासिंह राजपुरोहित, वीर जयसिंह कोटेचा, वीर विमल चौरड़िया, वीर कैलाश तिवारी, वीर कोमलचन्द गेलड़ा, वीर संदीप मौर, वीर प्रवीण बोथरा, वीरा सुमन बोथरा, वीरा सरिता कोटेचा, वीरा रीना जैन, वीरा रूपकवंर खींची, वीरा विमला सैनी, वीरा रंजना सोनी, वीरा सुनिता अग्रवाल, वीरा कंचन देवी, वीरा निधि राठौड़, वीरा अंजू अग्रवाल, वीरा शान्ती महनोत सहित वीर व वीरा उपस्थित रहे।

---

# बिजयनगर-ब्यावर जोन

## महावीर इंटरनेशनल ब्यावर केंद्र, अजमेर (राजस्थान)
## श्री महावीर इंटरनेशनल चिकित्सा सेवा केन्द्र, ब्यावर

महावीर इंटरनेशनल ब्यावर केंद्र द्वारा श्री महावीर इंटरनेशनल चिकित्सा सेवा केन्द्र पर डॉ विवेक शर्मा, एक्यूप्रेशर चिकित्सा विशेषज्ञ के सानिध्य में साइटिका, स्लीप डिस्क (कमर दर्द, कूल्हा दर्द, टांग दर्द) सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस (गर्दन दर्द, हाथ दर्द, अंगुलियों में सूनापन या झनझनाहट आना, हाथ नही उठना, चक्कर आना) सिर दर्द, पेट दर्द, घुटनों का दर्द, एड़ी दर्द सहित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति द्वारा शुरू किया गया है।

## महावीर इंटरनेशनल युवा बिजयनगर केंद्र, अजमेर (राजस्थान)
## श्री महावीर इंटरनेशनल रक्तदान शिविर, बिजयनगर

महावीर इंटरनेशनल युवा बिजयनगर के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस पर समीर ज्ञान महावीर भवन के सामने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 111 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। वीर ज्ञानचन्द सिंघवी, वीर विकास चौरड़िया सहित अन्य जनों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। कोठारी परिवार के चारों भाई सत्यनारायण, दिनेश, अनिल, सौरभ कोठारी ने रक्तदान



रक्तदान शिविर

कर एक संदेश दिया। शिविर में महावीर भवन में विराजित जैन संत आर्चाय विजयमुनी सहित अन्य संतों ने मांगलिक फरमाया। वही शिविर में मसूदा विधायक राकेश पारिक, पालिकाध्यक्ष अनिता इन्द्रजीतसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रीतम बड़ोला सहित अन्यजनों ने मौका मुआयना कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। शिविर में प्रकाश पीपाड़ा अनिल नाबेड़ा अर्पित सिंघवी सहित अन्य ने सपत्नी जोड़े से रक्तदान किया। वहीं पत्रकार प्रेमचंद पीपाड़ा, यस प्रिंस बाबेल, आयुष सुराणा अनेक मातृ शक्तियों सहित कुल 111 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। आयोजित शिविर में अरिहंत हॉस्पिटल भीलवाड़ा की टीम ने सेवाएं दी।

## भीलवाड़ा जोन

### महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र
### रक्तदान कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र द्वारा शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी वीर राम लाल सुथार ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ न्यायाधीश ममता मेनारिया के मुख्य




रक्तदान शिविर

आतिथ्य व रायपुर ग्राम पंचायत के सरपंच रामेश्वरलाल छीपा की अध्यक्षता में हुआ। सर्वप्रथम उप प्रधान प्रतिभा सोमाणी ने रक्तदान किया। इस अवसर पर रामस्नेही चिकित्सालय की टीम द्वारा रक्त संग्रहित किया गया। समस्त अतिथियों का सम्मान जोन चेयरमैन वीर कन्हैयालाल बोरदिया व उनकी टीम द्वारा किया गया। रक्तदान के दौरान उपखण्ड अधिकारी सुंदरलाल बंबोडा, मदनलाल सुथार, राधेश्याम काबरा, विश्रांति गृह प्रभारी रामकुमार सोमानी, महावीर इंटरनेशनल के जोन कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर देशांतरी, गोपाल लाल सोनी, वार्ड पंच अनिल सालवी सहित कई समाज सेवी उपस्थित थे। रक्तदाताओं का अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व लंच बॉक्स देकर सम्मान किया। रक्तदान शिविर के अंत में डॉ रामलाल मीणा का केंद्र के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल डायमंड वीरा केंद्र, भीलवाड़ा (राजस्थान)
### महावीर इंटरनेशनल वीरा डायमंड भीलवाड़ा केंद्र द्वारा N-95 मास्क व सर्जिकल मास्क वितरण

महावीर इंटरनेशनल वीरा डायमंड भीलवाड़ा केंद्र द्वारा 22 जुलाई को यातायात पुलिस कर्मियों को शहर के विभिन्न मार्गो पर N-95 के 100 मास्क व सर्जिकल के 200 मास्क वितरित किये गए। यह कार्यक्रम संरक्षक श्रीमान अरुण जी गेलड़ा (LIC विकास अधिकारी) के सानिध्य मे एवं सीआई मैडम पुष्पा जी कांसोटिया के निर्देशन में




N-95 मास्क व सर्जिकल मास्क वितरण

किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन वीरा प्रीति बोहरा व सचिव वीरा संध्या सुराणा उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा, भीलवाड़ा केंद्र (राजस्थान)
### महावीर इंटरनेशनल वीरा मीरा भीलवाड़ा केंद्र द्वारा जीवदया सेवा कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल वीरा मीरा भीलवाड़ा केंद्र द्वारा 25 जुलाई को जीवदया सेवा कार्यक्रम के तहत सुभाष जी दुदानी एवं भवानीशंकर जी दुदानी के पिताजी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रामधाम स्थित गौशाला में एक गाड़ी चारा गायों के लिए डलवाया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन वीरा चंद्रा रांका, क्षेत्रीय सचिव वीरा मंजू पोखरना, जोन



जीवदया सेवा कार्यक्रम

सचिव वीरा अर्चना सोनी, वीर समाजसेवी बलवीर चौरड़िया, वीरा पुष्पा मेहता, वीरा लीला राठी उपस्थित रहे।

महावीर इंटरनेशनल वीरा मीरा भीलवाड़ा केंद्र द्वारा सेवा के कार्यों में एक ओर सेवा कार्य बालिका विद्यालय में गरिमा प्रोजेक्ट के तहत "चुप्पी तोड़ो झिझक छोड़ो खुल कर बोलो" के तहत 150 सेनेटरी पैड का वितरण कर बच्चों को हाइजीन सिस्टम के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस कार्यक्रम में चेयर पर्सन वीरा चंद्रा रांका के अनुसार मीरा द्वारा हमेशा ही सेवा के कार्य किए जाते रहे हैं इसी क्षेत्र रीजन 3 क्षेत्रीय सचिव मंजू पोखरना के अनुसार कन्या विद्यालय आसपास के गांव के क्षेत्र में और लोगों को जागरूक करने के लिए जोर दिया जा रहा है चुप्पी तोड़ो झिझक छोड़ो यही सब बच्चों को सिखाया जा रहा हैं। जॉन सचिव अर्चना सोनी ने सभी विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत साधुवाद करते हुए कहा कि हम बच्चों के लिए आगे से कोई न कोई कार्य अवश्य करते रहेंगे। इस अवसर पर वीरा मंजू खटवड़, वीरा उषा अग्रवाल, वीरा सुलक्षणा शर्मा, वीरा अनीता आर्य, वीर बलवीर चोरड़िया, वीरा लीला राठी, वीरा सरोज दाधीच सहित कई सदस्य उपस्थित थे

## महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र, भीलवाड़ा (राजस्थान)

## महावीर इंटरनेशनल वीरा मुस्कान भीलवाड़ा केंद्र द्वारा सेनेटरी नैपकिन्स वितरण

महावीर इंटरनेशनल वीरा मुस्कान भीलवाड़ा केंद्र द्वारा 30 जुलाई को गरिमा प्रोजेक्ट के तहत "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं और किशोरियों को आरसी



**सेनेटरी नैपकिन्स वितरण**

व्यास कॉलोनी एवं अनुकंपा परिसर में 150 सेनेटरी नैपकिन्स वितरित किए गए। संस्था अध्यक्षा वीरा सुशीला आंचलिया ने सभी महिलाओं को मासिक धर्म सम्बंधी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में केंद्र की संरक्षक वीरा संध्या अगीवाल, सचिव वीरा हंसा छाजेड़, उपाध्यक्ष वीरा सुशीला कोठारी, पूर्व अध्यक्ष वीरा विजया बंब, कोषाध्यक्ष वीरा ललिता जैन, वीरा चंचल, वीरा सुशीला लोढा, वीरा रेखा जी उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल कनक, भीलवाड़ा (राजस्थान) कनक द्वारा रक्तदान शिविर

महावीर इंटरनेशनल कनक केंद्र भीलवाड़ा द्वारा 14 अगस्त को रामस्नेही चिकित्सालय में ब्लड कैम्प का आयोजन किया गया। अध्यक्ष वीरा दीपा सिशोदिया ने बताया कि अपेक्स के केंद्रीय निर्देशन एवं 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रामस्नेही ब्लड बैंक में ऑन काल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 21 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। इस मौके पर वीरा एकता




**रक्तदान शिविर**

ओस्तवाल, वीरा निवर्तमान जोन सचिव वीर गौतम दुग्गड, चिकित्सालय के मेनेजमेंट हेड श्री दीपक लढ़ा, संस्था सचिव वीरा अंजलि हिम्मतरामका, वीरा शिल्पा बापना, वीरा रीना नुवाल, वीरा सुमन दुग्गड़, वीरा शिल्पा चौधरी, वीर तरंग जैन, वीरा विल्पा जैन, वीरा रेशमा बापना, वीरा चांदनी रांका, वीरा दिव्या बोरदिया, वीरा नैना छाजेड़ उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल भगवानपुरा केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल भगवानपुरा शाखा द्वारा वृक्षारोपण ट्री गार्ड के साथ भगवानपुरा से ब्राह्मणों का खेड़ा रोड़ पर सानिध्य विधायक रामलाल जी जाट एसडीएम पूजा सक्सेना सरपंच रतन प्रभा जी एवं तहसीलदार साहब विकास अधिकारी जी तथा केंद्र अध्यक्ष वीर चंद्र प्रकाश जैन, वीर पारस जी सिंघवी, वीर अनिल जी सिसोदिया, वीर कमलेश सोमानी, वीर संजू सिसोदिया उपस्थित थे। विधायक रामलाल जी जाट ने महावीर इंटरनेशनल शाखा भगवानपुरा द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए कार्य किया जा रहा है तथा हरित क्रांति के लिए जो पेड़ पौधे

ट्री गार्ड के साथ लगवाए जा रहे हैं भगवानपुरा शाखा को धन्यवाद दिया। एसडीएम साहब ने कहा महावीर इंटरनेशनल पीड़ित मानवता की सेवा कर रहा है भगवानपुरा शाखा भी इसी कड़ी में आगे बढ़े, यह हमारी शुभकामना है। विधायक रामलाल जी जाट का भगवानपुरा शाखा ने स्वागत और अभिनंदन किया अध्यक्ष वीर चंद्र प्रकाश जैन ने अपने परिवार के द्वारा अपनी माता जी की स्मृति में महावीर जल मंदिर लगाने की भावना व्यक्त की।

## चित्तौड़गढ़ जोन

### महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र, चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)

### नेत्रदान करवाया

महावीर इंटरनेशनल चित्तौडगढ़ केंद्र द्वारा 29 जुलाई को श्रीमान मनीष जी, नवीन जी एवं दीपक जी नाहर पंचवटी सेती ने अपने पिताश्री श्रीमान पारसमल जी साहब नाहर के मरणोपरांत चित्तौडगढ़ केंद्र के



**नेत्रदान करते हुए**

माध्यम से नेत्रदान करा कर दृष्टि दान का पुण्य कार्य किया। साथ ही नाहर परिवार ने अपने स्वर्गीय पिताश्री की स्मृति में नेत्र चिकित्सालय को रु 15000 की राशि सहायतार्थ भेंट की।

### महावीर इंटरनेशनल छोटी सादड़ी केंद्र, छोटी सादड़ी (राजस्थान)

### नेत्र ऑपरेशन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल छोटी सादड़ी केंद्र द्वारा मानव सेवार्थ जुलाई माह में चार निशुल्क नेत्र ऑपरेशन गोमाबाई नेत्र चिकित्सालय में करवाए गए। केंद्र के स्थायी प्रोजेक्ट के रूप में 2 रोगी वाहन का संचालन किया जा रहा है एवं राजकीय चिकित्सालय में बेबी किट का वितरण किया जा रहा है। 4 जुलाई को केंद्र द्वारा मुक्ति धाम परिसर में 41




पौधे रोपित किये गए। इस कार्यक्रम में केंद्र अध्यक्ष वीर कांतिलाल दक, सचिव वीर अशोक सोनी, कोषाध्यक्ष वीर कैलाश गिरी गोस्वामी, संरक्षक वीर गुणवंत लाल बण्डी आदि सदस्यों ने भाग लिया।

### महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र, चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)

### गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार किट वितरण एवं रक्तदान शिविर

महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा चित्तौड़गढ़ केंद्र द्वारा 20 जुलाई को यशोदा परियोजना "प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी" के अंतर्गत भीलों की झोपड़ी कच्ची बस्ती गांधीनगर में 10 गर्भवती महिलाओं को गुड़, चना, दलिया, खोपरा, परमल, बिस्किट, मूंग, दाल, चावल आदि



**पौष्टिक आहार किट वितरण**

सामग्री की पौष्टिक आहार किट दी गयी। साथ ही डिप्टी डायरेक्टर वीरा स्वाति छाजेड़ द्वारा गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार एवं टीकाकरण की जानकारी दी गयी। 30 जुलाई को केंद्र द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो"

अभियान के अंतर्गत कच्ची बस्ती, भीलों की झोपड़ी में महिलाओं तथा बालिकाओं को 96 सेनेटरी नैपकिंस वितरित किये गए। साथ ही चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिसोदीया ने बालिकाओं तथा महिलाओं को स्वच्छता के दृष्टिकोण एवं संक्रमण रोकने के लिए सेनेटरी नैपकिन को प्रयोग में लेने के लिए सजग किया गया। केंद्र द्वारा 31 जुलाई को ग्रीन एंड क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय घाघसा के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें 21 पेड़ लगाए गए। यह कार्यक्रम वीर चांद मल बोकडीया गवर्निंग काउंसिल मेंबर के सौजन्य से किया गया।

देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य एवं रक्तदान सप्ताह के अंतर्गत केंद्र द्वारा 8 अगस्त को जिला अस्पताल चित्तौड़गढ़ मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। केंद्र की चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिसोदिया ने बताया कि शिविर में 60 महिलाओं एवं पुरुषों ने रक्तदान कर इस पुनीत कार्य मे अपना योगदान दिया। सचिव वीरा विनीता जैन ने बताया कि इस शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जी जाड़ावत ने मौली बंधन खोल कर किया। मुख्य अतिथि श्री जाड़ावत ने बताया कि रक्तदान शिविर आयोजित कर केंद्र ने मानवता की सेवा की मिसाल कायम की है। श्री जाड़ावत ने देशना केंद्र की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की भावना व्यक्त की। शिविर के मुख्य अतिथि डॉ दिनेश वैष्णव (पी.एम.ओ.), डॉ अनीश जैन (वरिष्ठ चिकित्सक), डॉ अनिल सैनी (ब्लड बैंक प्रभारी) थे। सभी रक्तदाताओं को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर की प्रोजेक्ट डायरेक्टर वीरा रेखा डांगी ने बताया कि इस शिविर में केंद्र कि सदस्या वीरा प्रिया दोषी, वीरा स्वाति छाजेड, वीरा अंजू कोठारी, वीरा आशा पोखरना, वीरा पायल खमेसरा, वीरा कल्पना मेहता, वीरा अनीता भड़कत्या, वीरा भारती बोकड़िया, वीरा जय श्री कुदाल, वीरा ज्योति चौपड़ा, वीरा लता पोखरना, वीरा रंजना पोखरना, वीरा रंजना रामपूरियां, वीरा सुमन चिपड, वीरा पदमा पगारिया, वीरा बेला सेठ उपस्थित थी। इस शिविर में महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र के वीर राजेन्द्र जी दोषी, वीर अभय जी संचेती, वीर रतन लाल जी मारू, वीर हस्ती मल जी चौरड़िया, वीर हस्तीमल जी चंडालिया, जोन चेयरपर्सन वीरा सरोज जी ढेलवात, जोन सचिव वीर अवनत जी पोखरना भी उपस्थित थे। ब्लड बैंक की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। शिविर मे दिनेश जी सिसोदिया, नीलेश जी जैन, आई.एम. सेठिया, बाल किशन जी धुत, शिव जी पुंगलिया आदि गणमान्य उपस्थित रहे। केंद्र द्वारा 13 अगस्त को महिला एवं बाल चिकित्सालय, चित्तौड़गढ़ के आंचल मदर मिल्क बैंक में नवजात माताओं को श्रुति शर्मा एवं पूजा दायमा (मिल्क बैंक प्रभारी) द्वारा स्तनपान के बारे में जानकारी दी गई एवं बताया कि मां का दूध सर्वोत्तम आहार है एवं 6 माह तक शिशु को मां के दूध के अतिरिक्त कुछ भी नहीं देना चाहिए। चेयरपर्सन वीरा सुनीता सिसोदिया ने बताया कि मां का दूध अमृत के समान है, स्तनपान से मां और शिशु में भावनात्मक रिश्ता मजबूत होता है। रीजनल डायरेक्टर वीरा विमला सेठिया द्वारा नवजात प्रसूताओं को फल और सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। सचिव विनीता जैन ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रोजेक्ट में वीरा रेखा डांगी, वीरा आशा पोखरना, वीरा पायल खमेसरा, वीरा अंजू कोठारी, वीरा ऋतु सेठिया, वीरा ज्योति चौपड़ा एवं वीरा रंजना रामपुरिया उपस्थित थे।

## महावीर इंटरनेशनल युवा चित्तौड़गढ़ केंद्र, चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)
## टीकाकरण शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल युवा चित्तौड़गढ़ केंद्र द्वारा 30 जुलाई को वीरवाल जैन छात्रावास अहिंसानगर में कोविड शिल्ड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 300 लोगों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। संस्थान व्यवस्थापक प्रकाश सांखला ने बताया कि शिविर में महावीर इंटरनेशनल, युवा का विशेष सहयोग व मार्गदर्शन रहा। शिविर में टीकाकरण प्रभारी डां महेंद्र बालोत ने अवलोकन कर सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए महावीर इंटरनेशनल, युवा व अहिंसा प्रचार जैन संघ, वीरवाल सगंठन के पदाधिकारियों का प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त किया इस अवसर पर एम्आई युवा की ओर से



**टीकाकरण शिविर का आयोजन**

स्थानीय राजकीय चिकित्सालय के वार्ड में रोगियों के लिए ब्लड प्रेशर मापने की मशीन नि:शुल्क सेवा हेतु भेंट की गई तथा टीकाकरण के लिए आये सभी लाभार्थियों को सर्जिकल मास्क भी नि:शुल्क वितरण किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल बेंगु केंद्र
## रक्तदान शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल के बेगू केंद्र द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीदों को समर्पित रक्तदान सप्ताह के अन्तर्गत 13 अगस्त को चित्तौड़गढ़ जोन के बेंगु केंद्र द्वारा 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

## महावीर इंटरनेशनल पहुना केंद्र
## रक्तदान शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल के पहुना केंद्र द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीदों को समर्पित रक्तदान सप्ताह के अन्तर्गत 13 अगस्त को चित्तौड़गढ़ जोन के पहुना केंद्र द्वारा 103 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

## महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी केंद्र, निम्बाहेड़ा रक्तदान शिविर आयोजित

निम्बाहेड़ा। आजादी के 75वें वर्ष पूर्ण होने एवं संस्था के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी केंद्र द्वारा चित्तौड़गढ़ जोन की चेयरपर्सन वीरा सरोज ढेलावत के नेतृत्व में शुक्रवार को बापूबस्ती के पास आरके टावर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 85 यूनिट रक्तदान हुआ। पालिका की दिव्यांग कर्मचारी संगीता कुमावत ने 17वीं बार रक्तदान कर रक्तदान के महत्व का प्रतिपादन किया, साथ ही महावीर इंटरनेशनल की जोन चेयरपर्सन वीरा



रक्तदान शिविर आयोजित

सरोज ढेलावत ने भी प्रथम बार रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ एसडीएम चन्द्रशेखर भण्डारी एवं समाजसेवी कमलेश ढेलावत ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। पद्मिनी केंद्र की चेयरपर्सन प्रीति खेरोदिया ने बताया कि पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी, डॉ जेएम जैन, पार्षद श्री नितिन चतुर्वेदी, श्री विरेश चपलोत, डॉ. कमल नाहर, श्री सोहनलाल आंजना, श्री गब्बरसिंह अहीर, श्री आशीष बोड़ाना, श्री अनन्त चपलोत, रामावि उखलिया की प्राचार्य पुनम जैन, राबाउमावि की प्राचार्य मलीका आलिया, एकता सोनी, वर्षा कृपलानी, डॉ बीआर विश्नोई, श्री कुलदीप नाहर आदि ने शिविर का जायजा लेकर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। पद्मिनी सचिव वीरा प्रियंका नाहर ने बताया कि रक्तदान शिविर में महावीर इंटरनेशनल अम्बिका, जैनम ग्रुप एटीबीएफ, लायन्स क्लब, जैन सोशल ग्रुप, हेल्पींग हेंड सोसायटी द्वारा सहयोग दिया गया। केंद्र की वीरा अनीता सोनी, वीरा रेणु कोठारी, वीरा अल्पना चपलोत, वीरा सीमा पारख, वीरा ममता काला, वीरा टीना नाहर, वीरा शिल्पा मारवाडी, वीरा कल्पना सिंघवी, वीरा गीतु खेरोदिया, वीरा चांदनी मोदी, वीरा डोली सिंधवी, वीरा रानी सिंघवी, वीरा संगीता जैन, वीरा प्रमिला कोठारी, वीरा रेखारानी तिवारी, वीरा प्रमिला सहलोत, वीरा सारिका काबरा आदि ने रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं में अपना सहयोग प्रदान किया। रक्तदान संग्रहण जयपुर की अर्पण ब्लड बैंक द्वारा किया गया। अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र, छाता एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

## महावीर इंटरनेशनल आकोला केंद्र रक्तदान शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल अकोला केंद्र द्वारा 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीदों को समर्पित रक्तदान सप्ताह के अन्तर्गत 13 अगस्त को चित्तौड़गढ़ जोन के आकोला केंद्र द्वारा 60 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

# रीजन-4

## डूँगरपुर-बासवाड़ा जोन

### महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र, डूंगरपुर (राजस्थान) नि:शुल्क एयर हेड मशीन भेंट

महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र द्वारा 25 जुलाई को रोग निदान केंद्र में दो दिवसीय दिव्यागं कैलिपर्स कैम्प का आयोजन भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति उदयपुर के सहयोग से किया गया। जिसमें कुल 7 दिव्यागं को नि:शुल्क कैलिपर्स, बैसाखी और जयपुर फुट तैयार कर वितरण किये गयें। उदयपुर से आये टेक्नीशियन दुर्गा लाल



नि:शुल्क एयर हेड मशीन भेंट

एवं अमरचन्द द्वारा कैलिपर्स तैयार किये गए। इस मौके पर केंद्र के अध्यक्ष वीर पृथ्वीराज जैन, सचिव वीर नीरव जैन, वीर विनोद दोशी, वीर शरद सरैया, वीर अशोक पोला, वीर रवि सेठ, वीर संजय भाई गाँधी, वीर अविचल कोटडिया ने सहयोग कर दिव्यागं को रोजगार आदि पर वार्ता की गयी एवं भविष्य में सहयोग करने का विश्वास

दिलाया। 31 जुलाई को केंद्र द्वारा रोग निदान केंद्र में दिव्यागं को नि:शुल्क एयर हेड मशीन भेंट की गयी।

महावीर इंटरनेशनल डूँगरपुर के वीर, वीरा सदस्यों ने 15 अगस्त के उपलक्ष्य में एवं अपेक्स के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक सार्वजनिक चिकित्सालय डूँगरपुर मे किया। जिसमें 12 वीर एवं 5 वीराओं ने रक्तदान कर 17 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में डॉ. कांतिलाल मेघवाल pmo, डॉ. वंदना सिंघल आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, डॉ. महेंद्र डामोर अधीक्षक, डॉ. कौस्तुभ सिंह प्रभारी, डॉ. राजेश सरिया, डॉ. महेंद्र परमार, पद्मेश गांधी जन संपर्क अधिकारी, राजेंद्र सेवक प्रभारी ब्लड, अंजली पाटीदार काउंसलर ब्लड बैंक ने अपनी सेवाएं दी। इस आयोजन में संस्था के अध्यक्ष वीर पृथ्वीराज जैन, वीर विनोद दोशी, वीर विजय सेठ, वीर अविचल जैन, वीर धर्मेंद्र वोरा, वीर रवि भाई सेठ, वीर सुदर्शन जैन, वीर नीलेश जैन, वीरा कल्पना दोशी, वीरा निधि गांधी, वीरा ममता भट्ट, वीरा ममता सरिया, वीरा पूजा जैन, वीरा चंद्रकला वोरा, वीरा रेखा गोठी, उपस्थित रहे। ब्लड बैंक की ओर से सभी रक्तदाओं को सम्मान पत्र भेंट किए गये। वही केंद्र द्वारा लोगों को मास्क वितरित किए गए। इसी क्रम में रोग निदान केंद्र पर पारस श्र. ज्ञ. हॉस्पिटल उदयपुर के सहयोग से गुर्दा, किडनी एवम ह्रदय रोगों हेतु शिविर रखा गया। जिसमें 20 को चिकित्सा एवं परामर्श दिया गया। जिसमें डॉ. आशुतोष सोनी एवं डॉ. अजय मीणा ने अपनी सेवाएं दी।

## महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही केंद्र, बासवाड़ा (राजस्थान)
## नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

महावीर इंटरनेशनल माही वीरा केंद्र द्वारा 20 जुलाई को महिला सशक्तिकरण परियोजना के तहत द्वापराती तलाई में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना में प्रथम बैच में 15 बेटियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केंद्र अध्यक्ष वीरा भुवनेश्वरी मलोत ने बताया कि अपेक्स द्वारा चार सिलाई मशीन दी गई। सुश्री




नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

कोनिका मैडम द्वारा प्रदान किये जाने वाले इस प्रशिक्षण में बेटियों को 3 माह का डिप्लोमा कोर्स कराया जाएगा एवं सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। सचिव वीरा बीना गुप्ता ने संचालन करते हुए कहा कि इस तरह 101 लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री उदय सिंह भाटी, श्री अनुराग सिंघवी, श्री प्रकाश भावसार एवं मोहिनी जी तलरेजा द्वारा विचार व्यक्त किये गए। इस कार्यक्रम में वीरा संध्या रस्तोगी, वीरा कांता भाटी, वीरा संध्या लोकवानी, वीरा निशा तलवाडिया, वीरा दर्शिका दोसी, वीरा अनीता रोकडिया, वीरा आशा भावसार, वीरा अंजना दोसी, ऋषि कन्या व्यास केंद्र की शिक्षा प्रभारी वीरा रजनी जोशी, सचिव वीरा बीना गुप्ता की उपस्थित रही। मुख्य अतिथि संत राम प्रकाश जी ने सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से बेटियों को आत्म निर्भर बनाने के प्रयास की सराहना की एवं उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सक्षम समाजजन वंचित वर्ग की बेटियों को सिलाई मशीनें भेंट कर उनके जीवन में आत्मनिर्भरता का उजाला भरें।

## महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना केंद्र, डूंगरपुर (राजस्थान)
## सेनेटरी नैपकिन्स वितरण

महावीर इंटरनेशनल वीरा प्रियदर्शना डूंगरपुर केंद्र द्वारा 24 जुलाई एवं 29 जुलाई को गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर



सेनेटरी नैपकिन्स वितरण

बोलो" अभियान के अंतर्गत कच्ची बस्ती में काल बेलिया समुदाय की महिलाओं एवं किशोरियों को 100 सेनेट्री नैपकिन्स का वितरण किया गया। सभी वीराओं द्वारा बालिकाओं तथा महिलाओं को स्वच्छता के दृष्टिकोण एवं संक्रमण रोकने के लिए सेनेटरी नैपकिन को प्रयोग में लेने के लिए सजग किया गया। साथ ही स्मार्ट केयर हॉस्पिटल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रिचिपाल बाजवा द्वारा कैंप लगाया गया जिसमें महिलाओं ने लाभ लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष वीरा कल्पना दोशी, उपाध्यक्ष वीरा कनकलता जैन, सचिव वीरा ममता भट्ट, सह सचिव वीरा पूजा जैन, वीरा रेखा गोठी, वीरा श्वेता सरेया, वीरा दीपिका जैन, वीरा प्रिया जैन, वीरा ममता सरेया, वीरा आशा वोरा, वीरा वनमाला जैन, वीरा सुषमा गांधी उपस्थित रहे।

महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों में 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीदों को समर्पित रक्तदान सप्ताह के अन्तर्गत 14 अगस्त को वीरा प्रियदर्शना डूंगरपुर केन्द्र के द्वारा 30 यूनिट रक्तदान संग्रहित कराया गया। सभी ने अपेक्स द्वारा दिए गए कार्यक्रम को सहभागिता के साथ सफल किया। उक्त अवसर पर केंद्र से वीरा निधि गांधी, वीरा पूजा जैन, वीरा सुनयना जैन, वीरा प्राची जैन, वीरा जया कसारा, वीरा पिंकी अग्रवाल, वीरा रेखा गोटी, वीरा ममता सरेया, अध्यक्ष वीर पृथ्वीराज जैन ब्लड बैंक प्रभारी श्री पद्मेश भाई, वन्दना सिंघल, श्री राजेन्द्र सेवक, पीएमओ श्री कांति लाल मेघवाल, श्री महेंद्र डामोर, डॉ कौस्तुक सिंग आदि उपस्थित रहे।

## राजसमंद जोन

### महावीर इंटरनेशनल केलवा केंद्र, राजसमंद (राजस्थान) बेबी किट वितरण

महावीर इंटरनेशनल केलवा केंद्र द्वारा 26 जुलाई को चिकित्सालय में 100 बेबी किट का वितरण किया गया एवं चिकित्सालय में सभी को कोरोना वाइरस से सुरक्षा के लिए एहतियात बरतने, वैक्सिन लगवाने एवं परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर




**बेबी किट वितरण**

चेयरमैन वीर महेन्द्रजी कोठारी (विकास), वीर सुरेश सांखला, वीर राजेन्द्र कोठारी, वीर हस्ती कोठारी, वीर सुनील बोहरा, वीर ललित बोहरा, वीर पुष्पेंद्र पुरी, श्यामा जी सिस्टर एवं नर्सिंग स्टाफ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल वर्धमान कांकरोली केंद्र, राजसमंद (राजस्थान) वृक्षारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल वर्द्धमान कांकरोली केंद्र द्वारा 26 जुलाई को तुलसी साधना शिखर एवं अणुव्रत विश्व भारती कांकरोली में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें ट्री गार्ड सहित 10 नीम के बड़े पौधे लगाए गए।




**वृक्षारोपण कार्यक्रम**

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष वीर ज्ञान चंद हिंगड़, उपाध्यक्ष वीर पंकज पगारिया, सचिव वीर कमलेश तलेसरा, कोषाध्यक्ष वीर कमलेश चौरड़िया, वीर राजेश ओस्तवाल, वीर अमित चपलोट, वीर अभिषेक पीपाड़ा, वीर भरत चौरड़िया, वीरा सीमा पगारिया, वीरा मिताली सिशोदिया, वीरा मधु चपलोत, वीरा निधि चौरड़िया उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में तुलसी साधना शिखर के स्टाफ एवं वीर जगजीवन जी चौरड़िया का विशेष सहयोग रहा।

### महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद केंद्र, राजसमंद (राजस्थान) विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया

महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह का प्रारम्भ मां के दूध का नहीं विकल्प अब नवजात शिशु को 6 माह तक सिर्फ मां का दूध ही पिलाना है, इसी संकल्प के साथ किया1 अगस्त को आर के हॉस्पिटल मे मुख्य अतिथि नगर परिषद राजसमंद के चेयरमैन अशोक जी टांक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें आर के हॉस्पिटल के डॉक्टर सीएमओ ललित जी पुरोहित डॉ मंजू पुरोहित व अन्य डाक्टर तथा नर्सिंग स्टाफ मौजूद थे तथा इस कार्यक्रम में वीरा तारा पगारिया, GCM, केंद्र अध्यक्ष वीरा सबर चौरड़िया सचिव वीरा मधु सिसोदिया, सदस्य वीरा प्रीतू खटोड़, वीरा कंचन हिंगड़ आदि उपस्थित थे।

केंद्र द्वारा 2 अगस्त को आर के हॉस्पिटल के गार्डन का शिलान्यास कर उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर परिषद राजसमंद के चेयरमैन अशोक जी टाक के द्वारा किया गया जिसमें आर के हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ ललित जी पुरोहित, Ad नरेंद्र पालीवाल, डॉ मंजू पुरोहित, पार्षद राय सिंह राठौड़, नरेंद्र महात्मा, प्रकाश वैष्णव, नानालाल कुमावत, बिहारी लाल विजयवर्गीय आदि नर्सिंग स्टाफ मौजूद थे तथा इस कार्यक्रम में जीसीएम वीरा तारा पगारिया, केंद्र अध्यक्ष सबर चौरड़िया, सचिव वीरा मधु सिसोदिया, वीरा प्रीतू खटोड़, वीरा कंचन हिंगड़ आदि उपस्थित थे।

## महावीर इंटरनेशनल बनेडिया केंद्र, राजसमंद (राजस्थान)

## ऑक्सीजन सिलेंडर और एक व्हील चेयर भेट

महावीर इंटरनेशनल बनेडिया केंद्र द्वारा 30 जुलाई को स्वास्थ्य केंद्र बनेडिया पर माननीय भूरा लाल जी पगारिया, रतन जी पगारिया की और से नाथी बाई की स्मृति में ऑक्सीजन सिलेंडर और एक व्हील



**ऑक्सीजन सिलेंडर और एक व्हील चेयर भेट**

चेयर भेट की गई। इस अवसर पर डॉ BL सैनी, जोन अध्यक्ष वीर राजेंद्र जी पोखरना, जोन सचिव वीर विजय सिंह जी सुराणा, जी सी ऍम वीर विजय जी पीपाडा, वीर अनिल जी सिंघवी एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीर विनोद विषलोत, उपाध्यक्ष वीर राजेंद्र तलेसरा, सचिव वीर कौशलेन्द्र सिंह, वीर दिलीप तलेसरा, कोषाध्यक्ष वीर हिम्मत लोढा एवं निर्देशक वीर शिव प्रसाद, वीर गोपाल सोनी, वीर छोटू सोनी, वीर अरविन्द माणडोत, विमल जी सेन, भामाशाह भूरा लाल जी, रतन जी पगारीया, एवं मिडिया प्रभारी श्री ललित सिंह चौहान, श्री गोविन्द टांक उपस्थित रहे। रक्तदान सप्ताह के अंतर्गत केंद्र द्वारा 72 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र, राजसमंद (राजस्थान)

## शपथ ग्रहण समारोह

महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र द्वारा 29 जुलाई को शपथ ग्रहण समारोह में नवीन कार्यकारिणी को माननीय एडीजे श्री लक्ष्मी कान्त वैष्णव एवं एमआई के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर बी एल खमेसरा ने



**शपथ ग्रहण समारोह**

शपथ दिलाई। समारोह में आये हुए अतिथियों के स्वागत भाषण में एमआई नाथद्वारा की अध्यक्ष वीरा संतोष मारवाड़ी ने संस्थान के द्वारा किये गए सेवा कार्य और आने वाले समय में किये जाने वाले कार्यों का ब्यौरा दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का पद वीर बी एल खमेसरा, जोन चेयरमैन वीर राजेंद्र जी पोखरना, वीर विजय प्रकाश पीपाड़ा और वीरा तारा पगारिया ने ग्रहण किया। विशिष्ट अतिथियों में वीर विजय सिंह सुराणा, वीर संपत लोढ़ा, वीर अनिल सिंघवी एवं वीर ज्ञानेश्वर मेहता और गीता सेठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पास के केंद्रों के अध्यक्षों एवं सचिवों ने भाग लेकर सभी मेहमानों के साथ नाथद्वारा से RAS की मेरिट लिस्ट में आई श्रीमती नेहा राव का उपरना ओढा के स्वागत किया। समारोह का संचालन वीर कांतिलाल जी धाकड़ ने किया।

## महावीर इंटरनेशनल गांवगुडा केंद्र

## महावीर इंटरनेशनल गांवगुडा शाखा का वर्षारोपण एवं रक्तदान कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल शाखा गांवगुडा में 26 से 28 जुलाई तक वर्षारोपण का कार्य चमत्कार चौराहा, हायर सेकेंडरी स्कूल, आयातो की धुनी, गवरी चौराहा चौकड़ी, शमशान भूमि में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें 73 पौधे ट्री गार्ड सहित व 27 अन्य छायादार पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया। पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी समाज के लोगों एवं महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों को सौंपी गई। ट्री गार्ड महावीर इंटरनेशनल शाखा गांव गुडा की प्रेरणा से भामाशाहों द्वारा प्राप्त हुये। वृक्षारोपण कार्यक्रम में गांवगुड़ा के सरपंच साहब किशन लाल जी गमेती और अन्य सम्मानीय नागरिकों के साथ केंद्र अध्यक्ष वीर लक्ष्मी लाल सिंघवी, सचिव वीर गौतम मेहता, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश सोनी, वीर विश्वनाथ जोशी, वीर अमित पमेचा, वीर भूर सिंह, वीर मोहन सिंह जी, वीर नवल सिंह जी, वीर अर्जुन सिंह जी, रामपाल जी, अमन, मांगीलाल जी लखारा, हरीश जी तेली, चेतन जी लखारा, देवेंद्र जी टेलर, लहर सिंह जी राजपूत, आदि के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम सफल हुआ।

केंद्र की ओर से 14 अगस्त को पार्श्वनाथ भवन गांवगुडा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 41 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। उक्त शिविर का शुभारम्भ जैन समाज के भामाशाह श्रीमान कालूलाल, श्री मगन लाल सिंघवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ गांवगुडा, लोक मित्र ब्लड बैंक उदयपुर के डॉक्टर एवम स्टाफ ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया।

## उदयपुर जोन

### महावीर इंटरनेशनल सलूंबर केंद्र, उदयपुर (राजस्थान) वृक्षारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल सलूंबर केंद्र द्वारा मुख्य शाखा एवं युवा शाखा के संयुक्त तत्वाधान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम पुलिस थाना परिसर में किया गया। जिसमें आशापल्व के 21 बोटल पाम, 2 चंपा, 4 मोगरा, 2 सप्तपरणी एवं परिजात सहित 31 वृक्ष लगाए गए। इस कार्यक्रम पर माननीय सदस्य गण एवं डिप्टी मैडम सुधा जी पलावत, सी आई श्री हनुवंत जी सोढ़ा की गरिमामय उपस्थिति रही।



**वृक्षारोपण कार्यक्रम**

## रीजन-5

## बीकानेर जोन

### महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र, बीकानेर (राजस्थान) पौधारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र द्वारा 18 जुलाई एवं 24 जुलाई को ग्रीन एंड क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत वृक्षारोपण एवं पौधारोपण



**पौधारोपण कार्यक्रम**

कार्यक्रम किया गया। जिसमें केशव नगर, शिवबाड़ी में पीपल, सीसम, अमलतास, सहतूत, गुलमोहर के 105 पौधें लगाए गए एवं रोटरी क्लब बीकानेर मरुधरा एवं भारत विकास परिषद के साथ मिलकर राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय बीकानेर के प्रांगण में 500 छायादार पेड़ लगाए गए। इस कार्य में सेवा संस्थाओं के सदस्यों के साथ मिलकर महाविद्यालय के स्टाफ ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। सघन पौधारोपण के कार्य के पश्चात महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में औपचारिक कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल केंद्र को अपने सेवा प्रकल्पों के लिए स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजीव जी गोस्वामी, वरिष्ठ जी मुन्सरिम, सेशन न्यायालय व वरिष्ठ पेशकार यशोदानन्दन जी प्रजापत, पूर्व जोन चेयरमैन वीर एडवोकेट महेन्द्र कुमार जैन, वीर पूर्ण चन्द राखेचा, वीर राजेंद्र जोशी (जिला साक्षरता परियोजना अधिकारी), पूर्व उपाध्यक्ष वीर मान मल सेठिया, वीर डॉ महेन्द्र कुमार जैन (पूर्व प्रिंसिपल, खाजूवाला कालेज), वीर दीपेन्द्र सोनी, राजकुमार जी प्रजापत, बाबू लालजी चौहान, निर्मल जी सिंह गिल, गंगाराम जी बुगालिया, दलीप जी जाडीवाल, पंकजजी भटनागर, नंदू जी सिंह, विकास जी शर्मा उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र, बीकानेर (राजस्थान) निःशुल्क चिकित्सा कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र द्वारा फिजियोथेरेपी के अंतर्गत 613, एम्बुलेंस 30, होम्योपैथी एवं मनोपरामर्श 25 एवं निःशुल्क जाँच एवं दवा वितरण 25 कुल 693 मरीज लाभान्वित हुए।

### महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ वीरा केंद्र, श्रीगंगानगर (राजस्थान) गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार किट वितरण

महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ वीरा केंद्र द्वारा 17 जुलाई को यशोदा परियोजना के अंतर्गत पोषण आहार का कार्यक्रम सुचारु रूप से



पौष्टिक आहार किट वितरण



पौष्टिक आहार किट वितरण

लगातार चल रहा है। जिसमें 13 गर्भवती महिलाओं को 500g चावल, 250g दाल, 250g गेहूं का दलिया, 250g गुड़, ग्लूकोस के पैकेट, फ्रूट सब्जियां आदि पोषाहार वितरण किया गया। इस अवसर सचिव वीरा नेहा बैद ने महिलाओं को समझाया कि आप समय से दवाईयां ले एवं जो आहार आपको मिल रहा है उसे आप स्वयं ही ग्रहण करें। इस बार का पोषण आहार वीरा नेहा बैद, वीरा अंजना सिंह, वीरा संजू वर्मा तथा वीरा कविता जैन के द्वारा दिया गया। इस परियोजना में सभी वीराएं अपना सहयोग दे रही है।

26 जुलाई को केंद्र द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के अंतर्गत कच्ची बस्ती के 15 जरूरतमंद महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। इस कार्यक्रम संस्था की अध्यक्ष वीरा अंजना सिंह के द्वारा किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र, बीकानेर (राजस्थान)

## पौष्टिक आहार किट वितरण

महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र द्वारा 27 जुलाई को प्रेगनेंसी टू इंफेंसी प्रोजेक्ट के तहत सामुदायिक, नत्थूसरगेट, बीछवाल स्वास्थ्य केंद्र में 75 गर्भवतियों को पोषण आहार दिया गया एवं स्वास्थ्य केंद्र प्रमुख डॉ एम के दाउदी द्वारा गर्भवतियों की प्रगति रिपोर्ट जैसे हेमोग्लोबिन, बी पी का निरीक्षण किया तथा खान पान का ध्यान रखने की सलाह दी। साथ ही नत्थूसर स्वास्थ्य केंद्र में 25 गर्भवतियों को कॉटन साड़ियां वितरित की गयी। केंद्र सुपरवाइजर सपना जोशी ने गर्भवतियों के लिए संस्था द्वारा इस प्रोजेक्ट की सराहना की। समाज सेवी सुधा जी आचार्य, संस्था अध्यक्ष वीरा रेणु गुजरानी, वीरा डॉ आशु मलिक, वीरा नन्दनी छलानी, वीरा भारती गहलोत, वीरा विजयश्री बैद, वीरा मंजू बोथरा उपस्थित रहे।

वीरा केंद्र द्वारा कैंसर हॉस्पिटल के रैन बसेरा में 15 मई से चार माह के लिए कैंसर मरीज एवं उनके परिजनों के लिए जल सेवा की जा रही। इस कार्यक्रम में 20 से 25 कैंसर मरीज एवं उनके साथ आये परिजन लाभान्वित हुए। यह सेवाकार्य संस्था चेयरमैन रेणु गुजरानी, वीरा सीमा सिपानी, वीरा मंजू बाफना के सौजन्य से किया गया। इस सेवा की देखरेख के लिए संस्था द्वारा वीरा किरण सोनी को यह जिम्मेदारी दी गयी।

# जोधपुर जोन

## महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र, नागौर (राजस्थान) वृक्षारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र द्वारा 17 जुलाई को विद्यालय में निर्मित भवन का अवलोकन करने सदस्यों की टीम पहुंची, एवं प्रगति की जानकारी ली। केंद्र सचिव वीर राजेश रावल ने जानकारी दी कि आगामी 14 अगस्त को विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया जाएगा।

सिटी कोतवाली में 18 जुलाई एवं 21 जुलाई को वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें 10 वृक्ष लगाए गए। इस कार्यक्रम में ग्रीन एंड क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के डिप्टी डायरेक्टर वीर विमलेश समदड़िया, एडिशनल एसपी श्री विनोद कुमार, श्री ब्रजेन्द्र सिंह, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अनिल कुमार बांठिया, गवर्निंग कौंसिल मेंबर श्री प्रमिल नाहटा, पद्मश्री हिमताराम भाम्बू, अध्यक्ष वीर गौतम कोठरी मुख्य अतिथि श्री जानाराम फिरोदा, सचिव वीर राजेश रावल, वीर प्रीतम लालवानी, वीर नरेंद्र जैन, वीर हिमत सिंह चौहान की उपस्थिति रही।

केन्द्र के सहयोग से नागौर पशुपालन विभाग ने वृषभ पालन पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर जितेन्द्र सोनी के पौधारोपण से हुई। इस दौरान कलेक्टर सोनी ने पौधारोपण की महत्ता समझाने के साथ इसे लगाने के बाद इसके विकसित होने तक सार-संभाल पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पेड़ों ने ऑक्सीजन की महत्ता समझा दी। सभापति मीतू बोथरा ने भी

पेड़ों की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान 200 पौधों को लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यावरण प्रेमी हिम्मताराम भांभू ने की। भांभू ने पर्यावरण से जुड़े पहलुओं पर चर्चा के साथ पशुधन सहायक ओमप्रकाश एवं शंकरदेवड़ा व परसाराम की पर्यावरण के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। पौधों की देखभाल का जिम्मा विभाग के ही सुखदेव चौधरी, रमेश पूनिया एवं हरिराम को सौंपा गया। संयुक्त निदेशक जगदीश बरबड़ ने बताया कि इसमें अभी 300 पौधे और लगाए जाएंगे। आयुक्त श्रवणराम चौधरी, डॉ. सुरेन्द्र, डॉ. अनिल वैष्णव, डॉ. मो. अयूब, डॉ. मनोज गोदारा, डॉ. शंकर पूनिया, डॉ. तोषनीवाल, डॉ. सिसोदिया, जानाराम फिड़ोदा, महावीर इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अनिल बांठिया, केंद्र अध्यक्ष वीर गौतम



**वृक्षारोपण कार्यक्रम**

कोठारी, सचिव वीर राजेश रावल, पूर्व अध्यक्ष वीर नरेंद्र गोयल, वीर नरेंद्र संखलेचा, वीर प्रीतम छिमू ललवानी, उपाध्यक्ष वीर राजकुमार मच्छी, वीर पंकज नाहटा, वीर महेंद्र सिंह भाटी, वीर भगवानाराम धारणिया आदि मौजूद थे।

"झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के तहत केंद्र द्वारा शारदा बाल निकेतन द्वारा संचालित कच्ची बस्ती विद्यालय के पास बस्ती में जरूरतमंद महिलाओं और किशोरियों को लगभग 1400 सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्मीकांत जी ने मासिक धर्म सम्बंधी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की जानकारी दी। आगे भी केंद्र का प्रयास रहेगा कि सैनिटरी नैपकिन को इस तरह की बस्तियों में, गांवों में जाकर वितरित करेंगे। जहां उन औरतों को नैपकिन के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस प्रोग्राम में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीजन 5 वीर अनिल कुमार बांठिया, केंद्र अध्यक्ष वीर गौतमचंद कोठरी, सचिव वीर राजेश रावल, उपाध्यक्ष वीर राजकुमार मच्छी, पूर्व अध्यक्ष वीर नरेंद्र जैन व स्कूल के प्रधानाचार्य श्री लक्ष्मीनारायण जी आदि मौजूद रहे।

## महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र, जोधपुर (राजस्थान)
## विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र का स्थापना दिवस 25 जुलाई को धर्मशाला मथुरादास परिसर में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मनीषा जी पंवार के कर कमलों से जरुरतमंदो को ट्राई साइकिलें, सिलाई मशीने, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, वर्कर्स साईकिल, खाद्य सामग्री के किट इत्यादि प्रदान किये गए। साथ ही मुख्य वक्ता प्रिंसिपल मंजू शर्मा ने 'सेवा को बनाए जीवन का आधार' पर उद्धबोधन देते हुए कहा कि सेवा मनुष्य की स्वाभाविक वृति है और हर व्यक्ति सेवा तन-मन धन से करता है। सेवा का कोई स्वरुप नहीं है किसी भी रूप में व्यक्ति सेवा कर सकता है। मुख्य अतिथि मनीषा जी पंवार ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि महावीर इंटरनेशनल एक अच्छी सेवा संस्था है। जहां पर बेरोजगारों को साधन उपलब्ध कराया जाता है, नि:शुल्क कृत्रिम अंग लगाए जाते है। जीवन जीने की कला का अवसर मिलता है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरा वंदना बक्क्षी गवर्निंग कौंसिल मेंबर ने की। इस अवसर पर केंद्र अध्यक्ष वीर डॉ जगदीशचंद गाँधी, केंद्र सचिव वीर सुरेंद्र राज मेहता एवं केंद्र के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। वीर डॉ. पी.एॅम. कुम्भट द्वारा समाजसेवी प्रीतम शर्मा व हेमंत शर्मा का माल्यापर्ण कर अभिन्दन किया गया।

केंद्र द्वारा स्थाई प्रकल्प के अंतर्गत एक्यूप्रेशर महामंदिर सेंटर जोधपुर में 175 मरीज और एक्यूप्रेशर सोजती गेट सेंटर में 123 कुल 298 मरीज लाभान्वित हुए। केंद्र द्वारा स्थाई प्रकल्प के अंतर्गत अगस्त माह में एक्यूप्रेशर महामंदिर सेंटर जोधपुर, कुल मरीज 150; एक्यूप्रेशर सोजती गेट सेंटर, जोधपुर कुल मरीज-125

मुख्य संरक्षक वीर श्याम कुम्भट द्वारा वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान पंचवटी कॉलोनी, रातानाडा जोधपुर में घास काटने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन भेंट की गई तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवार को 4500/ रुपए की मदद की गई जिसमें मकान किराया, खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई।



**स्थापना दिवस पर साईकिल भेंट**

राजकीय सेटेलाइट अस्पताल साइड में एवं सामने गार्डन में 30 पौधे लगाए गए तथा अस्पताल में बड़ी अलमारी केंद्र सचिव वीर सुरेंद्र राज मेहता द्वारा भेंट की गई। श्याम मनोहर गोशाला में 1000/-रुपए का चारा भिजवाया गया।

केंद्र सचिव वीर सुरेंद्र राज मेहता के प्रयासों से भामाशाह श्री बद्रीदास जी मनीष जी मूंदड़ा के सौजन्य से 10 ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर्स मशीनें प्राप्त कर 5 कोरोना पीड़ित मरीजों को इलाज हेतु दी गई।

आर्थिक दृष्टि से कमजोर जरुरतमंद 7 परिवारों के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री के किट, श्री श्याम सा कुम्भट के सौजन्य से वितरित किए गए। राजकीय सेटलाइट चिकित्सालय एवम् प्राकृतिक चिकित्सालय में 50-50 मास्क दिए गए।

ग्रीन इंडिया के तहत जुलाई में विभिन्न जगहों पर 210 पौधे लगाए गए। जीव दया का कार्य प्रति दिन किया जाता है। (कबूतरों को दाना, पानी के परिंडे, जानवरों हेतु पानी पीने की खेलीए कुत्तों एवं उनके बच्चों हेतु दूध रोटी की व्यवस्था इत्यादि)

मेवाहा वार्ड राजकीय सेटेलाइट अस्पताल चौपासनी हाउसिंग बोर्ड 16 सेक्टर प्रथम तल पर 12 पलंग का वार्ड नवीनीकरण एवं आधुनिक उपकरणों के साथ श्रीश्याम सा कुम्भट एवम् मेवा ग्रुप, सिंगापुर के सौजन्य से बनवाकर अस्पताल को मरीजों सुविधा हेतु भेंट किया।

## महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र, जोधपुर (राजस्थान)

### नेत्र जांच एवं लैन्स प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र द्वारा 19 जुलाई को नेत्र जांच एवं लैन्स प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन राजकीय शहर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रातानाडा में किया गया। जिसमें केन्द्र के संस्थापक स्व. वीर मदनराज कर्नावट की पावन स्मृति में महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी जोधपुर एवं ताराबाई देसाई आफथल्मिक चेरीटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। नेत्र जांच के लिए 52 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई, उनमें से 13 मरीजों का लैन्स



**लैन्स प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन**

प्रत्यारोपण के लिए चयन किया गया। चयनित मरीजों का डॉ. संजीव देसाई द्वारा फैको पद्धति से लैन्स प्रत्यारोपण किया गया। शेष मरीजों को उचित परामर्श दिया। शिविर में अध्यक्ष वीर जे.एम. कुम्भट, सचिव वीरा सुधा गर्ग, वीर बी.एम. अग्रवाल, वीर अमरचंद मंत्री, वीर सूर्य प्रकाश शर्मा, वीर दिनेश कुमार, वीरा पुष्पा कुम्भट, वीरा हर्ष कुमारी की गरिमामय उपस्थिति रही।

22 जुलाई को केंद्र द्वारा डब्बू कच्ची बस्ती की गरीब कन्या के विवाह के लिए उसके परिजन द्वारा सूखी राशन सामग्री की मांग की गयी है। उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वीरा सुधा गर्ग द्वारा राशन सामग्री दी गई। जिसमें 15 किलो आटा, 5 किलो तेल, 5 किलो चावल, 3 किलो मूंग मोगर, 500 ग्राम मिर्च, 500 ग्राम हल्दी, 500 ग्राम धनिया, 1 किलो नमक थे।

30 जुलाई को केंद्र द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के अंतर्गत राजकीय उम्मेद अस्पताल में डॉक्टर शोभा व्यास ने मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता की जानकारी देते हुए महिलाओं और नर्सों को 50 सेनेटरी नैपकिंस वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में सचिव वीरा सुधा गर्ग एवं वीर अमरचंद जी मंत्री उपस्थित रहे।

केंद्र सचिव वीरा सुधा गर्ग द्वारा हरियाली अमावस्या को सिद्ध नाथ पहाड़ी पर स्थित गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया एवं बंदरों को चने खिलाये गए।

## महावीर इंटरनेशनल फलोदी केंद्र, जोधपुर (राजस्थान)

### पौधारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल फलोदी केंद्र द्वारा 16 जुलाई को ग्रीन एंड क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत लोडिया गौशाला में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें 108 पौधे लगाए गए।




**पौधारोपण कार्यक्रम**

केन्द्र द्वारा हरियाली अमावस के उपलक्ष्य में न्यायाधीश आवासीय कॉलोनी में पौधारोपण किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर (राजस्थान)

### विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र द्वारा 19 जुलाई को सभी वीराओं द्वारा अनुबंध वृद्धाश्रम विजिट किया गया। वीरा शांता जी ने बुजुर्गों के लिए Rs 5000/- का चेक और बेबी किट की डायरेक्टर वीरा राजलक्ष्मी जी भंडारी ने Rs 3100/- का चेक संचालिका अनुराधा



अल्पाहार वितरण

जी अडवाणी को भेंट किया। साथ एक-एक 1000/- रुपये जीव दया हेतू वीरा राजलक्ष्मी जी भंडारी, वीरा चेतना जी शाह और वीरा कमला जी बोथरा ने दिए। 75 वृद्धजनों के लिए मिठाई और आम वीरा शोभा जी आंचलिया, सचिव वीरा अमिता जी जैन और अध्यक्ष वीरा अलका भंडारी के द्वारा वितरित किये गए।

25 जुलाई को केंद्र द्वारा जीवदया सेवाकार्यक्रम के तहत वीरा लीला जी लोहिया द्वारा कदमखंडी में वानरों, श्वानों, गायों को रोटी और बिस्कुट खिलाये गए। 26 जुलाई को केंद्र द्वारा अपनाघर में नाश्ता कार्यक्रम रखा गया। जिसमें उपाध्यक्ष वीरा लीला जी संचेती द्वारा 235 प्रभुओं को बिस्कुट, केला, कोफ्ता और समोसे का नाश्ता करवाया।

केंद्र की 15 वीराएँ खींचन में केंद्र द्वारा संचालित सिलाई केंद्र का अवलोकन करने पहुंची। इस केंद्र के लिए मशीनें अपेक्स से प्राप्त हुई है। सदस्यों ने सिलाई प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी कि निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण लेने के बाद वे स्व रोजगार उत्पन्न कर सकती है जिससे आत्मनिर्भर बना जा सकता है। इस अवसर पर फलौदी से जोन चेयरपर्सन वीर मधुकर जी मोखा और जोन सचिव वीर रविन्द्र जी जैन भी प्रोग्राम में शामिल होने पधारे थे। इसके बाद फलोदी स्थित गौशाला का अवलोकन कराया गया जिसका संचालन फलोदी केंद्र सचिव वीर रविन्द्र जैन द्वारा सुचारू रूप से किया जाता है। सभी सदस्यों ने गायों को लड्डू खिलाये और मौजूदा वीराओं के सहयोग से 11000/- रुपये का कॉन्ट्रिब्यूशन गौवंश के लिए किया गया। फलौदी में वीरा वन्दनाजी बक्षी द्वारा बरगद के पौधों का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त खींचन स्कूल में केंद्र अध्यक्ष वीरा अलका भंडारी द्वारा 150 फलदार पौधों का रोपण किया गया। जिसमें मुख्यत: गूँदे, नींबू, कैरून्दा, सांगरी, कुमठिया और बेलपत्र है।

## महावीर इंटरनेशनल मेड़ता सिटी केंद्र, नागौर (राजस्थान)

महावीर इंटरनेशनल मेड़ता सिटी शाखा के सदस्य पुखराज जी मूलचंद जी गोटन वालों के पिताजी सवाई लाल जी की स्मृति में उनकी माता जी विमला देवी जी द्वारा दो कूलर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मेड़ता सिटी में भेट किए।

## महावीर इंटरनेशनल हरसोलाव केंद्र, नागौर (राजस्थान)

महावीर इंटरनेशनल हरसोलाव द्वारा हरसोलाव ग्राम विकास समिति को कनेसर तालाब में वृक्षारोपण के लिए 200 फिट जाली जिसकी लागत 4800 रुपए है प्रदान की गई हैं। केंद्र द्वारा पंथवारी वाले शमसान भूमि में भी वृक्षारोपण किया जाएगा और सभी पौधों को टी गार्ड सहित लगाया जाएगा।

# नार्थ ईस्ट बिहार, झारखण्ड एवं पश्चिमी बंगाल जोन

## महावीर इंटरनेशनल सिलगुड़ी केंद्र, सिलगुड़ी (पश्चिमी बंगाल)

### वृक्षारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल सिलीगुड़ी केंद्र द्वारा 16 जुलाई को श्रीमती संपत देवी दूगड़ (धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीचंद जी दूगड़) के मरणोपरांत केंद्र के



वृक्षारोपण कार्यक्रम

सचिव वीर रमेश चन्द बैद की प्रेरणा और परिवारवालों की स्वीकृति से सिलीगुड़ी ग्रेटर लायंस आई हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्रदान किया गया। हम सभी का तह दिल से धन्यवाद देते हैं स्वर्गीय श्रीमती संपत देवी दूगड़ के परिवार को जिन्होंने इस नेत्रदान जैसे महायज्ञ में अपनी स्वीकृति प्रदान की।

20 जुलाई को केंद्र द्वारा ग्रीन एंड क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें 'करे धरती का सिंगार' के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिक परिवार के सहयोग से भारत और नेपाल बॉर्डर के पास पानी टंकी के बतासी में, शारदा शिशु मंदिर, श्री कृष्ण शिशु विद्या मंदिर नक्सलबाड़ी में सभी सदस्यों द्वारा 300 पेड़ लगाए गए।

22 जुलाई को केंद्र द्वारा कोविड 19 वेक्सिनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय ब्लॉक डेवलपमेन्ट ऑफिसर श्रीवास मांडल जी के सहयोग से अपना घर वृद्ध आश्रम के वृद्ध और महावीर ग्राम कुष्ठ आश्रम में 100 लोगों को कोविड 19 वेक्सिनेशन की 2nd डोज लगाई गयी।

## रीजन-6

### बाड़मेर-बालोतरा जोन

### महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर केंद्र, बाड़मेर (राजस्थान) 33 यूनिट हुआ रक्तदान

महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर में 8 अगस्त को स्थानीय जैन न्याति नोहरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय विधायक मेवाराम जैन, अध्यक्षता जोन अध्यक्ष वीर गौतम डूंगरवाल व विशिष्ट अतिथि श्री दीपक माली सभापति नगर परिषद बाड़मेर के सानिध्य में हुआ। इस रक्तदान शिविर में 33 यूनिट रक्तदान संग्रहित किया गया।

केंद्र अध्यक्ष वीर दिनेश भंसाली ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया रक्तदान शिविर में आर्थिक सहयोग भामाशाह जगदीश चंद नेमीचंद छाजेड़ सियानी वालों ने दिया और अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान महादान हैं इससे व्यक्ति की जान बचाई जा सकती हैं इसलिए हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए तथा एक हीरो बने और रक्तदान को अपना कर्तव्य समझे। अगर सही मायने में कहा जाए रक्तदान से बड़ा मानवता का कार्य और कुछ नहीं। मैं उन सभी महान व्यक्तियों को सलूट करता हूं जिन्होंने रक्तदान करके निडरता के साथ कई लोगों की जान बचाई। केंद्र सचिव वीर गौतम बोथरा ने बताया कि रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरूरत नहीं होती हैं। रक्तदान के लिए तो एक बड़ा दिल और मुक्त मन की जरूरत होती हैं। रक्तदान से शरीर को भावनात्मक और शारीरिक दोनों रूप से लाभ पहुंचता है। रक्तदान से मानसिक तनाव कम होता है, मन से नकारात्मक विचार दूर होते हैं, जिससे शरीर को स्फूर्ति मिलती है। इस कार्यक्रम में जोन सचिव वीर बाबूलाल संकलेचा, संरक्षक वीर बाबूलाल टी बोथरा, वीर भूरचंद मालू, वीर सज्जन राज मेहता, वीर सतीश छाजेड़, वीर जोगेंद्र वडेरा, वीर मुकेश बोहरा, वीर भूरचंद डूंगरवाल, वीर कैलाश हालावाला, वीर सोहन चौपड़ा, वीर मांगीलाल गोटी, वीर संजय बोथरा, वीर अनिल मेहता, वीर रमेश सेठिया, वीर बाबूलाल छाजेड़, वीर ओमप्रकाश छाजेड़, वीर राकेश बोथरा, वीर विपुल बोथरा, वीर रमेश धारीवाल, वीर गौतम टी बोथरा, वीर गौतम गैस, वीर छगन बोथरा, वीर जगदीश छाजेड़, वीर मांगीलाल संकलेचा, राजकीय अस्पताल से डॉ मोती खत्री व उनकी टीम आदि उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केन्द्र, बाड़मेर (राजस्थान)

### जीवदया सेवा कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र द्वारा 25 जुलाई को जीवदया सेवा कार्यक्रम के तहत श्री गोविन्द गौशाला में गौमाताओं को हरा चारा और गुड़ खिलाया गया। साथ ही N-95 मास्क वितरण किया गया। नाहटा अस्पताल में वेन्टीलेटर मशीने भेंट की गयी। इस कार्यक्रम में दानवीर भामाशाह श्री देवराज जी खिंवसरा उपस्थित रहे।

केंद्र द्वारा आयोजित रक्तदान सप्ताह का शुभारंभ राजकीय नाहटा चिकित्सालय चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आर एल खत्री द्वारा किया गया। राजकीय नाहटा चिकित्सालय ब्लड बैंक परिसर में आयोजित सप्ताह की शुभारंभ अवसर पर डॉक्टर खत्री ने पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए रक्तदान महादान के इस कार्य में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर ओम प्रकाश बांठिया ने 75वें स्वाधीनता दिवस समारोह तक चलने वाले इस शिविर में रक्तदान कर हम राष्ट्र के प्रति अपने विशेष योगदान को अवश्य पूरा करें, निवेदन किया। कार्यक्रम शिविर संयोजक पारस मल भंडारी ने कहा कि शिविर का शुभारंभ अवसर पर वीर साथी महावीर लुंकड़ द्वारा 105 वी बार रक्तदान किया। केंद्र अध्यक्ष वीर जवेरी लाल मेहता ने दानदाता पारसमल, महेंद्र, प्रवीण, आनंद गुलेछा परिवार द्वारा शिविर में सौजन्य, पुरस्कार प्रदान करने के लिए



**जीवदया सेवा कार्यक्रम**

आभार ज्ञापित किया। शिविर प्रभारी धर्मेंद्र दवे ने बताया कि रक्तदान सप्ताह के अंतर्गत 102 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर हरेंद्र राजपुरोहित, महावीर इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष वीर गौतम दांती, वीर महावीर बोकाडिया, वीर पारसमल गहलोत सहित सदस्य उपस्थित रहे।

## जालोर-सिरोही जोन

### महावीर इंटरनेशनल आहोर केंद्र, जालोर (राजस्थान) ब्लड डोनेशन कैंप

महावीर इंटरनेशनल आहोर केंद्र द्वारा 25 जुलाई को ग्रेनाइट सिटी, वात्सल्य चाइल्ड केयर होम जालोर में भोजन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें 110 मंद बुद्धि बच्चों को भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष वीर नेमीचंद पारख, वीर बाबूलाल संघवी, वीर पन्नालाल संघवी उपस्थित रहे।



ब्लड डोनेशन

आहोर केंद्र द्वारा 26 जुलाई को जालोर सिरोही में हरिया देवी W/O मोटाजी को अर्जेंट ब्लड की जरूरत के मैसेज आए, जालोर के सेवा भावी श्री नितेश भटनागर व उनकी पूरी टीम जालोर में ब्लड डोनेशन के क्षेत्र में बहुत ही अच्छा काम रहे है उनसे कान्टेक्ट किया गया। इसके बाद महावीर इंटरनेशनल के रीजन सेकेट्री वीर विक्रम करनोत के सहयोग से केंद्र के सक्रिय सदस्य वीर पारस सुथार ने ब्लड की जरूरत को देखते हुए अपना ब्लड मैच कर देना शुरू कर दिया, फिर जालोर श्री नितेश भटनागर और उनकी पूरी टीम द्वारा 2 यूनिट की व्यवस्था अतिशीघ्र की गई। इस सेवा के लिए नितेश जी व उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत धन्यवाद, खूब खूब अनुमोदना एमआईएफ सुरेश गाँधी।

### महावीर इंटरनेशनल शिवगंज सुमेरपुर जीवदया सेवा कार्य कर मनाया 75वां स्वतंत्रता दिवस

महावीर इंटरनेशनल शिवगंज सुमेरपुर ने सिंहप्रस्थ तालाब सुमेरपुर पर आजादी का महा अमृत उत्सव, 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर अनिल जैन ने बताया कि अभी तक बारिश नही आने से



सेवा कार्य का आयोजन

सिंहप्रस्थ तालाब में पानी नही आया, जिससे मछलियों के लिए खतरा पैदा हो गया। इसलिए प्रकृति प्रेम एवं जीवदया के तहत 10 टैंकर पानी डलवाया। इस मौके पर वीर अनिल जैन, वीर माधव दत्त दवे, वीर पंकज घोड़ावत, वीर भूपेंद्र सिंह दुआ, वीर कपिल परिहार, वीर हरीश लालवानी, वीर दीपक जैन इंडसइंड बैंक, वीर प्रवीण अग्रवाल आदि सदस्यों ने सिंहप्रस्थ तालाब पर झंडारोहण किया। मछलियों को दाना खिलाया, राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ अलग अंदाज में आजादी का जश्न मनाया।

# रीजन-7

## रतलाम-नीमच जोन

### महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र, मंदसौर (मध्य प्रदेश) ट्रैक्शन एंड आई एफ टी फिजियोथेरेपी मशीन भेंट

महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र द्वारा 26 जुलाई को जीवदया सेवाकार्यक्रम के तहत बस स्टैंड स्थित गौशाला में गायों को गुड़ व चारा खिलाया गया। यह कार्यक्रम पूर्व अध्यक्ष वीर विपिन जी कोठीफोड़ा की माता श्रीमती चंद्रकला देवी जी की पुण्य स्मृति में श्री शोभागमल जी, दिलीप कुमार जी कोठीफोडा के सौजन्य से कराया गया। इस अवसर पर जोन कोषाध्यक्ष वीर संजय चौधरी, वर्तमान अध्यक्ष वीर राकेश चौधरी, उपाध्यक्ष वीर चंद्रेश बाफना, कोषाध्यक्ष वीर मनीष सोमानी, वीर ऋषभ फाफरिया, वीर नवीन छिगावत, वीर पी सी कुमावत, वीर अरविंद कुदार, वीर जम्मू चौधरी, वीर कमलेश पाटनी, वीर अक्षय, वीर निखिल, वीरा श्रीमती अंगूर बाला, वीरा निशा





**ट्रैक्शन एंड आई एफ टी फिजियोथेरेपी मशीन भेंट**

जी, वीरा प्रगति कोठीफोड़ा एवं वीरा कल्पना मेहता उपस्थित रहे।

केंद्र द्वारा 30 जुलाई को मंदसौर जिला चिकित्सालय को ट्रैक्शन एंड आई एफ टी फिजियोथेरेपी मशीन भेंट की गई। जोन चेयरमैन वीर राकेश जैन ने संस्था के सेवा प्रकल्प को देखते हुए ग्रुप के सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बधाईयां दी और साथ ही उन्होंने इस प्रोजेक्ट के दानदाताओं का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया एवं फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर लोकेश जी चौधरी ने विशेष आभार व्यक्त करते हुए मशीन की उपयोगिता की जानकारी दी। इस अवसर पर जोन कोषाध्यक्ष वीर संजय चौधरी, पूर्व अध्यक्ष वीर विजय खटोड़, वीर पारस ड़ोसी, वीर अजय फाफरिया, निवर्तमान अध्यक्ष वीर लोकेंद्र जैन, सह सचिव वीर प्रतीक पोखरना, प्रवक्ता वीर भागचंद खंडेलवाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य वीर अनिल बाफना, वीर सुनील मित्तल, वीर अरविंद कुदार, वीर पूनमचंद कुमावत, वीर अरुण अग्रवाल उपस्थित थे।

## इन्दौर–उज्जैन जोन

### महावीर इंटरनेशनल वीरा उज्जैन केंद्र, उज्जैन (मध्य प्रदेश)
### सेनेटरी नेपकिन वितरित

महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा संचालित गरिमा प्रोजेक्ट में "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो" अभियान के तहत अपेक्स से प्राप्त सेनेटरी नेपकिन महिलाओं में मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के लिए जागरूकता लाने के लिए चरक हॉस्पिटल में प्रसव विभाग में 672 सेनेटरी पैड वितरित किए गए प्रत्येक ग्रामीण महिला को 14 सेनेटरी पैड दिए गए और उन्हें भविष्य में मासिक धर्म के समय जागरूक रहने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर केंद्र अध्यक्ष वीरा उर्मिला भंडारी, वीरा ज्योति चंडालिया, वीरा कांता बाठिया, वीरा प्रमिला कटारिया, वीरा प्रेमलता सिरोलिया सहित प्रचार मंत्री वीरा लक्ष्मी दोशी ने सेनेटरी नेपकिन वितरित किए। उक्त अवसर पर उज्जैन केंद्र अध्यक्ष वीर सुनील जैन दोशी एवं जनसंपर्क अधिकारी रमणलाल सोनी अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र, उज्जैन (मध्य प्रदेश)
### 75वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह पूर्वक मनाया

महावीर इंटरनेशनल केन्द्र उज्जैन ने आजादी का 75वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह पूर्वक प्रेमछाया परिसर में दैनिक नवभारत के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रेस क्लब उज्जैन एवं संस्था अध्यक्ष वीर सुनील जैन दोशी ने झंडावंदन कर मनाया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के अन्तर्राष्ट्रीय डायरेक्टर वीर अशोक भंडारी, रीजन अध्यक्ष वीर राजेंद्र हिंगड़, पूर्व रीजन अध्यक्ष वीर राजेंद्र सिरोलिया एवं वीर प्रकाश सेठिया, सचिव वीर संजय बीमा, वीर गोविंद तोतला, वीर रमणलाल सोनी, वीर मनोज जैन, वीर राजेंद्र चंद्रावत, वीर श्रेणिक लूणावत, वीर दिलीप जैन, डॉ. वीर अनिल सर्राफ, डॉ. वीर बागमल, वीर रविन्द्र कटारिया, वीर सुरेश जैन, वीर नरेंद्र नीरु, वीर प्रदीप भाचावत, वीर के.के. सोनी, पूर्व पार्षद श्री गजेन्द्र सकलेचा, श्री अशोक हरनिया, वीरा केंद्र की संस्थापक अध्यक्ष वीरा उर्मिला भंडारी, संस्था अध्यक्ष वीरा ज्योति चंडालिया, सचिव वीरा प्रमिला कटारिया, प्रचार मंत्री वीरा लक्ष्मी दोशी तथा पत्रकार देवेंद्र पुरोहित विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर वीर भूपेन्द्र भूतड़ा ने अपने उद्बोधन में संस्था की गतिविधियों की भूरी भूरी प्रसन्नता करते हुवे कहा कि ये संस्था पूरे साल सेवा कार्य करती रहती है संस्था की गतिविधियों की जानकारी वीर अशोक भंडारी ने दी। संचालन वीर सुनील जैन दोशी एवं आभार वीर राजेंद्र सिरोलिया ने माना।

केंद्र द्वारा आयोजित मासिक मीटिंग में वीरा निर्मला कांठेड़ द्वारा उज्जैन केंद्र द्वारा संचालित भोजनशाला में 12 थाली, कटोरी, चम्मच, ग्लास उनके पिता की स्मृति में प्रदान किये एवं वीरा कांता बांठिया द्वारा 2100 रूपए स्वर्गीय राजेंद्र बांठिया की स्मृति में भोजनशाला में नगद दिया गया है।

## भोपाल जोन

### महावीर इंटरनेशनल विदिशा केंद्र, भोपाल (मध्य प्रदेश)
### रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्तदान

महावीर इंटरनेशनल विदिशा केंद्र द्वारा 8 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान महावीर के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर डॉ शांतिलाल

पीतलिया, केंद्र के अध्यक्ष वीर डॉ अनिल जैन एवं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया। उसके बाद सर्वप्रथम केंद्र के वरिष्ठ सदस्य वीर अतुल आर शाह द्वारा रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केंद्र के वीर अतुल शाह हाइलैंस, वीर डॉ. अनिल जैन, वीरा प्रीति जैन, वीर डॉ. आकाश जैन, वीर डॉ. सुमित जैन, वीर प्रदीप जैन आदि कई सदस्यों ने रक्तदान किया। इसी के साथ समाज के अन्य साथियों द्वारा रक्तदान किया गया। कुल 30 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर डॉ शांतिलाल पीतलिया, वीर डॉ. अनिल जैन, वीर सी एल गोयल, वीर अतुल रतनशी शाह, वीर दिनेश बाजपेई, वीर अवनेश जैन, वीर कन्छेदीलाल जैन, वीर डॉ. सुमित जैन, वीर डॉ. आकाश जैन, वीर सुनील जैन, वीर सेठ दीपक जैन, केंद्र के सचिव वीर जी एस चौहान, वीरा प्रीति जैन, वीरा ज्योति जैन सहित कई सदस्य उपस्थित हुये

### महावीर इंटरनेशनल चंदना वीरा केंद्र ग्वालियर (मध्यप्रदेश)
### रक्तदान कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल चंदना वीरा केंद्र ग्वालियर द्वारा स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर लगाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य




**रक्तदान कार्यक्रम**

थैलेसीमिया के बच्चों के लिए रक्त एकत्रित करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर बी.एन. शर्मा जी (एनसीसी ग्रुप कमांडर) उपस्थित थे। इस रक्तदान शिविर में एनसीसी के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने रक्तदान किया सबके सहयोग से 62 यूनिट खून एकत्र हुआ। संस्था द्वारा मोमेंटो, रिफ्रेशमेंट, पौधे दिए गए और सब बच्चों की इस नेक कार्य के लिए प्रशंसा कर धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष वीरा शिल्पा मेहता, वीरा नीता भरुचा, वीरा विमला संचेती, वीरा नीता मेहता, और वीरा शशि संचेती मौजूद थी।

### महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र
### रक्तदान कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल संकल्प बैतूल केंद्र द्वारा स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 30 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

## रीजन-8

### औरगांबाद-अहमदनगर जोन

### महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र, औरंगाबाद (औरगांबाद-अहमदनगर)
### सेनेटरी नैपकिन बेबी किट वितरण एवं रक्तदान शिविर

महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र औरंगाबाद द्वारा 27 जुलाई को गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो" अभियान के अंतर्गत स्थानीय घाटी अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड में जरूरतमन्द महिलाओं को 400 सेनेटरी नैपकिन वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष वीरा जयश्री गुजरानी, वीरा रश्मि बोरा, वीरा सारिका चंडालिया, वीरा वन्दना संचेती, वीरा स्वाति मलारा, वीरा शैला संकलेचा, वीरा रंजु जैन, वीरा रुपाली सांकला एवं वीरा दर्शना




**सेनेटरी नैपकिन वितरण**

फुलफगर केंद्र की अध्यक्षा वीरा संगीता ओसवाल के साथ घाटी अस्पताल के समस्त डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ का भी सहयोग रहा।

केंद्र द्वारा 2 अगस्त को स्थानीय सरकारी हॉस्पिटल (घाटी) के जच्चा-बच्चा वार्ड में एवं सर्जिकल वार्ड में वीरा दर्शना फुलफगर के सौजन्य से 150 नवजात शिशुओं को बेबी किट का वितरण किया। इस मौके पर वार्ड इंचार्ज के साथ-साथ डॉक्टर व पूरा स्टाफ मौजूद था, उपस्थित शिशुओं की माताओं की आँखों में खुशियों का सुखद अहसास था। केन्द्र की वीराओं ने तय किया है कि 75वें स्वतंत्रता दिवस का यह सम्पूर्ण महीना देश के भविष्य यानी जरूरत मन्द

बच्चों को सहायता देकर मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में वीरा दर्शना फुलफगर, वीरा जयश्री गुजरानी, वीरा वंदना संचेती, वीरा सारिका चंडालिया, वीरा स्वाति मलारा, वीरा रश्मि वोरा, वीरा शैला संकलेचा, वीरा रंजू जैन, वीरा रूपाली सांकला आदि वीराओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल केंद्र औरंगाबाद केंद्र 75वें स्वतंत्रता दिवस को रक्तदान शिविर

महावीर इंटरनेशनल केंद्र औरंगाबाद ने महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष में शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह में अहम भूमिका निभाते हुए 12 एवं 13 अगस्त को सुपर



**रक्तदान शिविर का आयोजन**

वाइंडिंग वायर प्राइवेट लिमिटेड वालुज एवं दक्षिण केसरी मिश्रीलालजी म.सा. होम्योपैथी कॉलेज औरंगाबाद में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन करके 38 यूनिट रक्त इकट्ठा करते हुए दान-दाताओं के साथ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस आयोजन पर लायन्स रक्तपेटी ने रक्त संकलन हेतु बहुमुल्य योगदान दिया। रक्तदान शिविर के आयोजन में संस्था के अध्यक्ष वीर पारस तातेड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं इनके नेक इरादों ने कार्यक्रम को सफल बनाया इस कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सचिव वीर अरुण खारीवाल, MIF वीर प्रकाश गोठी, वीर डॉ प्रकाश झांबड़, वीर डॉ प्रकाश पाटनी, वीरा सुशीला खारीवाल, प्रिंसिपल डॉ पुरखान आदि ने सहकार्य करते हुए कार्यक्रम को गरिमामयी बनाया। इस मौके पर उपस्थित जोन चैयरमेन वीर राजकुमार बांठिया द्वारा सभी के सामुहिक प्रयासों की सराहना करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा हेतु भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में पधारे गवर्निंग कार्उसिल सदस्य वीर विकास पाटनी ने सभी का उत्साह बढ़ाते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य व्यक्तियों, दानदाताओं एवं सभी सहयोगी वीर-वीराओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संस्था के अध्यक्ष वीर पारस तातेड़ ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल औरंगाबाद केंद्र ने पीड़ित मानवता की सेवा हेतु सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है और आगे भी निभाता रहेगा। अत: सभी शुभचिंतकों का आभार एवं धन्यवाद!

# गुजरात जोन

## महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र, सूरत (गुजरात) पौधारोपण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र द्वारा 25 जुलाई को ग्रीन एंड क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत सूरत एयरपोर्ट व सिटीलाइट सब्जी मंडी में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम वीर अनिल जैन की उपस्थिति में एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया एवं पर्यावरण प्रहरी श्री



**पौधारोपण कार्यक्रम**

बसन्त खैतान के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर एयरपोर्ट डायरेक्टर अमन जी सैनी, सेक्रेट्री वीर अनिल जैन, पर्यावरण श्री प्रेमी बसन्त खैतान, रिजन-8 के अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली, इंटरनेशनल डायरेक्टर वीर सुरेन्द्र मरोठी, वीर संदीप डाँगी गवर्निंग काउंसिल मेम्बर, वीर मुकेश जैन, सूरत चेयरमैन वीर राकेश श्रीश्रीमाल, सचिव वीर हस्तीमल बांठिया, एयरपोर्ट के श्री सुनील कुमार, एक सोच की अध्यक्ष रितु जी राठी, यंग इंडिया की दीपिका जी कलन्त्री धुत, राजीव जी कोठारी, संजय जी जैन चावत, प्रीतम जी गोस्वामी, रमेश जी राजपूत उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन सूरत केंद्र, सूरत (गुजरात) अनुकंपा प्रसादी वितरण

महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन सूरत केंद्र द्वारा 25 जुलाई को





अनुकंपा प्रसादी वितरण

स्मीमेर हॉस्पिटल में अनुकंपा प्रसादी वितरण की गई। जिसमें 300 लोग लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अनिल जैन, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली, अन्तर्राष्ट्रीय डायरेक्टर क्लीन एंड ग्रीन इंडिया वीर सुरेन्द्र मरोठी, यूथ डेवलपमेंट के अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर संदीप डांगी, गुजरात जोन सेक्रेट्री वीर रमेश बोहरा, अध्यक्ष वीर भरत सिंघवी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मुंबई जोन

### महावीर इंटरनेशनल वाशी नवी मुंबई केंद्र, ठाणे (मुंबई)

### राशन सामग्री वितरण

महावीर इंटरनेशनल वाशी नवी मुंबई केंद्र द्वारा मुम्बई जोन के तत्वावधान एवं कॉनकोर व आरसीएफ के संयुक्त प्रयास से 27 जुलाई को महाराष्ट्र के पालघर जिले के विक्रमगढ़, जव्हार और मोखाडा



राशन सामग्री वितरण

तालुका में मुम्बई जोन की चेयरपर्सन वीरा सुमन जैन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में टीम सबर्बन, नवी मुंबई एवं अँधेरी के सहयोग से 19 गांवों में 1000 परिवारों को राशन किट वितरित की गई। प्रत्येक किट में एक हजार रु लगभग की उच्च गुणवत्ता की परक राशन सामग्री समाहित थी, जिसमें चावल, आटा, तेल, मिर्च-मसाले, दालें, गुड़ व मूंगफली आदि सामग्री उपलब्ध रही एवं बच्चों के लिए बिस्किट, चॉकलेट तथा वहा मौजूद लोगों को 800 मास्क भी वितरित किए गए। उपरोक्त सामग्री लगभग 100 रु की कीमत के एक मजबूत व आकर्षक रैग्जीन के बेग सहित वितरित की गई। एक हजार जरूरतमंद व गरीब परिवारों को वितरित की गई यह राशन सामग्री की लागत 10 लाख रु आयी। राशन सामग्री वितरित करते समय महामारी के दौरान सरकार के बनाए सभी नियमों का सख्ती से पालन करने के साथ-साथ सभी की सुरक्षा एवं कार्यक्रम के निर्विघ्न समापन में जोन चेयरपर्सन वीरा सुमन जैन, जोन सचिव वीरा ज्योती मुणोत व जोन ट्रेजरार वीर अविनाश सियाल सहित वाशी टीम के अध्यक्ष वीर अनिल छाजेड़, सचिव वीर नरेश सिंघवी, मेडिकल प्रभारी प्रकाश जी संचेती, मीडिया प्रभारी पवन जी परमार एवं सबर्बन टीम से अध्यक्ष वीर शांतिलाल जैन, वीर चांदमल हिंगड, सचिव वीर रमेश कुकड़ा एवं दोनों सहयोगी संस्थाओं के सदस्यों व स्थानीय लोगों का भी सराहनीय सहयोग रहा।

# रीजन-9

## छत्तीसगढ़ जोन

### महावीर इंटरनेशनल रायपुर मेन केंद्र, रायपुर (छत्तीसगढ़)

### भोजन वितरण कार्यक्रम

दो रोटी हमारी भी कार्यक्रम के तहत महावीर इंटरनेशनल रायपुर मेंन द्वारा शहर में जगह जगह भोजन के पैकेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर वीर निरंजन हरितवाल, वीर प्रकाश गोलछा, वीर मनोज बोथरा वीर पीयूष डागा व दर्शयू जैन (कुसमी) उपस्थित हो कर भोजन पैकेट का वितरण किया।

## महाकौशल जोन

### महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र, बालाघाट (मध्य प्रदेश)
### नेत्र शिविर आयोजन

महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र द्वारा 22 जुलाई को अरिहंत आई टी आई कॉलेज गर्रा में नेत्र शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में 74 मरीजों की आँखे जांच की गई। जिसमें 32 मरीजों को चश्मा



**नेत्र शिविर आयोजन**

तथा दवाईयां वितरित की गई एवं 26 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया। 17 जुलाई को चंगोटोल में नेत्र रोग शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में 27 मरीजों की आँखे जांच की गई। जिसमें 15 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया एवं मरीजों को चश्में तथा दवाईया वितरित की गई।

### महावीर इंटरनेशनल कटंगी केंद्र, बालाघाट (मध्य प्रदेश)
### नेत्र रोग शिविर आयोजन

महावीर इंटरनेशनल कटंगी केंद्र द्वारा 24 जुलाई को नेत्र रोग शिविर



**नेत्र रोग शिविर आयोजन**

आयोजन किया गया। इस शिविर में 45 मरीजों की आँखे जांच की गई। जिसमें 12 मरीजों के मोतियाबिंद चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया।

### महावीर इंटरनेशनल परसवाड़ा केंद्र, बालाघाट (मध्य प्रदेश)
### मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल परसवाड़ा केंद्र द्वारा 19 जुलाई को मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 33 मरीजों की जांच की गई। जिसमें 13 मरीजों को चिन्हित किया था। 5 मरीजों को मोतियाबिंद के लिए चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया।

### महावीर इंटरनेशनल सिवनी केंद्र, (मध्य प्रदेश)
### बेबी किट वितरण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल सिवनी केंद्र द्वारा 7 अगस्त को 100 बेबी किट का वितरण जिला शासकीय अस्पताल में किया गया।

## विदर्भ जोन

### महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर केंद्र, चंद्रपुर (महाराष्ट्र)
### कपड़ा वितरण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर केंद्र द्वारा कपड़ा वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें 150 ड्रेस, 150 साड़ियां, 25 बेड्सीट, 25 ब्लैंकेट का




**दैनिक उपयोगी सामग्री का वितरण**

वितरण गरीब बस्ती में घर-घर जाकर किया गया। इस कार्यक्रम में कपड़े उपलब्ध करवाने में डॉ. माड्ले, वीर जाम्बरेसर तातेड़ तथा वीर हरीश मुथा, वीर त्रिशुल बम्ब, वीर विशाल मुथा, वीर विशाल कल्लुरवार, वीर मनिश खटोड़, वीर प्रसन्न बोथरा का योगदान रहा।

महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर केंद्र द्वारा आयोजित नेत्र जाँच शिविर में 100 लोगों की आँखों की जाँच की गयी एवं 31 मरीज आँखों के ऑपरेशन हेतु चयनित किये गए।

## महावीर इंटरनेशनल नागपुर केंद्र (महाराष्ट्र)
## प्रोजेक्ट प्रेग्नेंसी टू इनफैन्सी के तहत महिलाओं को गोद लिया

महावीर इंटरनेशनल नागपुर की एजीएम एवं स्थापना के अवसर पर प्रोजेक्ट प्रेग्नेंसी टू इनफैन्सी के तहत आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से 7 महिलाओं को गोद लिया।

## महावीर इंटरनेशनल सावली केंद्र, चंद्रपुर (महाराष्ट्र)
## रक्तदान शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल सावली केंद्र द्वारा 16 जुलाई को सावली सोशल फाउंडेशन, लोकमत वृत्तपत्र समुह, सावली तालुका पत्रकार संघ की ओर से पत्रकार भवन सावली मे रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया।




रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन

# रीजन-10

## कर्नाटक जोन

## महावीर इंटरनेशनल रायचुर केंद्र
## टीकाकरण अभियान

महावीर इंटरनेशनल रायचुर एवं भारतीय जैन संगठन रायचुर के संयुक्त तत्वावधान में सरकार द्वारा संचालित संस्थाओं के आदेशानुसार टीकाकरण अभियान 9 अगस्त से शुरू किया गया। शुभारंभ समारोह में सर्वश्री डॉ. शिवराज पाटिल जी MLA रायचुर, डॉ. सतीश कुमार जी जिलाधिकारी, रायचुर, श्री विनय कुमार जी अध्यक्ष, नगर सभा रायचुर, डॉ. रामकृष्ण जी DHO, डॉ. सुरेन्द्र बाबु जी, नोडल ऑफिसर, डॉ. विजया मेडम, रचो के सानिध्य में संपन्न हुआ। सभी गणमान्य अतिथियों ने हर वर्ग, हर समुदाय के लिए टीकाकरण करवाने के संस्था के अभियान की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सारे समाज से टीका लेने का आव्हान किया। यह टीकाकरण कार्यक्रम 9 से 14 तक के लिए रहेगा। रायचुर शहर में 6 दिन के लिए किसी भी संस्था ने कार्यक्रम आयोजित नही किया। सिर्फ महावीर इंटरनेशनल रायचुर के संग बीजेएस ने मिलकर यह बीड़ा उठाया है। इसके लिए सभी सरकारी संस्थाओं द्वारा अभिनंदन एवं शुभकामनाएं दी। प्रथम दिन 227 जनों को टीकाकरण किया गया। केंद्र द्वारा जोन चेयरमैन वीर सुखराज बोहरा की ओर से 2 अगस्त को 400 गौमाता के लिए हरी घास गौशाला में प्रदान की गयी।

## महावीर इंटरनेशनल बेंगलौर केंद्र, बेंगलौर (कर्नाटक)
## जीवदया सेवा कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल बेंगलौर केंद्र द्वारा 21 जुलाई को जीवदया सेवा कार्यक्रम के तहत बकरीद के मौके पर भेड़-बकरियों को कटने से बचाने में सहायक बनकर अति पुण्य का कार्य किया गया। आपकी पूरी टीम अभिनंदन की हकदार है। अरिहंत प्रभु से प्रार्थना करते है कि आपको एवं हम सभी को इस तरह की जीवदया के कार्य करने का आशीर्वाद प्रदान करे। तथा ऐसी शक्ति दे कि विश्व के सभी जीवों की रक्षा करने में सभी को सक्षम बनाए।



जीवदया सेवा कार्यक्रम

## तमिलनाडू-केरला जोन

### महावीर इंटरनेशनल चैन्नई मेट्रो केंद्र, चैन्नई (तमिलनाडू-केरला)
### नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल चैन्नई मेट्रो केंद्र द्वारा 23 एवं 25 जुलाई को 2005 से 2007 वां नेत्र शिविर वेलचरी, तिरुवन्मियूर, रामापुरम में आयोजन किया गया। इस शिविर में अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सकीय




नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

टीम द्वारा 171 लोगों की आँखों की जांच की गई। जिसमें 36 मरीजों की आँखों में मोतियाबिंद पाया गया। साथ ही 120 मरीजों की रक्तचाप, शुगर व मधुमेह जांच की गई। 21 मरीजों को आँखों की दवाईयां वितरण की गई। इस कार्यक्रम में वीर ज्ञानचंद कोठारी, वीर महवीर चंद खाबिया, वीर प्रकाश भंडारी, वीर पुखराज चौधरी, वीर सुरेन्द्र व्यास, वीर राजू दास, वीर दिलीप जैन, वीरा मलादेवी, वीर महेन्द्र कुमार, वीर अनिल कुमार, डूंगरवाल वेलाचेरी श्री ज्वेलरी व महालक्ष्मी ज्वेलरी नागरमल जैन, प्रसन्नचंद जैन, श्रीपाल प्रवीणकुमार छाजेड, नेत्र शिविर चेयरमैन वीर प्रकाश लोढा, वीर दिलीप मेहता, वीर मुकेश चुतर, वीर अशोक नाहर, वीर ज्ञानचंद चौरड़िया, वीर धर्मेन्द्र सुन्देशा, वीर दिलीप जैन, वीर प्रकाश गुलेशा का सहयोग रहा।

महावीर इंटरनेशनल चैन्नई मेट्रो द्वारा श्रीमती केसरबाई घेवरचंदजी रतनजी रांका के सहयोग से 15 अगस्त रविवार को 2013 वां निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। चिंतादरी पेट स्थित श्री श्वेताम्बर जैन स्थानक मे लगाए गए इस शिविर मे अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने 128 लोगों की आंखे की जांच की जिनमे 17 जनों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। साथ ही 60 जनों को चश्में बनाकर दिए जाएंगे 103 लोगों का रक्त चाप व मधुमेह जांच भी की गई 15 लोगों को आंखों की दवाई वितरण की गई व एक श्रवण यंत्र निशुल्क वितरण किया गया। शिविर मे नेत्र शिविर डायरेक्टर वीर प्रकाश लोढा ने वीर रतनजी रांका का माला व नेत्र शिविर सह निदेशक वीर पूनमचंद मांडोत का शॉल पहनाकर अभिनंदन किया। चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया। सचिव वीर दिलीप मेहता, वीर अशोक नाहर, वीर नेरेश खिंचा, वीर अजित नागोरी, वीर राजेन्द्र बेताला, वीर धर्मेन्द्र सुन्देशा, वीर पारस रांका आदि ने सेवाएं प्रदान की। चिंतादरीपेट संघ के देवीचंद मेहता, राजेश ओस्तवाल, दिनेश भंडारी, सुरेश रांका, सतीश खिवंसरा, कपिल मूथा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

महावीर इंटरनेशनल चैन्नई मेट्रो द्वारा रविवार 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव 75वां स्वतंत्रता दिवस ड्यूटी पर तैनात 600 पुलिसकर्मियों को नाश्ता परोस कर मनाया और सचिवालय में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा ध्वजारोहण समारोह किया गया।

केंद्र द्वारा स्व श्री सुरेश चंद खिंवसरा की 4वीं पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में श्रीमति चंदाबाई पगरिया जैन मट्रिक्युलेशन हायर सेकंडेरी स्कूल अगरम पेरम्बुर के प्रांगण में श्रीमति उषा, अमित, सविता, सुमीत आरती, हर्षिता, रित्वी, मोहित, चहल खिंवसरा, सुषमा नवीन नाहर, पेरम्बुर आदि के सहयोग से 29 अगस्त को निशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाया गया। जिसमे डॉ एम एन अस्पताल के चिकित्सकों ने सेवाएं देते हुए 257 लोगों की आँखों की जाँच की, जिसके दौरान 20 लोगों की आँखों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनकी सर्जरी करवायी जायेगी। वही 110 लोगों को चश्मे बनाकर दिए जाएँगे। इसी कड़ी में शिविर में आये हुए एक अपंग को निशुल्क पाँव बनाकर देने के लिए डिस्पेन्सरी भेजा गया। साथ ही बधिरों को श्रवण यंत्र, वृद्धजनों को बुढ़ापे की लाठी, बुजर्गो को घुटने के मौजें सहित पैनबाम, स्प्रे, क्रेप बैंड आदि भी दिए गये।

### महावीर इंटरनेशनल चैन्नई केंद्र, चैन्नई (तमिलनाडू-केरला)
### नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल चैन्नई केंद्र द्वारा 18 जुलाई एवं 27 जुलाई को श्रीमती सायरदेवी उमरावमल सूराणा, श्रीपाल मधु व वीर चिराग




नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

सुराना, वीर एम जवरीलाल, वीर अशोक, वीर महावीर, वीर सुभाष, वीर नवीन, व वीर मेंहुल बोहरा के सहयोग से 13 वा नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन पल्लीकरनै वेलचेरी मैनरोड स्थित सुराणा कृषि प्रांगण में एवं रायपुरम तम्बू लेन स्थित गौतम ज्वेलर्स के प्रांगण में किया गया। इस शिविर में अग्रवाल हॉस्पिटल एवं एम.एन.आई हॉस्पिटल की टीम द्वारा 101 मरीजों की आँखो की जाँच की गयी। 16 मरीजों की आँखो में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। साथ ही 64 मरीजों की आँखों की जांच कमजोर पायी जाने के कारण उनको चश्मे बनाकर दिए जाएँगे। सभी मरीजों को आई ड्रॉप भी वितरित की गयी। 73 मरीजों की मधुमेह व रक्तचाप की जाँच की गयी व जरूरतमंद लोगों को आयुर्वेदिक मधुमेह की दवा अमृत मधु एवं स्प्रे, पैन बाम, क्रेपबैंड, कूल पैक, पैन जेल दिए गए। साथ ही मरीजों को भोजन व केले वितरित किये गये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वीर समदड़िया फतेहचंद, वीर निरंजन सोलंकी, वीर बसन्त बरडिया करणसिंह, वीर शांतिलाल डी जैन (गुगलिया), वीर उत्तमचंद कोठारी, वीर महेंद्र पगारिया, वीरा गुणवंती बाई पगारिया, वीर उमेद चंद बाफना, वीर कानाराम, वीर मोतीलाल कोठारी, वीर ज्ञानचंद कटारियाँ, वीर हीरालाल कोठारी, वीर राजकमल गुर्जर का सहयोग रहा।

महावीर इंटरनेशनल चैन्नई एवं महेश कुमार दवे शिवा एजेन्सी के सहयोग से 13 अगस्त शुक्रवार को शिवरतन दवे चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। सिद्दानाथ मंदिर वेस्ट मांबलम चैन्नई 33 के प्रांगण में आयोजित इस शिविर में एमएन हॉस्पिटल टीम द्वारा 30 लोगों की आंखों की जांच की गई। वही मोतियाबिंद पाए गए 3 लोगों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और 10 जनों को चश्मे बनाकर दिए गए। इसके अलावा जरूरत मंद लोगों को श्रवण यंत्र, कमर पट्टा, घुटने का मौजा, सर्वाइकल कालर, बुढापे की लाठी, पैन बाम, पैन स्प्रे, कूल पैक, क्रेप बैंडिज आदि वितरित किये गए। शिविर में संयोजक वीर प्रकाश गुलेछा, वीर एफ सी जैन, वीर निरंजन सोलंकी, वीर हीरालाल कोठारी, वीर बसन्त बरडीया, वीर महेश दवे, वीर अशोक बंबोली आदि का सहयोग रहा।

## महावीर इंटरनेशनल लेडीज एमिनेंट सर्विसेज टू सोसाइटी चैन्नई

## स्कूल के बच्चों संग मनाया स्वतंत्रता दिवस

महावीर इंटरनेशनल लेडीज एमिनेंट सर्विसेज टू सोसाइटी चैन्नई की वीराओं ने 75वां स्वतंत्रता दिवस पट्टालं में स्थित तेलुगु मीडियम स्कूल में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की प्रार्थना से करते हुए अध्यक्ष सुनीता खारीवाल के द्वारा झंडा लहराया तथा सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान गाया।

इसके उपरांत सभी बच्चों को पेन, पेंसिल, एप्पल, अनार, मौसंबी, लड्डू, इडली चटनी, नमकीन, बिस्कुट, चॉकलेट इत्यादि चीजों का वितरण किया गया। इस मौके पर वीरा चंद्रकला ललवानी, वीरा सरला सिसोदिया, वीरा उषा खींवसरा, वीरा ललीता छाजेड़, वीरा उमराव लूणिया, वीरा ललिता गोलेछा इन सभी वीराओं ने भाग लिया।



स्कूल के बच्चों संग मनाया स्वतंत्रता दिवस

## तेलंगाना जोन

### महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र रक्तदान शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र द्वारा 75वें स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर 23 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

### महावीर इंटरनेशनल उड़ान केंद्र रक्तदान शिविर का आयोजन

महावीर इंटरनेशनल उड़ान केंद्र ने स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित शिविर में 155 यूनिट रक्त संग्रहित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



डाक पंजीयन संख्या: जयपुर सिटी/403/2020-22 महावीर प्रवाह 28 अगस्त 2021 (मासिक पत्रिका) RNI No. RAJBIL/2013/53515

# महावीर इंटरनेशनल सुर्खियों में

लोकतेज — सूरत

## शान्ति, अमन और अहिंसा बनाये रखने में सबसे बड़ा योगदान एक सैनिक का: लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र प्रताप पांडे

## रक्तदान करके बचाई, महिला की जान

एक आईना भारत

आहोर। महावीर इंटरनेशनल आहोर इकाई को मीडिया के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई ए नेगेटिव ब्लड की अतिआवश्यकता जालोर हॉस्पिटल में एक प्रसूता को जरूरत है जो महावीर इन्टरनेशनल आहोर के सक्रिय सदस्य पारसमल सुथार ने आहोर से जालोर जाकर राजकीय M.C.S. जनरल चिकित्सालय, बागरा रोड़, प्रसूता को जालोर में एडमिट प्रसूता हरिया देवी पत्नी मोटाराम देवासी बाटनवाड़ी को -नेगेटिव ब्लड(दुर्लभ ग्रुप) की सख्त जरूरत थी, जिनको रक्तदान कर प्रसूता की जान बचाई। इस नेक कार्य के लिए पारसमल सुथार का रिजनल सचिव विक्रम सिंह करणोत और आहोर इकाई अध्यक्ष हेमाराम प्रजापत व सदस्यों ने आभार जताया।

शताब्दी गौरव

## महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय महासचिव का मुंबई दौरा

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 253 रोगियों को किया लाभान्वित

महावीर इंटरनेशनल संगठन रक्तदान शिविर

## 30 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

एक ही परिवार की चार बेटियों ने किया रक्तदान

Website - Goldentimesnews.com — गोल्डन टाइम्स

## महावीर इन्टरनेशनल अन्तराष्ट्रीय अध्यक्ष का जोधपुर सेन्टर का दौरा

शाबाश इंडिया

सम्मान समारोह का आयोजन

## शान्ति, अमन और अहिंसा बनाये रखने में सबसे बड़ा योगदान एक सैनिक का: लेफ्टिनेंट जनरल देवेन्द्र प्रताप पांडे

मंदसौर-महावीर इंटरनेशनल मंदसौर द्वारा जिला चिकित्सालय में स्थित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में ट्रेक्शन और आईएफटी मशीन भेंट की गई।

महावीर इंटरनेशनल मंदसौर के तत्वावधान में आज जिला चिकित्सालय परिसर स्थित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में वरिष्ठ कार्य कारिणी सदस्य श्री ज्ञान चंद जी अभय कुमार जी पोखरना एवं श्री जंबू नाहटा द्वारा फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर लोकेंद्र चौधरी की उपस्थिति में ट्रेक्शन और आईएफटी मशीन भेंट की गई।

स्वागत उद्बोधन संस्था अध्यक्ष वीर श्री राकेश चौधरी ने प्रदान किया और संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया संस्था द्वारा अभी तक 20 से अधिक सेवा के प्रोजेक्ट किए जा चुके हैं संस्था सभी दानदाताओं और सदस्यों का अभिनंदन करती है।

झोनल चेयरमैन वीर राकेश जैन ने संस्था के सेवा प्रकल्प को देखते हुए सभी ग्रुप के सदस्य कार्यकारिणी सदस्यों को बधाइयां दी और साथ ही उन्होंने आज के प्रोजेक्ट के दानदाताओं का अभिनंदन किया।

फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर लोकेंद्र चौधरी ने विशेष आभार व्यक्त करते हुए मशीन की उपयोगिता की जानकारी बताई एवं यह भी बताया कि मशीन की आवश्यकता दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में काफी लंबे समय से थी, कोरोना मरीजों के उपचार के पश्चात फिजियोथेरेपी की आवश्यकता होती है यह मशीन बहुत से लोगों के काम आएगी। इस अवसर पर झोनल कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, पूर्व अध्यक्ष विजय राठौड़, पारस डोसी, अजय फरक्या, निर्वतमान अध्यक्ष लोकेश जैन, सह सचिव प्रतीक पोखरना, प्रकाश भण्डारी, खंडेलवाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अनिल बापना, सुनील मिन्नत, अरविंद कुदार, पुष्पचंद कुमावत, अरुण अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव वीर आयुष जैन ने किया आभार उपाध्यक्ष वीर घनश्याम सोमानी ने माना। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वीर ऋषभ फरक्या द्वारा दिया गया।

Post Views: 14

## महावीर इंटरनेशनल का रक्तदान शिविर आयोजित

नई टीम को दिलाई शपथ

## महावीर इंटरनेशनल के पदस्थापना समारोह में सेवा कार्यों का संकल्प

## सेवा करने से मिलता है सुकून

## महावीर इंटरनेशनल के पदाधिकारियों का स्वागत





स्वत्वाधिकारी **महावीर इंटरनेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट** के लिए प्रकाशक, मुद्रक सम्पादक महेन्द्र कुमार चौपड़ा द्वारा अशोका ऑफसेट, 5-6, लक्ष्मीनारायण मन्दिर कॉम्पलेक्स, गुरुनानकपुरा, राजा पार्क, जयपुर से मुद्रित एवं एस-10, महावीर इन्टरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर से प्रकाशित

**प्रेषक: एस-10, महावीर इंटरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर**